# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 14 अगस्त 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 89 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1971:** बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।

**1975:** पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर-रहमान का तख्तापलट किया।

**2003:** पूर्वी अमेरीका और कनाडा में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प, जिसका असर बड़े शहरों पर भी पड़ा।

**2006:** संयुक्त राष्ट्र की पहल पर इजरायल और दक्षिणी लेबनान में पांच सप्ताह से जारी संघर्ष थमा।

## एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट करेगी सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एससी/एसटी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की मांग पर सुनवाई करने का फैसला किया है। यह याचिका रामाशंकर प्रजापति ने दायर की है। उनका कहना है कि आरक्षण का फायदा ज्यादातर एससी/एसटी के अमीर और मजबूत वर्ग को मिल रहा है, जबकि गरीब लोग पीछे रह जाते हैं। याचिका में कहा गया है कि एससी/एसटी आरक्षण में दो स्तर हों, पहले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को, फिर बाकी को मौका मिले। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर को अगली सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता ने 2024 के देविंदर सिंह केस का हवाला दिया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा



था कि एससी/एसटी में भी 'क्रीमी लेयर' यानी अमीर वर्ग की पहचान करके उन्हें आरक्षण से बाहर किया जा सकता है। अदालत ने माना था कि ऐसा करने से ही असली समानता आएगी। केंद्र सरकार ने 9 अगस्त 2024 को घोषणा की थी कि अनुसूचित जाति और जनजातियों (एससी/एसटी) के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मीटिंग के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि एनडीए सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटते हुए कहा था- राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है। सात जजों की बेंच में शामिल जस्टिस बीआर गवई ने कहा था कि राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के बीच भी क्रीमी लेयर की पहचान करने और उन्हें आरक्षण का लाभ देने से इनकार करने के लिए एक नीति विकसित करनी चाहिए।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच सुबह मुठभेड़ हुई। डेरवा और पोसैता के बीच के इलाके में हुई इस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। सुरक्षाबलों ने मौके से एक एसएलआर राइफल बरामद की है। संभावना जताई जा रही है कि राइफल नक्सली का ही हो सकता है। आईजी अभियान डॉ. माइकल राज के अनुसार, मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम जब इलाके में पैदल सर्च अभियान चला रही थी, तभी नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। यह क्षेत्र नक्सली गतिविधियों के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ दिनों से जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चल रहा है। मारे गए नक्सली की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पिछले साल से चल रहे अभियान में भाकपा माओवादी संगठन कमजोर हुआ है। सुरक्षाबलों के अनुसार, क्षेत्र में अभी भी खतरा है। इसलिए तलाशी अभियान जारी रहेगा। एसडीपीओ शुभम प्रकाश घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। बरामद हथियारों को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। माना जा रहा है कि मारा गया नक्सली पुलिस की इनामी सूची में हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी पर दर्ज केस पर 27 अगस्त को सुनवाई

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से जुड़े मोदी सरनेम टिप्पणी मामले में 27 अगस्त को कोर्ट में सुनवाई होगी। बुधवार को मामले में एमपी/ एमएलए मामले की विशेष अदालत में सुनवाई की तारीख निर्धारित थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी।अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 27 अगस्त निर्धारित की है। शिकायतकर्ता को अदालत में सबूत प्रस्तुत करना है। आरोप तय होने के बाद शिकायतकर्ता को सबूत प्रस्तुत करने का निर्देश अदालत ने दे रखा है।

### पैसों के विवाद में चली गोली, युवक गंभीर

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के धनसार थाना क्षेत्र के रानी रोड, भुदा में मंगलवार रात पैसों के लेन-देन के विवाद में गोलीबारी की सनसनीखेज घटना हुई। रात करीब 9 बजे महावीर नगर के पास हुए इस विवाद में 21 वर्षीय कबाड़ी कारोबारी नीरज साव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल एसएनएमएमसीएच पहुंचाया जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया।

### रेलवे ट्रैक से महिला का शव बरामद

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड पर बुधवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। कोडरमा टाउन स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। मृतका की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह कोडरमा-गिरिडीह रेलखंड पर ट्रैक की जांच के लिए लाइन मैन निकले थे। इसी दौरान जलवाबाद स्थित रेलवे ब्रिज के नजदीक उन्हें ट्रैक पर एक महिला का शव पड़ा मिला। शव की हालत इतनी खराब थी कि तुरंत पहचान कर पाना मुश्किल था।

### फंदे से झूलता मिला नवविवाहिता का शव

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र के बरतर कालीमंडा रोड की रहने वाली एक विवाहिता का शव कोलकाता स्थित उसके ससुराल में फंदे से झूलता हुआ मिला। घटना के बाद मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज की खातिर हत्या करने का आरोप लगाया। मामला गंभीर होते ही मायके पक्ष ने कोलकाता पहुंचकर हंगामा किया और शव लेकर गिरिडीह लौट आए। इस दौरान मृतका के पति की भी पिटाई कर दी गई। मृतका की पहचान रानी कुमारी के रूप में की गयी है।

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रोसड़ा थाना क्षेत्र के दामोदरपुर टेलीफोन एक्सचेंज के पास बुधवार को दो बाइकों के बीच हुई सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन युवक जख्म हो गए। मृतक की पहचान विभूतिपुर थाना क्षेत्र के नरहन वार्ड-10 निवासी अद्यानंद राय के बेटे अतिश कुमार के रूप में की गई है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा 22 अगस्त को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला मुख्यालय स्थित हरिदास सेमिनरी में बुधवार को एनडीए के सभी घटक दलों की बैठक हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में दो सत्रों में चले इस मंथन में 22 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को ऐतिहासिक बनाने की रणनीति बनी। पहले सत्र में दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को केंद्र-राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और सभा की तैयारी को मिशन मोड में पूरा करने का संकल्प दिलाया। दूसरे सत्र में एनडीए के सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ बैठे। खास बात यह रही कि दोनों सत्र मीडिया से पूरी तरह दूर रखे गए। हालांकि बीच में दिलीप जायसवाल और जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने पत्रकारों से बात की। श्री जायसवाल ने कहा कि यह बैठक सिर्फ मोदी-नीतीश की ऐतिहासिक सभा की तैयारी के लिए है। सभी दल एकजुट होकर इसे सफल बनाएंगे। मतदाता शुद्धिकरण के विवाद पर उन्होंने विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग की निगरानी में चल रही है। त्रुटि सुधार के लिए 1 सितंबर तक समय है फिर भी शोर मचाना गलत है। सुप्रीम कोर्ट से ऊपर न हम हैं, न इंडिया गठबंधन के लोग। भाजपा नेता भीखू भाई दलसानीया का बिहार में मतदाता पहचान पत्र होने पर तेजस्वी यादव के सवाल पर उन्होंने कहा कि दलसानीया पिछले पांच साल से बिहार के संगठन महामंत्री हैं। उनका वोटर आईडी होना स्वाभाविक है।

## बोकारो में जुआ अड्डे पर हत्या का खुलासा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने माराफारी थाना क्षेत्र के बांसगोड़ा गांव में हुई मटु दास हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। 1-2 अगस्त की रात गोमिया जनरल स्टोर के पास जुआ अड्डे पर हुई इस वारदात में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि यह एक सुनियोजित अपराध था। गिरफ्तार आरोपियों में बिरबल कुमार सिंह उर्फ निखिल सिंह उर्फ कटप्पा, शेखर कुमार उर्फ शेखर प्रजापति उर्फ साहिल, प्रमोद कुमार धर, कृष कुमार और सूरजदेव सिंह शामिल हैं। गिरोह का मास्टरमाइंड बिरबल कुमार सिंह है। उसने गैंग के संचालन के लिए कई पहचान बना रखी थीं। पुलिस ने आरोपियों से हथियार, गोलियां और चोरी की संपत्ति बरामद की है। घटना में इस्तेमाल किए गए कपड़े भी मिले



हैं। सभी गिरफ्तार आरोपी पेशेवर अपराधी हैं। इनके खिलाफ पहले से डकैती, लूट और जबरन वसूली के मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक ये अपराधी अपने टारगेट को पहले से चुनते हैं। फिर योजना बनाकर वारदात को अंजाम देते हैं। यह घटना बताती है कि जुए के अवैध अड्डे संगठित अपराधियों के लिए आसान निशाना बनते हैं। एसपी ने बताया कि अन्य फरार अपराधियों की तलाश जारी है। शहर में सक्रिय दूसरे गिरोहों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की योजना बनाई जा रही है।

## पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में फैसला 27 को

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट 27 अगस्त को अपना फैसला सुनायेगा। 21 मार्च 2017 को धनबाद के सरायढेला में नीरज सिंह समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गयी थी। मृतकों में नीरज सिंह के अलावा उनके अंगरक्षक और 2 अन्य लोग शामिल थे। संजीव सिंह का नाम इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया था। नीरज सिंह की हत्या के पीछे कोयला कारोबार और झरिया की राजनीति में वर्चस्व की लड़ाई को बताया जाता है। धनबाद के डिप्टी मेयर नीरज सिंह और उनकी हत्या के आरोपी संजीव सिंह दोनों धनबाद के एक ही राजनीतिक परिवार से हैं। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। अपने चचेरे भाई नीरज सिंह मर्डर केस में संजीव सिंह 8 साल जेल की सजा भुगत चुके हैं।

## स्वतंत्रता दिवस को लेकर झारखंड में हाई अलर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आसामाजिक तत्व हो या नक्सली संगठन किसी भी प्रकार की कोई भी बाधा उत्पन्न ना कर कर सके। इसके लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों में हर तरह की सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। झारखंड में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी अंतिम चरण में है। 15 अगस्त को लोकतंत्र के महापर्व को मनाने के लिए लोग बेहद उत्साहित है। वहीं दूसरी तरफ पुलिस पूरी तरह से स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट है। खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष नजर रखी जा रही है। हथियार के बल पर सत्ता हथियाने का ख्वाब देखने वाले नक्सली अक्सर 15 अगस्त के मौके पर काला झंडा फहराने से लेकर बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर दहशत



फैलाने की साजिश करते हैं। इसे देखते हुए नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही। नक्सल प्रभावित जिलों के साथ-साथ सामान्य जिलों में भी पुलिस को लगातार गश्त करने की हिदायत दी गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में नक्सलियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है। नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों पर विशेष नजर रखने की हिदायत दी गई है। भाकपा माओवादी हर साल 15 अगस्त के मौके पर अपने प्रभाव वाले इलाके में काला झंडा फहराने की कोशिश करते हैं। वैसे तो पूरे झारखंड में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा लेकिन रांची और दुमका में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन विशेष होता है। राजधानी रांची में इस साल राज्यपाल झंडोत्तोलन करेंगे। इससे पूर्व 15 अगस्त के दिन रांची में मुख्यमंत्री झंडोत्तोलन किया करते थे। लेकिन सीएम हेमंत के पिता और दिशोम गुरू सह पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन की वजह से हेमंत सोरेन रीति रिवाज के अनुसार अपने बेटे होने का फर्ज निभा रहे हैं। यही वजह है कि इस साल रांची के ऐतिहासिक मोराबादी मैदान में राज्यपाल झंडोत्तोलन करेंगे। इस बीच राजधानी और उप राजधानी दोनों जगह सुरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। राजधानी रांची में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होना है। स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर 15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान 200 पुलिस बल के हवाले होगा।

## टाटा से गुजरने वाली कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** खड़गपुर रेल मंडल में एनआई वर्क को लेकर नवंबर में विभिन्न तिथियों पर 57 ट्रेनें रद्द रहेंगी। इस संबंध में दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। टाटानगर से चलने वाली भी एक दर्जन ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों में शालीमार-भुज एक्सप्रेस, गोरखपुर-शालीमार एक्सप्रेस, शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनें शामिल है। जानकारी के अनुसार 08 और 15 नवंबर को 22830 शालिमार-भुज सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 11 और 18 नवंबर को 22829 भुज-शालिमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 10 और 17 नवंबर को 15022 गोरखपुर-शालिमार साप्ताहिक एक्सप्रेस, 11 और 18 नवंबर को 15021 शालिमार-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 11 से 19 नवंबर तक 18029 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालिमार कुर्ला एक्सप्रेस, 13 से 21 नवंबर तक 18030 शालिमार-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस कुर्ला एक्सप्रेस, 12, 13 और 19 नवंबर को 12151 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालिमार समरसता एक्सप्रेस, 4, 15 और 21 नवंबर को 12152 शालिमार-मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनस समरसता एक्सप्रेस, 15 नवंबर को 20971 उदयपुर सिटी - शालिमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 16 नवंबर को 20972 शालिमार - उदयपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 11 और 18 नवंबर को 22853 शामिलमार-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस एवं 12 और 19 नवंबर को 22854 विशाखापट्टनम-शामिलमार एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेंगी।

## दिशोम गुरु के श्राद्धकर्म को लेकर ट्रैफिक में होगा बदलाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म के बुधवार को नौवें दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक विधान पूरा किया। इधर, नेमरा में 16 अगस्त को होने वाले श्राद्ध कार्यक्रम में लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक में भी बदलाव किया जाएगा। इसकी योजना तैयार की जा रही है, जल्द ही ट्रैफिक में बदलाव की घोषणा की जाएगी।कार्यक्रम को लेकर प्रतिनियुक्त एक वरीय अधिकारी ने बताया कि 16 अगस्त से 17 अगस्त की सुबह तक रांची-रामगढ़ रूट पर बड़े वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। रांची-रामगढ़ रोड में सिकिदरी घाटी से



गोला, बोकारो से रामगढ़ आने वाले वाहनों को पेटरवार और रामगढ़ की ओर से रांची आनेवाले बड़े वाहनों को रामगढ़ चौक के पास ही रोका जाएगा। छोटे वाहनों के परिचालन पर किसी तरह की रोक नहीं रहेगी। लेकिन वाहनों का दबाव अधिक होने की संभावना है। ऐसे में इस रूट पर जाम की स्थिति रहेगी। नेमरा में कार्यक्रम स्थल से करीब दो किलोमीटर पहले ही निजी वाहनों को रोका जाएगा। इसके लिए छह स्थानों पर पार्किंग बनाए जा रहे हैं। पार्किंग में उतरने के बाद आंगतुकों को ई-रिक्शा और इलेक्ट्रिक ऑटो से कार्यक्रम स्थल तक ले जाया जाएगा। हालांकि, वीआईपी वाहनों को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने की छूट मिलेगी। ई-रिक्शा व ऑटो को चार्ज करने के लिए 50 चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। गुरुजी के श्राद्ध कर्म को लेकर फिलहाल यहां पांच बड़े पंडाल बनकर तैयार हो गए हैं। अभी तीन से चार और पंडाल बनाए जाएंगे। सभी पंडाल के पास ही खाना बनाने की तैयारी है। यह पंडाल गांव और मोहल्ले के लोगों के लिए बनाया गया है। गुरुजी के घर के 100 मीटर के दायरे में एक हेलीपैड बनाया गया है। यहां अतिविशिष्ट लोगों के हेलीकॉप्टर उतरेंगे। इसके अलावा दो हेलीपेड बनाए गए हैं। वीआईपी एवं अतिविशिष्ट लोगों के बैठने और खाने के लिए पैतृक आवास के निकट ही बड़ा बनाया गया है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
GLOBAL VISION
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

**बिहार में वोटर बन रहे हैं गुजराती**

# बीजेपी नेता भीखूभाई पटना के वोटर बन गए : तेजस्वी यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार में एसआईआर पर घमासान जारी है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर भी आरोप लगाया कि वो चुनाव आयोग के जरिए वोटों की चोरी कर रही है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुछ कागजात दिखाते हुए दावा किया कि मुजफ्फरपुर की मेयर और उनके रिश्तेदार के दो-दो ईपिक नंबर हैं। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि बिहार भाजपा के संगठन मंत्री भीखूभाई दलसानिया पटना के वोटर बन गए हैं और वो गुजरात के रहने वाले हैं। संवाददाता सम्मेलन में तेजस्वी यादव ने कहा कि आज तक चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया है। पहले बीजेपी सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स को चुनाव जीतने के लिए लगाती थी। लेकिन जब यह सबकुछ बेकार हो गया तब इन्होंने चुनाव आयोग को लगाया है। साल 2020 में भी इन्होंने वोट की चोरी की थी। मात्र 12 हजार के वोटों के अंतर से 10 सीटें हम हार गए। इस तरह कई सीटें हम लोगों को हरा दी गईं। तेजस्वी यादव ने कहा कि पिछली बार हमने डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा से जुड़ी चीजें सामने लाई थीं। आज हम यह कहना चाहते हैं कि चुनाव आयोग केवल बीजेपी का सहयोग कर रही है। विपक्ष के वोटों को कम कर रही है और बीजेपी के लोगों का एक नहीं बल्कि दो-दो ईपिक नंबर एक ही विधानसभा में बनाया जा रहा है।

**मुजफ्फरपुर की मेयर के पास दो ईपिक आईडी- तेजस्वी यादव :** तेजस्वी यादव ने दावा किया कि मुजफ्फरपुर जिले में बीजेपी की मेयर निर्मला देवी हैं। तेजस्वी के मुताबिक, निर्मला देवी का एक ही विधानसभा में दो ईपिक आईडी है। यह दोनों ही अलग-अलग हैं। केवल निर्मला देवी ही नहीं बल्कि निर्मला देवी के दो देवर हैं और उनके दोनों देवरों के भी दो-दो ईपिक नंबर हैं। इसके बाद तेजस्वी यादव ने टीवी स्क्रीन पर तस्वीरें दिखाते हुए दावा किया कि 257 बूथ नंबर निर्वाचन क्षेत्र मुजफ्फरपुर और 153 बूथ संख्या पर निर्मला देवी का नाम है। निर्मला देवी के देवर दिलीप कुमार और मनोज कुमार के भी दो-दो ईपिक नंबर हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि एक बूथ पर निर्मला देवी की उम्र 48 साल है और 257 वाले बूथ नंबर पर इनका 45 साल उम्र है।

**बीजेपी नेता भीखूभाई पटना के वोटर बन गए :** इसके बाद तेजस्वी यादव ने बीजेपी के दिग्गज नेता भीखूभाई दलसानिया पर अपनी बात रखी। तेजस्वी यादव ने कहा, 'गुजरात के लोग बिहार के वोटर बन रहे हैं। भाजपा के प्रभारी भीखूभाई पटना के वोटर बन गए हैं। आखिरी वोट उन्होंने 2024 में गुजरात में दिया था। हालांकि, यह सही है कि उन्होंने गुजरात से अपना नाम कटवा लिया है और वो पटना के वोटर बन गए हैं। लेकिन पांच साल हुआ नहीं कि पटना के वोटर बन गए। यहां वोटिंग खत्म होगी तो कहीं और के वोटर बन जाएंगे।' तेजस्वी ने कहा कि एसआईआर के नाम पर बेईमानी की जा रही है। जिनका नाम कट गया उनको अपील करने का मौका कब मिलेगा। अभी तो 65 लाख नाम कटे हैं, लेकिन जो दस्तावेज नहीं दे पाएंगे ऐसे में इस संख्या में और वृद्धि हो सकती है। 17 अगस्त से हम 'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकल रहे हैं। गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिल बैठकर विमर्श करेंगे कि चुनाव बहिष्कार किया जाए या नहीं। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा के लोगों का नाम जोड़ा जा रहा है। ऐसा लग रहा है मानो सब कुछ पहले से ही तय है। चुनाव आयोग क्यों डर रहा है।




## सृजन घोटाला : पूर्व डीएम बीरेंद्र प्रसाद यादव पर जालसाजी और साजिश के आरोप गठित

### सीबीआई कोर्ट में ट्रायल शुरू

**पटना, एजेंसी।** सीबीआई की विशेष अदालत में मंगलवार को 36 करोड़ 99 लाख रुपए के सृजन घोटाले के एक मामले का ट्रायल शुरू हो गया। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार-2 ने घोटाला के आरोपी सह भागलपुर के तत्कालीन डीएम बीरेन्द्र प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप गठित किया। विशेष अदालत ने आरोपी अधिकारी पर जालसाजी, धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप गठित किया है। वर्तमान में बीरेन्द्र प्रसाद यादव कृषि विभाग में विशेष सचिव हैं। कोर्ट में उपस्थिति रहने के दौरान उनके ऊपर लगे आरोप को सुनाया गया। हालांकि, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोप से इनकार किया। इसके बाद विशेष अदालत ने इस मामले की अगली तारीख 26 अगस्त 2025 निर्धारित की है। साथ ही सीबीआई को अभियोजन गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। विशेष अदालत इस घोटाले के अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोप गठित कर चुकी थी। यह मामला वर्ष 2014 से लेकर 2017 के बीच भागलपुर में हुए घोटाले से जुड़ा है। भागलपुर जिले में मुख्यमंत्री विकास योजना के 36 करोड़ 99 लाख 33 हजार 548 रुपये की बंदबाट करने के लिए सृजन महिला विकास समिति के खाते में रकम स्थानांतरित की गई थी। इस संबंध में सीबीआई ने वर्ष 2017 में एफआईआर दर्ज की। सीबीआई इस मामले में अबतक तीन चार्जशीट दायर चुकी है। तीसरे चार्जशीट में डीएम बीरेन्द्र प्रसाद यादव को आरोपी बनाया गया है। जांच के दौरान दो सरकारी बैंक खातों से दो चेक के माध्यम से 12 करोड़ 20 लाख 15 हजार रुपये और 9 करोड़ 75 लाख 63 हजार रुपये और ड्राफ्ट के माध्यम से 5 करोड़ 50 लाख रुपये महिला सृजन विकास समिति के खाता में ट्रांसफर हुआ था। तीन वर्षों में कुल 36 करोड़ 99 लाख 33 हजार 548 रुपये की बंदरबाट की गई।

**घोटाले में समिति की अध्यक्ष भी हैं आरोपी :** इस घोटाले में विश्वनाथ दत्ता, नवीन कुमार राय, एनवी राजू, ज्ञानेन्द्र कुमार, बंशीधर झा, सृजन महिला विकास समिति की अध्यक्ष मनोरमा देवी की बहु रजनी प्रिया, सरिता झा, सुबा लक्ष्मी प्रसाद और भागलपुर के तत्कालीन डीएम बीरेन्द्र प्रसाद यादव आरोपी हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## 6.86 लाख को नोटिस, डेढ़ लाख से बॉन्ड भरवाए ; बिहार चुनाव से पहले पुलिस की सख्ती

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने असामाजिक तत्वों के विरुद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। चुनावी साल में बिहार पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के तहत सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका में अब तक 6.86 लाख लोगों को नोटिस भेजी है, जबकि करीब 1.50 लाख लोगों से बॉन्ड (बंध पत्र) भरवाया गया है। यही नहीं, सीसीए (क्राइम कंट्रोल एक्ट) के तहत जिलाधिकारियों को अब तक 1662 लोगों का संबंधित जिले में प्रवेश रोकने का प्रस्ताव मिला है, जिनमें 339 व्यक्तियों के विरुद्ध आदेश पारित कर दिया गया है। आठ मामलों में निरुद्धादेश पारित करते हुए नवादा के तीन, भागलपुर, शेखपुरा के दो-दो और बेगूसराय के एक अपराधी को जिलाबदर किया गया है। बिहार पुलिस के मुताबिक, सार्वजनिक अशांति फैलाने की आशंका वाले असामाजिक तत्वों व अपराधियों पर लगातार सख्ती बरती जा रही है। संज्ञेय अपराध के मामलों में इस साल अब तक करीब 55 हजार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 3905 हत्या , 725 डकैती, 1451 लूट, 2609 एससी-एसटी एक्ट एवं दुष्कर्म और अपहरण जैसे संगीन कांडों के अभियुक्त शामिल रहे। जनवरी से जून 2025 तक राज्य के विभिन्न न्यायालयों ने 46616 कांडों में कुल 64098 अभियुक्तों को सजा दी है। इनमें तीन को फांसी, 601 को आजीवन कारावास, 307 को 10 वर्ष से अधिक की सजा, 760 व्यक्तियों को 10 वर्ष से कम सजा और 1284 व्यक्तियों को दो वर्ष तक की सजा मिली है। फांसी की सजा पाने वाले दो अभियुक्तों में एक मधुबनी के जयनगर से संबंधित कांड जबकि दूसरा कटिहार के प्राणपुर थाना से संबंधित कांड का अभियुक्त रहा। बिहार पुलिस ने न्यायालयों से प्राप्त जुर्माने के 2,34,366 मामले, जमानतीय वारंट के 1,71,561 मामले, अजमानतीय वारंट के 1,89,932 मामले, स्थायी वारंट के 2605 मामले, इश्तेहार के 42,009 मामले और कुर्की के 22309 मामलों का निष्पादन किया गया है। एडीजी विधि व्यवस्था, बिहार, पंकज कुमार दराद ने कहा कि चुनावी साल में अपराधियों और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई जारी है। सार्वजनिक शांति भंग करने की आशंका वाले लोगों को अभियान चला कर नोटिस दी जा रही है। साथ ही बंध पत्र भी भराया जा रहा है। निषिद्ध व जिला बदर की कार्रवाई को लेकर भी निर्देश दिये गए हैं।

**आर्थिक लाभ भी नहीं, केंद्र सरकार का फरमान**

# बिहार सरकार अब नेशनल हाईवे का निर्माण और रखरखाव नहीं करेगी



**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार अब नेशनल हाईवे का निर्माण और रखरखाव नहीं कर सकेगी। खासकर वैसी सड़कें जो चार लेन या उससे अधिक चौड़ी होंगी, उसका निर्माण और रखरखाव अब केंद्रीय एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) करेगी। चार लेन से कम सड़कों में भी जो बिहार समेत दूसरे राज्यों में जाकर समाप्त होती है, उसका निर्माण और रखरखाव भी केंद्रीय एजेंसी ही करेगी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने इस बाबत आदेश जारी किया है। मंत्रालय का यह आदेश बिहार के साथ झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा पर भी लागू होगा।

केंद्र के इस आदेश के बाद बिहार में बनने वाले सभी एक्सप्रेस-वे (छह लेन) का निर्माण अब बिहार सरकार नहीं कर सकेगी। साथ ही 925 किलोमीटर निर्माणाधीन या मरम्मत कर रही सड़कों को राज्य सरकार अब एनएचएआई को सुपुर्द करने को बाध्य होगी। ऐसे में बिहार एनएच निर्माण में मिलने वाली राशि (लागत का अधिकतम नौ फीसदी) से वंचित हो जाएगा। अधिकारियों के अनुसार सड़क एवं परिवहन मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर की अध्यक्षता में हुई बैठक में एनएच के रखरखाव और निर्माण के मसले पर नीतिगत निर्णय लिये गए। एनएच सौंपने के पहले राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारी संयुक्त तौर पर सड़कों का निरीक्षण करेंगे। इसके 15 दिनों के भीतर संबंधित सड़कों को केंद्रीय एजेंसी को सौंप दी जाएगी। ऐसा नहीं होने पर राज्यों को दी जाने वाली राशि रोक दी जाएगी।

**राज्य को आर्थिक लाभ भी नहीं मिलेगा :** बिहार में अभी 6147 किमी एनएच है। इनमें 3189 किमी एनएच के रखरखाव का जिम्मा एनएचएआई के पास है, जबकि 2589 किमी एनएच के रखरखाव का जिम्मा राज्य के पास है। इस आदेश का असर इस वर्ष एनएच निर्माण के लिए बिहार को मिली राशि पर भी होगा। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने बिहार को ऐतिहासिक रूप से 33 हजार 464 करोड़ दिये हैं, लेकिन नए आदेश के बाद राज्य सरकार को इसका आर्थिक लाभ नहीं होगा। केंद्र सरकार के इस फरमान के बाद अब 925 किमी निर्माणाधीन और मरम्मत वाली सड़क अब एनएचएआई के हवाले होगी। इसमें एनएच 139 डब्ल्यू एम्स पटना से जेपी सेतु होते हुए बेतिया, एनएच 22 पटना-महात्मा गांधी सेतु-हाजीपुर, एनएच 33 अरवल से बिहारशरीफ, एनएच 227ए मेहरौना से मशरख रामजानकी मार्ग, एनएच 227 एफ चकिया-बैरगनिया, एनएच 227जे सहारघाट-रहिका, एनएच 227 एल उमगांव-कलुआही शामिल हैं। इसके अलावा एनएच 231 महेशखूंट-पूर्णिया, एनएच 527 सी चरौत-उंसार मंझौली, एनएच 31 मांझी से छपरा होते हुए कटिहार बाईपास, एनएच 527 ए नरौर से पसरना-परसौनी, एनएच 31 कोढ़ा से पश्चिम बंगाल सीमा तक, एनएच 22 झारखंड सीमा से डोभी, एनएच 80 मुंगेर से मिर्जाचौकी, एनएच 133 साहेबगंज से बिहार/झारखंड सीमा, एनएच 327 परसरना परसौनी से अररिया शामिल हैं।

## दंपत्ति से बदसलूकी मामले में थानाध्यक्ष समेत 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी में वाहन जांच के दौरान दंपत्ति से बदसलूकी के मामले में डीआईजी हरि किशोर राय ने कार्रवाई की है। छतौनी थाना के थानाध्यक्ष पीएसआई अमरजीत कुमार, अपर थानाध्यक्ष पीएसआई आरिफ हुसैन, पीएसआई इंद्रकांत कुमार और पीएसआई मोहिनी कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। घटना में शामिल होमगार्ड जवान सुरेंद्र साह का अनुबंध समाप्त करने की अनुशंसा जिला समादेष्टा होमगार्ड, मोतिहारी को भेजी गई है। दरअसल घटना छतौनी थाना क्षेत्र के बरियारपुर में हुई। जहां अनुराधा कुमारी अपने पति पिंटू कुमार के साथ बाइक से बनकर भीतहा लौट रही थीं।

## आंगनबाड़ी सेविका को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ाकर रॉड से पीटा

**जमुई, एजेंसी।** जमुई जिले में लछुआड़ थाना क्षेत्र के मिश्रडीह गांव में एक आंगनबाड़ी सेविका पर दबंगों ने हमला कर दिया। मंगलवार को मिश्रडीह केंद्र संख्या 24 की आंगनवाड़ी सेविका निमिषा कुमारी अपने केंद्र में मौजूद थी। इसी दौरान उनके पड़ोसी वंदना देवी, राजकुमार मंडल, नेहा कुमारी और रितेश कुमार समेत कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे। आरोपियों ने सेविका पर हमला कर दिया। उन्होंने लोहे की रॉड से भी मारपीट की। हमलावरों ने सेविका को नौकरी छोड़ने के लिए दबाव बनाया। जब उन्होंने मना किया तो सभी ने मिलकर उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इस हमले में सेविका गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल सेविका को इलाज के लिए सिकंदरा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता ने लछुआड़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 16 दिन में 25 जिलों को कवर करेंगे राहुल गांधी

### वोट अधिकार यात्रा का पूरा रूट शेड्यूल, रोहतास से शुरुआत



**पटना, एजेंसी।** 17 अगस्त से महागठबंधन की वोट अधिकार यात्रा शुरू होने वाली है। यह यात्रा रोहतास के सासाराम रेलवे स्टेडियम से शुरू होगी, जिसका समापन पटना के गांधी मैदान में 1 सितंबर को होगा। महागठबंधन की यह वोट अधिकार यात्रा बिहार के लगभग 25 जिलों से होकर गुजरेगी। हालांकि, महागठबंधन की ओर से इस यात्रा के शेड्यूल का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खुद इस यात्रा में मौजूद रहेंगे। उनके साथ पहले दिन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद रहेंगे। मोतिहारी में महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में संविधान सम्मेलन होगा और आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, पटना के गांधी मैदान में वोट अधिकार रैली होगी।

### तेजस्वी सहित इंडिया अलायंस के घटक दल होंगे शामिल

वहीं, तेजस्वी यादव सहित बिहार के सभी इंडिया अलायंस के घटक दल इस यात्रा में शामिल होंगे। इस यात्रा में तीन दिन ब्रेक होगा। हालांकि, महागठबंधन की ओर से इस यात्रा के शेड्यूल का औपचारिक ऐलान किया जाएगा। इस वोट अधिकार यात्रा का लोगो भी तैयार कर किया गया है। वहीं, कांग्रेस की ओर से 25 जिलों में वोट अधिकार यात्रा के लिए जिला कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है।

### बिहार में इंडिया गठबंधन के सभी 6 घटक दल रहेंगे मौजूद

बिहार में इंडिया गठबंधन के सभी 6 घटक दल, इस यात्रा में भाग लेंगे। अगर उन्हें बीच में कोई संगठनात्मक काम आ जाए, तो वह कर सकते हैं, मगर अन्य लोग यह यात्रा जारी रखेंगे। इस पूरी यात्रा के शेड्यूल को लेकर अलग से जानकारी दी जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से महागठबंधन की एसआईआर के नाम पर चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े को लेकर लोगों को जागरूक करने की प्लानिंग है। वहीं, 7 अगस्त को दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक थी जिसमें इस यात्रा को लेकर चर्चा हुई थी और तेजस्वी यादव ने भी सभी नेताओं को इस यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया था।

**कहा- लोगों से बदतमीजी से पेश न आए, तनाव में हैं तो उलझने के बजाय कैबिन में आराम करें**

# ट्रैफिक एसपी बोले-चालान काटते समय चालकों की परेशानी सुने पुलिस



**पटना, एजेंसी।** ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने पटना के ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों के साथ अपने दफ्तर में प्रशिक्षण के दौरान सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि चालान काटते समय किसी शख्स से अनावश्यक उलझने की जरूरत नहीं है। सौ दोषी बच जाए, लेकिन एक निर्दोष नहीं फंसना चाहिए। कोई व्यक्ति अपनी परेशानी चालान काटते समय बता रहा है, तो उसको भी सुनिए। कई बार देखा जाता है कि चेकपोस्ट पर तैनात पदाधिकारी किसी शख्स से बहस करने लगते हैं। गाली गलौज और मारपीट तक बात पहुंच जाती है। ऐसे में हम किसी का बचाव नहीं करेंगे, और किसी को करना भी नहीं चाहिए। अगर आपको बातचीत नहीं करनी है, तो मत कीजिए। ज्यादा तनाव में हैं, उस समय आपकी मेंटल स्थिति ठीक नहीं है तो अपने केबिन में जाकर कुछ देर बैठ जाइए। शांत होने के बाद ही बात कीजिए। अपने फ्रस्ट्रेशन को दूसरे आदमी पर निकालना ठीक नहीं है। इससे ट्रैफिक पुलिस और आपकी इमेज खराब होती है। अगर किसी ने मारपीट और गाली गलौज की शिकायत की तो कार्रवाई होगी।

**आदमी से इंटरेक्ट करने की जरूरत ही नहीं :** ट्रैफिक एसपी ने कहा कि चालान काटने के लिए गाड़ी के नंबर प्लेट की तस्वीर ही काफी है। इसी से चालान हो जाएगा। उसके बाद आदमी से इंटरेक्ट करने की जरूरत भी नहीं है। आप चुप्पी साध लीजिए। कोई एक बार बोलेगा, दो बार बोलेगा, आप जब रिएक्ट ही नहीं करेंगे तो वो खुद शांत हो जाएगा। उन्होंने बाईपास इलाके में हुई घटना का उदाहरण देते हुए कहा कि एक व्यक्ति जबरन नो पार्किंग में ट्रक की एंट्री करवाने के लिए दबाव बना रहा था। वहां तैनात पदाधिकारी को एसपी से शिकायत कर के झूठे आरोप लगाने की बात कह रहा था। पदाधिकारी ने अपना बॉडी वॉर्न कैमरा ऑन रखा था।

जिसमें सब रिकॉर्ड हो गया था। जब पदाधिकारी ने बॉडी वॉर्न कैमरा में रिकॉर्ड साक्ष्य दिखाया तो फिर उल्टे उस शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। इसलिए सब कोई अपना बॉडी वॉर्न कैमरा ड्यूटी के दौरान ऑन कर के रखें।

**दो भाई ने अरवल में तोड़ा दम, बहन की पीएमसीएच में मौत**

# फूड पॉइजनिंग से 3 बच्चों की मौत : परिजन बोले- दूध पीकर सोए थे

**बिहटा, पटना, एजेंसी।** पटना के पालीगंज में एक परिवार ने अपने 3 बच्चों को खो दिया। खिरीमोर थाना क्षेत्र के खीरी पर गांव में फूड पॉइजनिंग से तबीयत बिगड़ने के बाद तीन बच्चों की मौत हो गई। 3 बच्चे अपनी मां के साथ राखी पर ननिहाल आए थे।

सोमवार की रात खाने के बाद तीनों बच्चों को दूध पिलाया गया। दूध पीने के बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन उन्हें तुरंत पालीगंज के एक निजी अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टरों ने अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दो की अरवल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि एक की आज पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हुई है।



**बहन की आज इलाज में मौत हो गई :** मृतकों में विकास कुमार (5), मोहित कुमार (3) की मौत अरवल में हुई। जबकि बहन निधि कुमारी को इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) भेजा गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। बच्चों के नाना कमलेश ठाकुर ने बताया कि दूध स्थानीय निवासी रामबाबू महतो के घर से लाया गया था। प्रतिदिन वह दूध उनसे लिया करते थे, कोई विवाद भी नहीं है।

**फूड सेफ्टी विभाग करेगा घटना की जांच :** फिलहाल घटना की जांच के लिए फूड सेफ्टी विभाग की टीम को बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि अरवल के मसदपुर गांव निवासी गनौरी ठाकुर के बेटे मोहन ठाकुर की शादी पालीगंज की मीरा देवी से हुई थी।

### अरवल में मामला दर्ज

बच्चे के पिता सूरत में काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद उनको भी सदमा लगा है। मामला अरवल में दर्ज किया गया है।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 13-08-2025 22:13 Page 1



# बादाम कोयला खनन परियोजना में अधिकारियों के साथ मारपीट

**▶ मुआवजा भुगतान को ले आयोजित किया गया था शिविर ▶ लोगों ने दो दर्जन गाड़ियों को किया क्षतिग्रस्त ▶ अधिकारी कर्मी सहित डेढ दर्जन लोग जख्मी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव।** जिले के बड़कागांव अंचल अंतर्गत बादाम कोयला खनन परियोजना एनटीपीसी लिमिटेड अंतर्गत मुआवजा भुगतान को लेकर आयोजित शिविर के दौरान ग्रामीण व प्रशासन के बीच जमकर मारपीट हो गई।

इसमें पुलिस प्रशासन तथा कंपनी के अधिकारी समेत डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए हैं। गंभीर रूप से घायल अधिकारियों को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया है।

हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय शाखा भू अर्जन पत्रांक 1834 दिनांक 7 8.2025 के अनुसार बड़कागांव अंचल के महुंगाई कला के अंबाजीत में भूमि अर्जित की जा रही है जिसे लेकर मुआवजा शिविर का आयोजन बड़कागांव अंचल कार्यालय में 12 अगस्त को निर्धारित थी।

इसे लेकर बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के हजारों ग्रामीण बुधवार को अंचल कार्यालय पहुंचे। अधिक भीड़ को देखकर प्रशासन द्वारा तत्काल स्थल बदलते हुए महुंगाई कला पंचायत भवन में शिविर का आयोजन कर दिया गया।

इसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और अंचल कार्यालय से सभी महुंगाई कला पंचायत भवन पहुंच गए। यहां ग्रामीणों ने कंपनी तथा पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर पहले बालू छिड़क कर हमला कर दिया।

इसके बाद भीड़ से पथराव शुरू हो गया जिसमें एनटीपीसी एचओपी जीएम अरुण सक्सेना, डीएम सुरजीत, मंजूनाथ, भूमि अधिग्रहण पदाधिकारी विशाल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, अमीन जाकिर हुसैन समेत दर्जन भर पुलिस प्रशासन पदाधिकारी एवं दर्जनों ग्रामीण घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन बड़कागांव थाना पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया।

ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में दो दर्जन के लगभग प्रशासनिक व कंपनी के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं ग्रामीणो में कन्नू महतो, कुवर महतो, रामसेवक महतो समेत दर्जनों लोगों को गंभीर चोट आई है।

जानकारी के मुताबिक महुगांई कला पंचायत भवन पहुंचते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया और अंचलाधिकारी मनोज कुमार को घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। उन्हें बचाने गए एसडीपीओ पवन कुमार को भी महिलाओं ने घेर लिया जो किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि आयोजित शिविर बड़कागांव अंचल कार्यालय परिसर में था जिसे तत्काल बदल दिया गया जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए।

साथ ही महुगांई कला पंचायत भवन में आयोजित शिविर में पहुंचने पर ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज शुरू कर दिया गया । इससे भड़के ग्रामीणों ने पथराव शुरू कर दिया।

क्षतिग्रस्त वाहनों में मुख्य रूप से डीएलएओ, एसडीपीओ बड़कागांव, सीओ बड़कागांव, थाना प्रभारी बड़कागांव, समेत दो दर्जन गाड़ी शामिल है।

# स्वतंत्रता दिवस को ले स्लीपर्स सेल पुलिस के रडार पर

## 285 संदिग्धों की सूची जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर झारखंड में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। झारखंड पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित करते हुए सभी जिलों को सतर्क कर दिया है। सभी स्लीपर्स सेल रडार पर है। एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने 285 संदिग्ध व्यक्तियों की सूची तैयार कर 14 जिलों के पुलिस अधीक्षकों को सौंप दी है।

एटीएस की रिपोर्ट के अनुसार, कई संदिग्ध सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और डार्क वेब के माध्यम से आतंकी संगठनों से संपर्क में हैं। इनमें इंडियन मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा, स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया , पीपल्स फ्रंट ऑफ इंडिया और जमात-उल-हयुद्दीन जैसे संगठन सक्रिय पाए गए हैं। एटीएस एसपी ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व पर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा बलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, आईजी ऑपरेशन माइकल राज ने कहा कि राज्य के 14 जिलों में आतंकी नेटवर्क के तार जुड़े होने की पुष्टि हुई है और उन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

गौरतलब है कि इस बार राजधानी रांची के ऐतिहासिक मैदान मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ध्वजारोहण करेंगे। इसके साथ ही अलग अलग विभागों के द्वारा राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी। मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम स्थल का रांची के डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एसपी ने सुरक्षा का जायजा लिया है।साथ ही महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया है।

# तिरंगा अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का है प्रतीक : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, काफी संख्या में शामिल हुए लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भाजपा के विश्रामपुर नगर मंडल द्वारा बुधवार को घर -घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाला गया। तिरंगा यात्रा की शुरूआत ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से पूजा अर्चना के बाद हुआ। इसके बाद यात्रा ने नगर भ्रमण किया। यात्रा का नेतृत्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने घर - घर तिरंगा अभियान के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कहा कि यह अभियान राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। इसका मूल उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय भावन को और तेज गति से जागृत करना है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि राष्ट्र व सनातन संस्कृति की रक्षा करना ही हमारा मूल मंत्र है। तिरंगा यात्रा में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव,वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला,शिव वंश मिश्रा,पूर्व



प्रमुख संतोष चौबे,भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम,गोपाल सोनी, ज्वाला गुप्ता,किरण शर्मा,रजनीश चंद्रवंशी,भूषण चंद्रवंशी,सुमंत चंद्रवंशी, संजय ठाकुर,संजय साह, संतोष राम,दामोदर यादव,सुनील कुमार चौधरी,विजय कुमार रवि, मनीष कुमार,देवनाथ यादव,बबन पाठक, असलम बहादुर सहित कई भाजपा नेता - कार्यकर्ता व काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

इधर भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा की शुरूआत तोलरा ग्राम पंचायत से हुआ। ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के बाद तिरंगा यात्रा का समापन पार्टी के बीमोड़ स्थित कार्यालय पर हुआ। ग्रामीण मंडल के तिरंगा अभियान के इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी शामिल हुए। मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी,उपेन्द्र तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# हाइवा ओनर एसोसिएशन ने पूर्व मंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**केरेडारी (हजारीबाग)** ।केरेडारी हाइवा ओनर एसोसिएशन के सैकड़ों सदस्यों ने मुख्य चौक पर जमा होकर पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के खिलाफ जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने योगेंद्र साव हाय-हाय और दादागिरी नहीं चलेगी जैसे नारे लगाए और अविलंब गिरफ्तारी की मांग की।

आरोप है कि सोमवार रात योगेंद्र साव तीन-चार बाउंसरों, समर्थकों और कुछ नकाबपोश लोगों के साथ चट्टीबारियातू कोल माइंस क्षेत्र में पहुंचे और हाइवा चालकों की पिटाई कर दी।

उन्होंने एमडीओ कंपनी ऋत्विक के कोयला उत्खनन और प्रेषण कार्य को बंद करा दिया। इससे कंपनी को करीब 25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

विदित हो कि एक अगस्त को एनटीपीसी की एमडीओ कंपनी ऋत्विक ने जोरदाग स्थित योगेंद्र साव की ईंट-चिमनी फायर क्ले फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया था।

इसके बाद श्री साव ने कंपनी के अधिकारियों से मारपीट की और बंधक बनाने के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। वर्तमान में वे पूर्व विधायक निर्मला देवी और अम्बा प्रसाद समेत समर्थकों के साथ धरने पर बैठे हैं।

उधर, केरेडारी सीओ रामरतन कुमार वर्णवाल की सुरक्षा बढ़ाकर उन्हें चार गार्ड दिया गया है। कंपनी का खनन कार्य फिलहाल पूरी तरह बंद है, जिससे हाइवा चालकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

योगेंद्र साव बड़कागांव से कांग्रेस विधायक रहे हैं। वे झारखंड सरकार में मंत्री भी रहे हैं। अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। एक मामला में उन्हें राज्य बदर कर दिया गया था। बाद में उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव से विधायक बनीं। पत्नी के बाद उनकी पुत्री अंबा प्रसाद भी बड़कागांव से कांग्रेस की विधायक रही हैं।

# पांच सितारा होटल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हड़कंप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के प्रतिष्ठित होटल रेडिसन ब्लू में अवैध जुआ खेलने की गुप्त सूचना पर पुलिस ने मंगलवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सिटी डीएसपी राजीव रंजन के नेतृत्व में शहर के चार थानों चुटिया, सुखदेव नगर, लालपुर और कोतवाली की पुलिस टीमों ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह अवैध गतिविधि होटल के एक निजी सुइट में लंबे समय से चल रही थी। पुलिस को कई दिनों से इसकी भनक मिल रही थी, जिसके बाद गहन निगरानी और सटीक जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से न केवल भारी मात्रा में नकदी, बल्कि ताश की कई गड्डियां, जुए में इस्तेमाल होने वाले चिप्स और अन्य सामान भी बरामद किए। कार्रवाई इतनी तेज और गोपनीय थी कि जुआरियों को भागने का मौका तक नहीं मिला। कमरा नंबर 14-15 में छापमारी हुई है।

पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों का कहना है कि होटल के कर्मचारी और अन्य मेहमान भी इस घटनाक्रम से हैरान रह गए। स्थानीय लोगों में यह चर्चा का विषय बन गया कि शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में इस तरह की अवैध गतिविधि कैसे संचालित हो रही थी।

हिरासत में लिए गए जुआरियों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस जुआ रैकेट में शहर के कुछ प्रभावशाली लोग भी शामिल हो सकते हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या होटल प्रबंधन को इस गतिविधि की जानकारी थी या इसमें उनकी कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संलिप्तता थी।

सिटी डीएसपी ने बताया कि बरामद नकदी और सामान की सटीक मात्रा का आकलन किया जा रहा है, और आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंदन कुमार सिन्हा ने कहा, हम अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच को और तेज किया गया है। यदि आवश्यक हुआ, तो और गिरफ्तारियां भी की जाएंगी।

पुलिस ने यह भी संकेत दिया कि इस तरह की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए शहर के अन्य होटलों और संदिग्ध स्थानों पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। होटल प्रबंधन की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# नशे में धुत्त दो जूनियर वकीलों ने किया हंगामा

**▶ पुलिस ने तुरंत की कार्रवाई**
**▶ पीआर बांड पर छोड़ा गया**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) में देर रात नशे में धुत दो जूनियर वकीलों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस और होमगार्ड द्वारा रोके जाने पर उन्होंने अभद्र व्यवहार किया, जबकि एक छात्र संगठन की महिला नेता उन्हें बचाने आई और पुलिस से उलझ गई।

घटना मंगलवार रात करीब 11 बजे की है, जब दो जूनियर वकील सुधांशु कुमार विरंची और अभिषेक रंजन अस्पताल परिसर में शराब पीते देखे गए। अस्पताल चौकी की पुलिस और होमगार्ड ने जब उन्हें चेतावनी दी कि अस्पताल परिसर में शराब पीना सख्त मना है, तो दोनों ने विरोध किया और गाली-गलौज शुरू कर दी।

इसी बीच, छात्र नेता दिव्या भगत मौके पर पहुँच गईं और अपने वकील दोस्तों को छुड़ाने के लिए पुरुष पुलिसकर्मी से हाथापाई करने लगीं।

इस बीच, नशे में धुत वकीलों ने एक गंभीर मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस को भी रोक दिया, जिससे मरीज को अस्पताल ले जाने में कुछ देर हो गई। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटनास्थल पर तनावपूर्ण माहौल बन गया, जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने तत्काल टीओपी-1 प्रभारी इंद्रदेव पासवान को मौके पर भेजा। पासवान ने दोनों वकीलों और महिला नेत्री को हिरासत में लेकर नगर थाने ले आए। पूछताछ के बाद तीनों को पीआर बांड पर छोड़ दिया गया।

# ज्यांशु मंडल ने इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में दर्ज कराया अपना नाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। यह कहावत पाकुड़ के नन्हें ज्यांशु मंडल पर एकदम सटीक बैठती है। महज दो साल चार माह की उम्र में विलक्षण प्रतिभा के धनी ज्यांशु ने इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स में अपना नाम दर्ज कराया है।

इसी वर्ष दो जुलाई को ज्यांशु का नाम इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स में नामांकित किया गया। सात दिनों के बाद उसे अपने हुनर का प्रदर्शन करने का अवसर मिला। उसने सभी सवालों का जवाब अंग्रेजी में दिया और जानवर, मछली, सब्जी, फल, पक्षी के नाम बताकर सभी को चौंका दिया। इतना ही नहीं, उसने चार-चार कविताएं अंग्रेजी, हिंदी और बांग्ला में सुनाई। 31 जुलाई को उसे इंडिया बुक ऑफ रिकाड्र्स की ओर से सम्मानित किया गया।

ज्यांशु मंडलशहर के कालिकापुर का निवासी है। ज्यांशु के पिता गोपाल मंडल एक होटल में मैनेजर हैं, जबकि माता सुस्मिता पेंटिंग इंस्टीच्यूट चलाती हैं। अपने मां-बाप के इकलौते बेटे ज्यांशु ने छोटे कदमों से बड़ा इतिहास रच दिया है। उसने यह साबित कर दिया है कि उम्र से नहीं, हौसले से मंजिलें तय होती हैं।

डेढ़ वर्ष की उम्र से ही माता-पिता ने मिलकर उसके




हुनर को निखारना शुरू कर दिया। ज्यांशु को अंग्रेजी, हिंदी और बांग्ला भाषा में प्राथमिक शिक्षा, व्यवहारिक जीवन, कौशल विकास, चित्रकला और नैतिक शिक्षा में पारंगत बनाया गया। उम्र के साथ-साथ ज्यांशु की प्रतिभा और भी निखरने लगी। दो वर्ष का होते ही उसकी अलग प्रतिभा सामने आने लगी। अपने कौशल से उसने सबको बता दिया कि वह इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स में अपना हुनर दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

ज्यांशु के पिता गोपाल मंडल ने बताया कि उनके बेटे में एक वर्ष की उम्र से ही प्रतिभा झलकने लगी थी। माता सुस्मिता का कहना है कि जीत और हार आपकी सोच पर निर्भर करती है। अगर ठान लो तो जीत संभव है। अभी मां उसे चित्रकला का भी प्रशिक्षण दे रही हैं। उनका कहना है कि ज्यांशु में सीखने की ललक है और वह ध्यानपूर्वक चित्रकला सीख रहा है।

# अवैध संबंध के संदेह में पत्नी की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में अवैध संबंध के शक में पत्नी की हत्या का मामला सामने आया है। झगड़े के बाद पति ने अपनी पत्नी का सिर दीवार में मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मृतका के पति और उसकी सास को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, घटना मंगलवार तड़के जोइगीसोल गांव में हुई। मृतका की पहचान जानकी कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पति अब्दुल कासिम और पत्नी जानकी कुमारी में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। झगड़े के दौरान पति कासिम ने पत्नी का सिर घर की दीवार पर दे मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, जानकी के पिता संत गिरी के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मृतका के पति अब्दुल कासिम (23) और सास गुलनार बेगम (52) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, जानकी की मौत के बाद अब्दुल मौके से भागने की कोशिश कर रहा था। चीख-पुकार सुनकर मौके पर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों ने उसे पकड़ लिया और पेड़ से बांधने के बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि सूचना के बाद एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अब्दुल और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद पता चला कि अब्दुल को शक था कि उसकी पत्नी किसी और व्यक्ति के साथ संबंध बना रही है, जिसके चलते दोनों के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के अनुसार, मृतका के पिता संत गिरी ने दावा किया है कि उनकी बेटी नाबालिग है। कथित तौर पर वह अब्दुल से प्यार करती थी।


**विज्ञापन अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: कमर्शियल.-1/पीयूबी./08/25** **दिनांक: 12.08.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, आद्रा-723221, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: ● **श्रेणी:** विज्ञापन; **नीलामी कैटलॉग संख्या:** एडीवीटी73; **लॉट संख्या/श्रेणी:** एडीवीटी - आद्रा-वीएसयू-ओएच-17-25-2 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); एडीवीटी - आद्रा-पीआरआर-ओएच-16-25-3 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम); एडीवीटी - आद्रा-सीजेएन-ओएसएन-131-25-2 (विज्ञापन - ऑन स्टेशन प्रीमाइस (गैर-डिजिटल)) **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 28.08.25 को 12.00 बजे; **नीलामी बंद होने की तिथि/समय:** 28.08.25 को 12.50 बजे। **नोट: संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर ई-नीलामी मॉड्यूल पर जाएं। पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, यदि कोई हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।**

(PR-519) **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा


# पीएलएफआइ का उग्रवादी गिरफ्तार, लेवी में मांगे थे पांच लाख रुपये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की कुडू थाना पुलिस ने रांची जिले के मैक्लुस्कीगंज थाना अंतर्गत दुल्ली गांव निवासी निरंजन यादव के उग्रवादी पुत्र महेंद्र यादव को लोहरदगा जिले के कैरो थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में लोहरदगा जेल भेजा दिया।

पुलिस ने यह गिरफ्तारी 25 जुलाई 2025 को कुडू थाना में दर्ज कांड संख्या 83/25 में की है। इसमें मनीष कुमार से पीएलएफआइ के नाम पर लेवी के रूप में पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

लेवी की रकम नहीं देने पर वाहनों को आग के हवाले करने और जान-माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पहले ही कुडू थाना पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीएलएफआइ के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार कर 26 जुलाई 2025 को




जेल भेजा चुकी है।

कुडू थाना पुलिस की गिरफ्त में आए तीसरे उग्रवादी महेंद्र यादव का रांची और चतरा जिले में उग्रवादी कांडों में संलिप्तता बताई जा रही है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

इसकी जानकारी कुडू के थाना प्रभारी मनोज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि उग्रवादी की गिरफ्तारी में उनके अलावा कैरो थाना प्रभारी कुंदन कुमार रवानी, कुडू के पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार राणा, सअनि संजय सिंह के साथ कुडू एवं कैरो थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उग्रवादी संगठनों एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार आरोपियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

# कुंडियासाई टोला में फैला डायरिया, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खरसावां।** खरसावां के रिडींग के कुंडियासाई टोला में डायरिया फैल गया है। डायरिया के कारण एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि नौ लोग डायरिया से पीडित हैं। डायरिया से पीड़ित लाल सिंह सिजुई के दस वर्षीय पुत्र अमर सिंह सिजुई की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को अमर सिंह सिजुई को लगातार उल्टी-दस्त होने के बाद कुचाई के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, यहां प्राथमिक ईलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर करने के दौरान अमर सिंह सिजुई ने दम तोड़ दिया।

रिडींग के कुंडियासाई टोला गांव में डायरिया से करीब एक दर्जन से अधिक लोग पीड़ित है। इनमें से मुनी बांकिरा (24), मुंगु सिजुई (55), महाकाल नारायण सिजुई (16), सुरती हेंब्रम (14) व मांदरी सिजुई (46) को सरायकेला के सदर अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है।

# डीआईजी ने किया आशी केयर हॉस्पिटल में रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। रक्तदान महादान है। सभी स्वस्थ व्यक्ति को साल में एक बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। गर्भवती महिला को रक्त देने से जच्चा व बच्चा दोनों को बचाया जा सकता है। इससे कम से कम दो जिन्दगी बचा सकते हैं।

उक्त बातें पलामू के डीआईजी नौशाद आलम ने कितनी नौशाद आलम ने कही। वे सोमवार को पांकी रोड रेड़मा स्थित आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित रक्तदान शिविर का दीप प्रचलित कर उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर को देखकर बहुत ही सुखद अनुभूति होती है। इस भाग दौड़.की जिंदगी में हम कुछ समय निकाल कर रक्तदान कर-के दूसरे के जीवन को बचा सकते हैं। उन्होंने अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी की रक्तदान सिविल लगाने के लिए प्रशंसा की। कहा कि यह बहुत ही नेक कार्य है। पुलिस प्रसाशन हमेशा जनता व अस्पताल प्रबंधन के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहेगा।

उन्होंने ने पूरे अस्पताल प्रबंधन को दिल से धन्यवाद दिया। साथ ही रक्तदान शिविर समय- समय पर लगाने का आग्रह किया। मौके पर उन्होंने प्रथम रक्तदाता के रूप में रक्तदान कर शिविर का उद्घाटन किया।

आशी केयर हॉस्पिटल के निदेशक मनीष तिवारी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला रक्तदान शिविर इस बार दो दिन पहले ही आशी केयर हॉस्पिटल में आयोजित किया गया है। कहा कि रक्तदान महादान तो है ही। साथ ही जीवन दान भी है। क्योंकि समय पर रक्त न मिलने से पूरे परिवार पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जब रक्त के बिना कोई मरीज अपना जीवन खो देता है। कहा कि साल में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, आसनसोल स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नानुसार संविदा सौंपने के लिए आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के जरिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है: **सूचीपत्र सं.** : एडीवीटी-एएसएन-वीवॉल, **नीलामी शुरू होने की तारीख एवं समय:** 28.08.2025 को 12.00 बजे। **सिक्वेंस सं.:** एए/1, **लॉट सं.**: एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएच-176-25-1 (विज्ञापन - आउट ऑफ होम)। **विवरण:** आसनसोल स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट सर्कुलेटिंग एरिया में 50:50 समय साझेदारी के आधार पर रेलवे द्वारा स्थापित 01 (एक) अदद वीडियो वॉल के माध्यम से रेलवे सूचना एवं विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अधिकारों की सुपुर्दगी। **सिक्वेंस सं.: एबी/1, लॉट सं.**: एडीवीटी-एएसएन-एएसएन-ओएसडी-179-25-1 [विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)]। **विवरण:** आसनसोल स्टेशन में पीएफ-2 के मुख्य प्रवेश द्वार के ऊपर पूछताछ केंद्र के निकट तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए 50:50 समय/जगह साझेदारी के आधार पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के अवसर के साथ रेलवे संबंधी जानकारी के प्रदर्शन के लिए 1 अदद वीडियो वॉल की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव की संविदा। सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को अनुसूची के अनुसार ऊपर उल्लेखित ई-नीलामी के सम्पूर्ण विवरण तथा उसमें भागीदारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

(ASN-154/2025-26) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आसनसोल

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


C M Y K

# बाढ़ से एक हजार पावरलूम डूबे

**▸ 20 करोड़ के रेडीमेट कपड़े बर्बाद**
**▸ रेशम नगरी के बुनकर कर्ज में डूबे**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** रेशम नगरी के बुनकर बहुल इलाकों में जहां कपड़ा उत्पादन होता है, बाढ़ का पानी फैलने से 1000 से अधिक पावरलूम ठप हो गए हैं। कपड़ा, उन पर लगे धागे और घरों में रखे रेडीमेड कपड़े नष्ट होने से बुनकर समुदाय को 20 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।
बुनकरों के पावरलूम तीन से चार फीट पानी में पूरी तरह डूब गए हैं। गंगा से सटी चंपा नदी के उफान पर होने से चंपानगर मस्जिद लेन और मदनीनगर बुनकर बहुल इलाकों में एक सप्ताह से चार फीट बाढ़ के पानी का बहाव है। लोग अन्यत्र शरण लेने को मजबूर हैं।
बुनकरों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। चंपानगर के बुनकर बहुल इलाके में आई बाढ़ ने उनके जीवन में समस्याओं का पहाड़ खड़ा कर दिया है। बुनकरों ने बताया कि अचानक मोहल्ले में बाढ़ का पानी घुस आने से वे पावरलूम पर कपड़ा और धागे से लदे बीम नहीं हटा पाए।
पावरलूम पानी में डूब जाने से कपड़े बर्बाद हो गए हैं। कारखाने के बाहर सड़क पर कमर तक पानी में उनसे कपड़े निकालना मुश्किल हो गया है। ऐसे में बुनकरों को काफी नुकसान हुआ है।
जिला उद्योग केंद्र अब तक उनकी मदद के लिए आगे नहीं आया है। बाढ़ के कारण एक हजार से ज्यादा पावरलूमों पर काम करने वाले 1240 पावरलूम कारीगरों की रोजी-रोटी छिन गई है। कई बुनकर रिश्तेदारों और दोस्तों के घरों या ऊँचे स्थानों पर स्थित सहायता केंद्रों में रहने को मजबूर हो गए हैं।
बुनकरों ने बताया कि पिछले चार महीनों से माँग कम होने के कारण वे मंदी की मार झेल रहे थे। दुर्गा पूजा और दिवाली के लिए कुछ ऑर्डर मिले थे। इसलिए वे समय पर ऑर्डर पूरे करने के लिए कपड़े तैयार करने में जुटे थे, लेकिन बाढ़ के कारण कपड़े खराब हो गए।
उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मुआवजा राशि नहीं मिली तो वे बहुत मुश्किल में पड़ जाएँगे। बुनकरों ने बताया कि उन्हें सूती और रेशमी मिश्रित धागे से बनी साड़ियों के सबसे ज्यादा ऑर्डर मिले हैं। दुपट्टों के भी अच्छे ऑर्डर मिले हैं। साहूकारों ने कपड़े तैयार करने के लिए सूती धागे उपलब्ध कराए थे। वे 30 से 40 रुपये प्रति मीटर की मजदूरी पर कपड़े तैयार कर रहे हैं। उनके अनुसार, एक पावरलूम पर 24 घंटे में 12 साड़ियाँ तैयार हो जाती हैं।
बुनकर शाहिद हुसैन और इम्तियाज ने बताया कि 20 से 25 हजार रुपये के धागे से भरी एक बीम पावरलूम पर चढ़ाई गई थी, लेकिन बाढ़ में तैयार कपड़े और धागे दोनों ही बर्बाद हो गए। अब बुनकरों को किश्तों में नुकसान की भरपाई करनी होगी। बुनकर अब साहूकारों के कर्ज. के बोझ तले दबे हैं।

# जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## लोगों का जीना मुहाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** शहर एक बार फिर पानी-पानी हो गया। निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति हो गई। जहां पानी जमा नहीं हुआ वहां सड़क कीचड़ से सन गई। इस कारण सुबह से शाम तक लोगों के लिए पैदल चलना भी काफी मुश्किल हो गया। स्कूल, कार्यालय जानेवालों को काफी परेशानी हुई। बाजार में भी ग्राहकों की आवाजाही कम रही। ठेले-खोमचे वालों की दुकानदारी भी प्रभावित हुई।
नगर निगम और बुडको ने जलभराव वाले इलाकों से तेजी से पानी निकाला, लेकिन रुक-रुककर होती रही वर्षा के कारण उन्हें भी काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।कुछ दिन पहले जलजमाव से मुक्त हुए इलाके एक बार फिर जलभराव की गंभीर चपेट में आ गए। कंकड़बाग, पाटलिपुत्र कालोनी, एजी कालोनी, सीडीए कालोनी समेत अन्य जगहों पर जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।
लोयोला स्कूल के सामने सड़क के दोनों ओर काफी दूरी में पानी जमा है। सहयोग अस्पताल के सामने की सड़क डूबी हुई है। इसी तरह दीघा में पेट्रोल पंप के पास काफी दूरी में एक फीट तक पानी जमा हो गया। वहां खड़े ट्रैक्टर के पहिये पानी में डूबे रहे। कंकड़बाग रोड नंबर 14 बी, खेतान मार्केट, फ्रेंड्स कालोनी आदि इलाके की सड़कें भी जलमग्न हो गई। इंद्रपुरी मोहल्ले में दो और चार नंबर रोड की खोदाई कर दिए जाने के कारण सड़क की हालत कीचड़मय हो गई।
कीचड़ के कारण फिसलन से लोग काफी परेशान रहे। कुछ फिसलकर गिर भी गए। कुछ जगहों पर नालों का सतह ऊंचा रहने के कारण जलनिकासी में बाधा हुई। दीघा के निरालानगर में दो सड़कों पर फिर से जलभराव हो गया है।
स्थानीय सेवानिवृत्त अधिकारी विजय शंकर झीवास्तव, वरीय नागरिक विजय प्रताप सिंह, सूर्य देव शर्मा, रत्नेश सिंह, कमलेश कुमार सिन्हा, ई सुरेंद्र प्रसाद, अनिल सिंह आदि ने बताया कि कुछ दिनों से हमें नारकीय हालत झेलनी पड़ रही है। रिटायर्ड बैंक अधिकारी के घर में पानी भरने से नित्यकर्म भी मुश्किल हो गया है। दरअसल शौचालय की टंकी नीची होती है। इस वजह से सड़क के पानी में शौचालय की गंदगी भी मिल गई है।
नतीजा है कि दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। बच्चे बीमार हो रहे हैं। इसकी सूचना जनप्रतिनिधि को दी गई है। उनका कहना है कि पानी निकालने के लिए जो पंप लगे हैं, वे समय-समय पर बंद कर दिए जाते हैं। इस कारण जलनिकासी बाधित होती है।




# अवैध कचरा डंपिंग मामले में एजेंसी को नोटिस

## पूर्व में भी दी गयी थी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बक्सर।** नगर परिषद द्वारा सफाई एजेंसी मौर्यन कार्स आटो सर्विस एलएलपी को कड़ी चेतावनी देते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि नगर भ्रमण के दौरान 11 एवं 12 अगस्त को यह पाया गया कि शहर के कई मुख्य स्थानों जैसे बाईपास रोड नहर किनारे, धोबी घाट रोड, गौरीशंकर मंदिर के पीछे बारी टोला रोड, बाजार समिति एवं समाहरणालय रोड सहित अन्य स्थानों पर अनधिकृत रूप से कचरा डंप किया गया है।
बरसात के मौसम में कचरे में सड़न की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। नगर परिषद ने पूर्व में भी कई बार एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि केवल चिह्नित स्थलों पर ही कचरा डंप किया जाए तथा वहां से नियमित रूप से कचरा उठाव, चुना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जाए। बावजूद इसके, एजेंसी द्वारा लगातार लापरवाही बरती जा रही है। इसके अतिरिक्त, सफाईकर्मियों को अनुबंध के अनुसार हर माह की सात तारीख तक वेतन भुगतान करना अनिवार्य है, किन्तु एजेंसी द्वारा समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है।
पत्र में कहा गया है कि यदि 24 घंटे के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है और सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो जुलाई माह के भुगतान में अनुपातिक कटौती की जाएगी तथा एजेंसी को काली सूची में डालने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके साथ ही निर्देश दिया गया है कि 14 अगस्त से पूर्व सफाईकर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# बेहतर बिहार संवाद कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के सभागार में आज 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीजेपी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बिहार के युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तक बिहार इसमें अग्रणी भूमिका न निभाए। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बिहार के बिना विकसित भारत अधूरा है, और बदलाव की चाबी युवाओं के हाथ में है।₹ उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर इस परिवर्तन की धुरी बनें।

# रिश्वत लेते राजस्व कर्मी गिरफ्तार

**वर्ष 2015 में बीइओ और बीसीओ भी हुए थे गिरफ्तार**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अंचलों में फैले भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का मामला अब किसी से छिपा नहीं रहा है। हाल ही में जिले में दो राजस्व कर्मचारियों पर कार्रवाई ने इस भ्रष्टाचार के जाल को उजागर किया है।
देव अंचल के बरंडा रामपुर गांव की निवासी जमुनी देवी ने राजस्व कर्मचारी पर रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद डीएम श्रीकांत शास्त्री के निर्देश पर जांच की गई, जिसमें राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार पर महिला से दाखिल खारिज के लिए 15 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप सही पाया गया।
इस मामले में एक अन्य कर्मचारी भी संलिप्त पाया गया, लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राजस्व कर्मचारी फरार हो गए हैं, और पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है।
इस कार्रवाई के छह दिन बाद, पटना से आई निगरानी टीम ने ओबरा अंचल के ऊब और सोनहुली पंचायत के राजस्व कर्मचारी प्रमोद कुमार को 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उन्हें बुधवार को बेउर जेल भेज दिया गया।
निगरानी टीम ने अंचल कार्यालय में छापेमारी की, जिसमें यह भी सामने आया कि सीओ के लिए भी रुपये लिए गए थे। ओबरा में इससे पहले भी निगरानी की कार्रवाई हुई थी, जिसमें वर्ष 2016 में बीइओ उमाशंकर सिंह और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अंकेश कुमार को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था।
जिले में निगरानी की कई कार्रवाईयों के बावजूद सरकारी अधिकारी और कर्मचारी रिश्वत लेना नहीं छोड़ रहे हैं। अंचलों के सीओ, राजस्व कर्मचारी, अमीन और कंप्यूटर ऑपरेटर तक इस मामले में बदनाम हो चुके हैं। भ्रष्टाचार की घटनाएं प्रतिदिन समाचारों में आती हैं। पूर्व मंत्री रामाधार सिंह ने देव अंचल के सीओ दीपक कुमार पर रिश्वत लेने का आरोप लगाया है और इसकी शिकायत विभाग के अपर मुख्य सचिव के पास करने की बात कही है। हालांकि, सीओ ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि वे हमेशा आरोप लगाते रहते हैं।



# एनजीओ के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्जीय साइबर फ्रॉड गिरोह से जुड़े दो आरोपितों की तलाश तेज कर दी गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेश व दिल्ली पुलिस से संपर्क स्थापित किया गया है। साइबर थाने की पुलिस का कहना है कि उत्तर प्रदेश के प्रमोद चौधरी और मुशहरी माधोपुर के महावीर उर्फ सोनू की तलाश की जा रही है। ये सभी लगातार ठिकाना बदल रहे है। इसके लिए कई राज्यों की पुलिस से संपर्क किया गया है।
बता दें पिछले सप्ताह साइबर थाने की पुलिस ने अंतरराज्जीय साइबर फ्रॉड गिरोह का पदार्फाश कर चार शातिरों को गिरफ्तार किया था। इनके ठिकाने से छह मोबाइल, दो लैपटॉप, छह डेबिट कार्ड आदि जब्त किए गए थे। गिरफ्तार आरोपितों में उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के गौरीगंज के अभिषेक पांडेय, मधुबनी के फुलपरास थाना क्षेत्र के गौरीगंज के कृष्णा कुमार सिंह और मधुबनी धर्मडीहा के विक्रम कुमार सिंह और मुशहरी माधोपुर के गुड्डू कुमार शामिल थे।
ये सभी के बैंक खाता पर विभिन्न माध्यमों से किए गए साइबर फ्रॉड से आए करीब 8.33 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे। पूछताछ में पता चला कि इस गिरोह के द्वारा देश भर में इनवेस्टमेंट फ्रॉड , गेमिंग फ्रॉड और एनजीओ के नाम पर फर्जीवाड़ा कर करोड़ों की ठगी की जा रही थी।विभिन्न राज्यों के फ्रॉड से इनके तार जुड़े है। कई राज्यों में इन सभी के मोबाइल व बैंक खातों पर 20 से अधिक शिकायत दर्ज हैं। इनके पूछताछ में प्रमोद व महावीर उर्फ सोनू का नाम सामने आया था। इसके अलावा और कई के भी नाम सामने आए है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपितों के पास से जब्त किए गए मोबाइल का कॉल डिटेल खंगालकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जब्त किए गए बैंक खातों को फ्रीज कराने की भी कवायद की जा रही है।

# 11 करोड़ से बदलेगी शहीद भवन से नगर थाना जाने वाली सड़क की सुरत

## टेंडर की प्रक्रिया होगी शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** जिला मुख्यालय के आरा शहर में सड़कों की स्थिति सुधारने का कार्य तेज कर दिया गया है। विगत माह पहले महत्वपूर्ण दो सड़कों के चौड़ीकरण कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति देने के बाद अब तीसरी महत्वपूर्ण सड़क की भी पथ निर्माण विभाग ने प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है। पहले से प्रशासनिक स्वीकृति मिले दो पथों का जल्द ही शिलान्यास होने के साथ निर्माण कार्य शुरू होगा, वहीं तीसरी सड़क की स्वीकृति मिलने के बाद अब टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी।
आरा में पथ निर्माण विभाग के द्वारा तीसरी सड़क का कायाकल्प करने के लिए जो प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, यह सड़क सपना सिनेमा मोड़ से लेकर शिवगंज बड़ी मठिया होते हुए शहीद भवन होते नगर थाना तक बनेगी। वर्तमान में यह सड़क साढ़े पांच मीटर चौड़ी है, जिसे अब 10 मीटर चौड़ी किया जाएगा। इस सड़क की लंबाई 3.2 किलोमीटर है। बेहतर कार्य करने के लिए 11 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। मालूम हो लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण करने की मांग शहर वासियों के द्वारा की जाए रही थी। इस सड़क का चौड़ीकरण कार्य होने से शहर के दो बड़े भाग को जोड़ने वाली महावीर टोला की सड़क का कायाकल्प हो जाएगा।
महावीर टोला सड़क अतिक्रमण का शिकार होने के कारण आवागमन में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। इसके कारण शहीद भवन की तरफ से बड़ी मठिया की तरफ जाने आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका चौड़ीकरण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। तीसरी सड़क के चौड़ीकरण कार्य से शहर में यातायात की स्थिति बेहतर होगी।
आरा शहर में सपना सिनेमा मोड़ से शहीद भवन मोड़ होते नगर थाना तक चौड़ीकरण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति मिलने वाली यह हाल की तीसरी सड़क है। इसके पहले रेलवे स्टेशन से संस्कृतिक भवन मोड़ तक और वामपाली से पकड़ी चौक होते कतिरा मोड़ की सड़क का चौड़ीकरण कार्य होने वाला है। शहर में इन तीन सड़कों के अलावे धरहरा से जीरो माइल तक और आरण्य देवी मंदिर से आरा बक्सर रोड तक का निर्माण कार्य की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। इन सड़कों की स्थिति सुधरने से सड़क की यातायात व्यवस्था और मजबूत होगी।

# चोरों ने दिन दहाड़े बाइक उड़ायी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में बाइक चोरी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे देखकर लोग दंग रह गए। यह वारदात नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 16, चकमहिला में हुई, जहां महज 15 सेकेंड में बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे दो युवक एक बाइक से आते हैं, और पीछे बैठा युवक उतरकर फिल्मी अंदाज में चोरी को अंजाम देता है।
12 अगस्त 2025 की दोपहर करीब 2:58 बजे अमित कुमार, पिता नंदकिशोर, निवासी चकमहिला वार्ड 16 की लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी थी। तभी दो युवक एक बाइक से आए। पीछे बैठा युवक हेलमेट पहने हुए था ताकि चेहरा पहचान में न आए। वह सीधे अमित की बाइक के पास पहुंचा, कुछ ही सेकेंड में लॉक तोड़ा और इंजन स्टार्ट कर दिया।

# जिले में विकास दिखने के बाद भी जाम से नहीं मिल रही निजात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** नवादा नगर परिषद के 44 नए वार्ड क्षेत्र के साथ कुल 26 ग्राम-पंचायतों का इलाका नवादा विधानसभा है। ग्राम पंचायतों में नवादा सदर प्रखंड के 15 पंचायत और नारदीगंज प्रखंड के 11 पंचायत इसमें शामिल है। नगर निकाय क्षेत्र और बाजार को छोड़ दें, तो इस विधानसभा की ज्यादातर आबादी खेती-किसानी पर ही निर्भर है।
नगर में नौकरी-पेशा से लेकर व्यवसाय व अन्य कार्य क्षेत्र से जुड़े लोग बसते हैं। बीते पांच साल में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से इलाके में विकास दिखता है। बावजूद कई समस्याएं आज भी इस क्षेत्र के लोगों को सालती है। इस विधानसभा क्षेत्र को जिला मुख्यालय होने का गौरव प्राप्त है। लेकिन इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या बेहतर साफ-सफाई का अभाव है।शहरी इलाके में कुछ देर की वर्षा ही साफ-सफाई के बेहतर दावों की पोल खोलती है। जगह-जगह जलजमाव व कीचड़ से सनी सड़कों पर पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है। जिले का सबसे बड़ा खेल मैदान हरिश्चंद्र स्टेडियम वर्षा के दिनों में जलजमाव से त्रस्त रहता है। स्वच्छ व सुंदर नवादा का सपना अब तक साकार होता हुआ नहीं दिखता।साफ-सफाई के मामले में लोग शहर से बेहतर पंचायत क्षेत्र को मानते हैं। इन सबके बीच जिला मुख्यालय की सड़कों पर हर दिन लगनेवाली जाम से हर तबका प्रभावित है। शहर से लेकर पंचायत क्षेत्रों में स्कूल-कालेज की व्यवस्था है। लेकिन स्नातक की पढ़ाई के बाद परास्नातक की पढ़ाई के लिए नौजवानों को दूसरे शहरों की ओर ही रूख करना पड़ता है।
जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल अनेक बुनियादी सुविधाओं का दंश झेल रहा है। समुचित साफ-सफाई से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती अब तक यहां नहीं हो पाई। नूतन नवादा का सपना करा रहा सूखद अनुभूतिः नूतन नवादा का सपना जरूर नवादावासियों को सुखद अनुभूति का अहसास कराता है। बुधौल इलाके में नए अस्पताल का निमार्णाधीन भवन, डीआरसीसी, इंजीनियरिंग कालेज, कपूरी ठाकुर छात्रावास समेत कई सरकारी संस्थानों के भवन आधुनिकता का अहसास करा रहे हैं। विधायक विभा देवी कोरोना काल में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आईं। सदर अस्पताल को 200 आक्सीजन सिलेंडर और एक करोड़ रुपये की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में दीं। जबकि शेखपुरा जिला के बरबिगहा में भी 21 लाख रुपये मदद के तौर पर दान किया। विधायक मद से नवादा और नारदीगंज में लगभग 1800 पहाड़ी चापाकल लगाए। 28 सामुदायिक व पुस्तकालय भवन एवं शौचालय निर्माण की स्वीकृति हुई है। इसी मद से 16 छठ घाट बने हैं। इनकी अनुशंसा पर करीब दर्जन भर पुल-पुलिया एवं ह्यूम-पाइप पुलिया का निर्माण किया गया है। नारदीगंज प्रखण्ड में चार आहर का जीर्णोद्धार, डोहरा में ढाढर नदी और ईचुआकरणा में आदमपुर गांव के पास तिलैया नदी पर पुल का निर्माण विधायक की अनुशंसा से हुआ है।
आधी आबादी के लिए पिंक टायलेट का मुद्दा भी बिहार विधान सभा में रखा, परिणामस्वरूप जिला मुख्यालय के प्रजातंत्र चौक के पास महिलाओं के लिए शौचायल का निर्माण हुआ है। नवादा का गौरव व सम्मान गोवर्द्धन मंदिर का निर्माण कराया गया है। नगर में विभिन्न सड़कों की मजबूती, चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए भी विधान सभा में आवाज उठाई। कई सड़कें बनने वाली हैं। इसके अलावा ये निरंतर गरीब-गुरबों तक योजना पहुंचाने में मदद करती दिखीं।

# छह महीने में तैयार होगा दो-दो साइबर फॉरेंसिक लैब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में पटना और राजगीर में जल्द ही साइबर फॉरेंसिक लैब (सीएफएल) की स्थापना होने जा रही है। इन दोनों शहरों में आगामी चार से छह महीने में सीएफएल पूरी तरह से काम करने लगेगा। इससे साइबर संबंधित मामलों में बरामद प्रदर्श के जांच की रफ्तार चार गुणा बढ़ जाएगी। इससे प्रदर्श की जांच में काफी तेजी आएगी। यह जानकारी एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीएफएल की स्थापना गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिट (एनएफएसयू) के सहयोग से किया जा रहा है। इसके लिए संस्थान के साथ एक विशेष एमओयू (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया है।
एडीजी ने कहा कि एनएफसीयू की टीम बिहार में दोनों साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना में तकनीकी सहायता, कंस्लटेंसी सेवा, साइबर प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले उपकरणों की तकनीकी विशिष्टता भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही यहां पहले से मौजूद फॉरेंसिक साइंस लैब के उन कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे, जो साइबर फॉरेंसिक के अनुसंधान में लगे हुए हैं। दोनों यूनिट में कार्यरत छह कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
उन्होंने कहा कि दोनों सीएफएल की स्थापना के लिए गृह विभाग के स्तर से सहमति मिल गई है। साथ ही 13 करोड़ 66 लाख 52 हजार रुपये की राशि मंजूर कर दी गई है। इससे साइबर मामलों की जांच में तेजी आएगी। एडीजी पारनाथ ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के तहत 7 साल या इससे अधिक की सजा वाले मामलों में ऑडियो-विजुअल साधनों को सबूत के तौर पर फॉरेंसिक सहायता लेना अनिवार्य है। इसके मद्देनजर सीएफएल की उपयोगिता और अनिवार्य अधिक हो जाती है।

# हत्या मामले में कांग्रेस नेता से पुलिस ने की पुछताछ

**15 दिसंबर 2023 को हुई थी वकील की हत्या**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वैशाली कांग्रेस के यूथ विंग एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और गोपालगंज निवासी शशि कुमार उर्फ चुन्नू सिंह को हाजीपुर पुलिस ने एक हत्या के मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। बाद में पूछताछ पूरी होने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।जानकारी के अनुसार, 15 दिसंबर 2023 को हाजीपुर के एसडीओ रोड पर वकील अमरेश कुमार की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से मुख्य आरोपी निलेश कुमार सहित अन्य फरार थे। एसपी ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया। एक दिल्ली, दूसरी अररिया और तीसरी हाजीपुर में तैनात की गई। दिल्ली पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी निलेश कुमार को दबोच लिया।
मुख्य आरोपी से पूछताछ में कुछ सुराग मिले, जिनके आधार पर पुलिस ने कांग्रेस नेता शशि कुमार को हाजीपुर नगर थाना बुलाकर पूछताछ की। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ में कांग्रेस नेता और मुख्य आरोपी के बीच पैसों के लेन-देन और एक वाहन से जुड़ा मामला सामने आया। हालांकि, पुलिस ने इस पर आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार किया है।
इससे पहले, शशि कुमार के अचानक मोबाइल बंद होने और संपर्क न होने से उनके घरवाले परेशान हो गए थे। छोटे भाई मोनू कुमार ने पाटलिपुत्रा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद स्वजन और कांग्रेस के नेता खोजबीन करते हुए हाजीपुर पहुंचे, जहां पता चला कि पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया है।
गौरतलब है कि 15 दिसंबर 2023 की शाम वकील अमरेश कुमार अपनी स्कूटी गेट के अंदर खड़ा कर रहे थे, तभी निलेश कुमार, तेज प्रताप और एक अज्ञात युवक वहां पहुंचे। निलेश ने पिस्टल से अमरेश पर गोली चला दी, जो कमर में लगी। हमले के बाद तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए। अमरेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।
गुमशुदगी रिपोर्ट में दर्ज है कि शशि कुमार पिछले आठ साल से पटना के इंद्रपुरी में किराए के मकान में रहते हैं। 11 अगस्त की रात वह अपने मित्र विपिन कुमार सिंह से मिलने पाटलिपुत्रा गए थे। 12 अगस्त की सुबह होटल से अपने घर गोपालगंज जाने की बात कहकर निकले, लेकिन वहां नहीं पहुंचे और मोबाइल भी बंद हो गया। मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर बिहार लाने की तैयारी चल रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में विस्तृत जानकारी जल्द ही वरीय अधिकारी देंगे।

# गला घोंटकर बेटे की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र के बड़ी मुढारी गांव में पिता द्वारा बेटे की गला घोंटकर हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतक 23 वर्षीय पिंटू कुमार था। हत्या का आरोप उसके पिता श्याम राम पर है। घटना 10 अगस्त की रात हुई, जिसका खुलासा बुधवार को हुआ।
थानाध्यक्ष अमरदीप कुमार ने बताया कि गुमशुदगी और हत्या की आशंका की सूचना पर पुलिस ने श्याम राम और उसकी पत्नी नीलू देवी को हिरासत में लिया। शुरू में उन्होंने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन बाद में नीलू देवी ने सच उजागर किया। उसने बताया कि 10 अगस्त की रात पिंटू उसके साथ अनुचित व्यवहार कर रहा था, तभी श्याम राम ने देख लिया। पहले विवाद हुआ, फिर श्याम राम ने गमछे से गला घोंटकर पिंटू की हत्या कर दी।

# सर्पदंश के शिकार युवक की इलाज के दौरान मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कैमूर।** जिले के भभुआ थाना क्षेत्र के कबार गांव में सर्पदंश का शिकार हुए 36 वर्षीय युवक की मंगलवार की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान स्वर्गीय राममूरत राम के पुत्र योगी राम के रूप में हुई है।
जानकारी के अनुसार, 6 अगस्त को किसी जहरीले सांप ने योगी राम को काट लिया था। परिजन तत्काल उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लेकर पहुंचे। वहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें वाराणसी स्थित बीएचयू ट्रॉमा सेंटर लेकर गए, जहां इलाज के बाद वह मंगलवार को घर लौट आए थे।
लेकिन देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। बुधवार सुबह परिजन उन्हें फिर से सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर भभुआ थाना पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।
घटना की जानकारी मिलने पर जिला पार्षद लल्लू पटेल, बसपा बिहार प्रदेश महासचिव एवं नगर परिषद सभापति भभुआ विकास तिवारी उर्फ बब्लू तिवारी ने अस्पताल पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।
उन्होंने कहा कि मृतक बेहद गरीब परिवार से था और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके दो बेटे और एक बेटी है।
उन्होंने जिला प्रशासन एवं सरकार से मृतक के परिजनों को तत्काल मुआवजा देने तथा बच्चों की पढ़ाई और पालन-पोषण का खर्च उठाने की मांग की। वहीं, मौके पर पहुंचे बेतरी पंचायत के मुखिया श्रवण पटेल ने मृतक की पत्नी को परिवार लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

# राज्य के सभी अंचलों का माइक्रो प्लान विभाग के पोर्टल पर अपलोड

## रैयत पंचायतवार शिविर समेत मौजा के लिए गठित टीम का भी प्राप्त कर सकते हैं विवरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में राजस्व महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक चलाया जाएगा। इसकी तैयारी के क्रम में राज्य के सभी 537 अंचलों का माइक्रो प्लान जारी कर दिया गया। इस माइक्रो प्लान से अंचल क्षेत्र में पंचायतवार राजस्व महा-अभियान का संचालन किया जाएगा। इस माइक्रो प्लान में पूरे अंचल के सभी पंचायतों में दो-दो शिविर की तिथि निर्धारित है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि अभी राजस्व महा-अभियान की तैयारी का चरण चल रहा है। इस चरण का महत्वपूर्ण कार्य अंचल वार माइक्रो प्लान बनाना है। इसके साथ ही जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र की प्रति भी मौजावार तैयार कर गठित टीम को सौंपी जा रही है। अंचलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने अंचलों का माइक्रो प्लान बनाकर विभाग के पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। कोई भी व्यक्ति व्यक्ति विभाग के पोर्टल पर जाकर अपने अंचल का माइक्रो प्लान देख सकता है। इस माइक्रो प्लान में पंचायत वार शिविर की तिथि, पंचायत वार तैनात राजस्व कर्मी का नाम और नंबर, अमीन का नाम और नंबर लेकर उनसे संपर्क कर सकता है। इसी के साथ सभी अंचलों में जमाबंदी की प्रति निकालकर मौजावार तैयार किया जा रहा है। ये कार्य भी अब अंतिम चरण में है। एसीएस श्री सिंह ने बताया कि राजस्व कर्मचारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन तथा अभियान से जुड़े अन्य विभागों के कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न हो गया है। ग्राम वार प्रचार-प्रसार के लिए माइकिंग के साथ-साथ ग्रामीणों के बीच अभियान से संबंधित पम्पलेट का वितरण भी टीम द्वारा किया जा रहा है। पम्पलेट के साथ माइक्रो प्लान की प्रति सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कोई भी रैयत अपने जनप्रतिनिधि से भी संपर्क कर अपने पंचायत के माइक्रो प्लान की जानकारी प्राप्त कर सकता है। वहीं मौजा के लिए गठित टीम घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराएगी।

**हर घर तक पहुंचेगी टीम**

राजस्व महाअभियान के तहत राज्यभर में डिजिटाइज्ड जमाबंदी में त्रुटियों का सुधार (परिमार्जन), छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन कराना, उत्तराधिकार नामांतरण और बंटवारा नामांतरण जैसे मामलों का समाधान किया जाएगा। इस दौरान नाम, खाता, खेसरा, रकबा, लगान जैसी अशुद्धियों को ठीक किया जाएगा। साथ ही ऑफलाइन जमाबंदी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। रैयत की मृत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम पर जमाबंदी कराई जाएगी। संयुक्त जमाबंदी के मौखिक बंटवारे के बावजूद अंशधारकों के नाम से अलग जमाबंदी सुनिश्चित की जाएगी। गठित टीमें 16 अगस्त से 15 सितंबर 2025 तक घर-घर जाकर लोगों को उनकी जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र देंगी तथा हल्का शिविर में उनसे आवेदन लेंगी ताकि किसी को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। प्रत्येक पंचायत के सरकारी या अन्य सरकारी भवन में हल्कावार विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में भरे हुए आवेदन प्रपत्र जरुरी कागजातों के साथ जमा किए जा सकेंगे। रैयत द्वारा आवेदन जमा करने पर उनके मोबाइल पर ओटीपी भेजकर रजिस्ट्रेशन कर लिया जाएगा। इसके बाद आवेदन पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी मिलती रहेगी। प्रत्येक हल्का में कम से कम सात दिनों के अंतराल पर दो तिथियों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि राजस्व महा अभियान राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी पहल है। इससे लाखों रैयतों को लाभ होगा। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को इस महा-अभियान में भाग लेने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सफल होने के बाद राज्य में भूमि से संबंधित विवाद न्यूनतम रह जाएंगे।

## एचडीएफसी बैंक व विनफास्ट ऑटो इंडिया के बीच समझौता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक, एचडीएफसी बैंक और विनफास्ट ऑटो इंडिया ने ग्राहकों और डीलरों के लिए ऑटो और इन्वेंटरी फाइनेंसिंग प्रदान करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। विनफास्ट ऑटो इंडिया, वियतनाम की सबसे बड़ी निजी समूह विनग्रुप की वैश्विक ईवी कंपनी विनफास्ट की भारतीय सहायक कंपनी है। यह समझौता भारत में विनफास्ट के लॉन्च से पहले कंपनी द्वारा किसी बैंक के साथ किया गया पहला गठजोड़ है। इस सहयोग का उद्देश्य ग्राहकों और डीलरों के लिए समग्र वित्तीय समाधान प्रदान करना है जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद प्रक्रिया अधिक सुगम और सुविधाजनक बन सके। इस समझौते के तहत ग्राहकों को विशेष और अनुकूलित फाइनेंसिंग विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे अधिक से अधिक भारतीय उपभोक्ता इवी अपनाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

# मीडिया को संवैधानिक दर्जा देने की मांग

## राष्ट्रपति को पत्र लिखकर विजय शंकर चतुर्वेदी ने की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मीडिया को लोकतंत्र का आधिकारिक चौथा स्तंभ घोषित कर संवैधानिक मान्यता देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। राष्ट्र टाइम्स के संपादक एवं प्रेसिडेंट, मान्यता प्राप्त पत्रकार संघ के अध्यक्ष विजय शंकर चतुर्वेदी ने इस संबंध में राष्ट्रपति को विस्तृत पत्र लिखकर त्वरित कार्रवाई की अपील की है। अपने पत्र में श्री चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय मीडिया – चाहे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल – सदैव जनता को जागरूक, शिक्षित और सशक्त बनाने का कार्य करता आया है। उन्होंने लिखा मीडिया विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को जवाबदेह बनाता है और समाज में पारदर्शिता व सुधार को बढ़ावा देता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि दुनिया के कई देशों में मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संवैधानिक मान्यता प्राप्त है जबकि भारत में यह दर्जा अब तक केवल मौखिक परंपरा तक सीमित है। अब समय आ गया है कि इसे आधिकारिक रूप से संवैधानिक मान्यता दी जाए। श्री चतुर्वेदी के अनुसार संवैधानिक मान्यता मिलने से पत्रकारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी, प्रेस की स्वायत्तता व विश्वसनीयता में वृद्धि होगी, जनता का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर विश्वास और गहरा होगा तथा लोकतांत्रिक ढांचे में संतुलन और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने कहा कि यह केवल पत्रकारों की आवाज नहीं है, बल्कि हर उस नागरिक की मांग है जो स्वतंत्र और निष्पक्ष लोकतंत्र में विश्वास रखता है। उन्होंने राष्ट्रपति से इस विषय पर गंभीरता से विचार कर जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। ताकि लोकतंत्र के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा सके।

# आत्मनिर्भर बिहार के बिना विकसित भारत अधूरा, बदलाव की चाबी युवाओं के हाथ : ऋतुराज

## चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान ने 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के सभागार में आज 'बेहतर बिहार संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने बिहार के युवाओं के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए राज्य के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक बिहार इसमें अग्रणी भूमिका न निभाए। उन्होंने कहा आत्मनिर्भर बिहार के बिना विकसित भारत अधूरा है और बदलाव की चाबी





युवाओं के हाथ में है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सोच और दृष्टिकोण को बदलकर इस परिवर्तन की धुरी बनें। श्री सिन्हा ने बिहार के बारे में बनी नकारात्मक धारणा को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कोई व्यक्ति अपने परिवार को कोसकर प्रगति नहीं कर सकता, वैसे ही बिहार को दोष देकर हम आगे नहीं बढ़ सकते। युवाओं को स्पष्ट विजन और सकारात्मक सोच के साथ नेतृत्व संभालना होगा। उन्होंने युवाओं को 1975 के जेपी आंदोलन की याद दिलाई जब बिहार के युवाओं ने एकजुट होकर तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई थी। रोजगार के मुद्दे पर श्री सिन्हा ने कहा कि हर युवा सरकारी नौकरी की उम्मीद करता है, लेकिन यह व्यावहारिक नहीं है कि सरकार सभी को नौकरी दे। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने गुजरात का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां के युवा 18 साल की उम्र में व्यवसाय शुरू कर देते हैं जबकि बिहार के युवा उस उम्र में सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू करते हैं। उन्होंने कहा यदि बिहार को आगे बढ़ाना है तो यह मानसिकता बदलनी ही होगी। श्री सिन्हा ने चन्द्रगुप्त संस्थान के बारे में बोलते हुए कहा कि मुझे इस संस्थान में आ कर अच्छा लगा क्यूंकि यहां के छात्र और शिक्षक दोनों ही बेहतर बिहार के लिए सतत्त प्रयासरत हैं। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कृषि में तकनीकी नवाचार, स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा, पर्यटन को बढ़ावा देने और न्यूनतम मजदूरी दर में सुधार जैसे कई सुझाव दिए। श्री सिन्हा ने इन सुझावों की सराहना करते हुए कहा युवाओं की यह सोच ही भविष्य के बेहतर बिहार की नींव है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कुमुद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# राजगीर और पटना में 6 महीने में तैयार होगा साइबर फॉरेंसिक लैब

## साइबर मामलों की जांच की रफ्तार बढ़कर हो जाएगी चार गुणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में पटना और राजगीर में जल्द ही साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना होने जा रही है। इन दोनों शहरों में आगामी चार से छह महीने में सीएफएल पूरी तरह से काम करने लगेगा। इससे साइबर संबंधित मामलों में बरामद प्रदर्श के जांच की रफ्तार चार गुणा बढ़ जाएगी। इससे प्रदर्श की जांच में काफी तेजी आएगी। यह जानकारी एडीजी (सीआईडी) पारसनाथ ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीएफएल की स्थापना गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिट के सहयोग से किया जा रहा है। इसके लिए संस्थान के साथ एक विशेष एमओयू (समझौता पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया है। एडीजी ने कहा कि एनएफसीयू की टीम बिहार में दोनों साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला की स्थापना में तकनीकी सहायता, कंस्लटेंसी सेवा, साइबर प्रयोगशाला में उपयोग होने वाले उपकरणों की तकनीकी विशिष्टता भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही यहां पहले से मौजूद फॉरेंसिक साइंस लैब के उन कर्मियों को प्रशिक्षण देंगे जो साइबर फॉरेंसिक के अनुसंधान में लगे हुए हैं। दोनों यूनिट में कार्यरत छह कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों सीएफएल की स्थापना के लिए गृह विभाग के स्तर से सहमति मिल गई है। साथ ही 13 करोड़ 66 लाख 52 हजार रुपये की राशि मंजूर कर दी गई है। इससे साइबर मामलों की जांच में तेजी आएगी। एडीजी पारनाथ ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के तहत 7 साल या इससे अधिक की सजा वाले मामलों में ऑडियो-विजुअल साधनों को सबूत के तौर पर फॉरेंसिक सहायता लेना अनिवार्य है। इसके मद्देनजर सीएफएल की उपयोगिता और अनिवार्य अधिक हो जाती है। बिहार में साइबर अपराध की गतिविधि लगातार बढ़ रही है। विभिन्न आयामों के साइबर अपराध देखने को मिल रहे हैं जिसमें डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, बैंक धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग, फर्जी कस्टमर केयर कॉल, पहचान की चोरी समेत ऐसे अन्य मामले शामिल हैं। एडीजी ने बताया कि राज्य में 2022 में साइबर अपराध के 1606 मामले दर्ज किए गए थे। यह संख्या 2023 में 200 फीसदी बढ़कर 4801 हो गई।

# बी. डी. कॉलेज के एनसीसी कैडेटों ने निकाली 'हर घर तिरंगा' रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बी. डी. कॉलेज, पटना के एनसीसी कैडेटों ने मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत भव्य रैली का आयोजन किया। रैली को कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रत्ना अमृत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एनसीसी बैंड की देशभक्ति धुनों के बीच रैली कॉलेज प्रांगण से शुरू होकर जक्कनपुर, मीठापुर, यारपुर, खगौल रोड होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में पहुंची। रैली में शामिल कैडेटों




ने हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर नागरिकों से अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। इस अवसर पर बर्सर डॉ. अमित कुमार, कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता दिवस पर अधिक से अधिक लोगों को तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है।

# पहली ही काउंसलिंग में गोल के छात्रों ने रचा इतिहास, देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में मिली सफलता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2025 के पहले ही चरण की काउंसलिंग में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस बार कई गोल के छात्रों ने देश के शीर्ष 10 मेडिकल कॉलेजों में अपनी जगह बनाई है। गोल इंस्टीट्यूट के 30 से अधिक छात्रों को एम्स में प्रवेश मिला है। इसके साथ ही 3 छात्रों का चयन मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में हुआ, 2 छात्रों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में तथा 2 छात्रों को डब्लूएमएमसी सफदर जंग, दिल्ली में स्थान मिला है। इसके अलावा




कई छात्रों को बीएचयू, एएमयू और अन्य शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त हुआ है। सफल छात्रों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए गोल इंस्टीट्यूट को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि गोल ने न केवल उन्हें पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया, बल्कि काउंसलिंग प्रक्रिया में भी सहयोग कर उनकी राह आसान बनाई। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने कहा यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और गोल की सटीक रणनीति का परिणाम है। हम अपने हर छात्र को सर्वोत्तम मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गोल इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक रंजय सिंह ने कहा पहली ही काउंसलिंग में इतने बड़े पैमाने पर चयन इस बात का प्रमाण है कि गोल का परिणाम-उन्मुख शिक्षण मॉडल छात्रों के करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। गोल इंस्टीट्यूट के आर. एंड डी. हेड आनंद वत्स ने कहा हम हर वर्ष अपने पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मार्गदर्शन को और बेहतर बनाते हैं ताकि हमारे छात्र देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में स्थान प्राप्त कर सकें। गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में देश का भरोसेमंद नाम है।

# पटना में 'रसोइयों का न्याय दिलाओ आक्रोश रैली', उठी न्यूनतम मजदूरी की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय मध्यान्ह भोजन रसोइया फ्रंट के बैनर तले आज राजधानी पटना के गर्दनीबाग में एक दिवसीय 'रसोइयों का न्याय दिलाओ आक्रोश रैली' और महाधरना का आयोजन किया गया जिसमें बिहार के विभिन्न जिलों से आए प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के साथ-साथ संगठन के कई पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। धरना सभा को संबोधित करते हुए फ्रंट के राष्ट्रीय संरक्षक जय सिंह राठौड़ ने कहा रसोइया सिर्फ भोजन नहीं बनातीं, वे हमारे बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और मुस्कान की जिम्मेदारी निभाती हैं। उन्होंने रसोइयों के मानदेय में वृद्धि पर सरकार का आभार जताते हुए कहा कि मध्याह्न भोजन योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के मानदेय को 1,650 से बढ़ाकर 3,300 प्रतिमाह करने के बिहार सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। सरकार का यह कदम उनके आत्मसम्मान और हौसले को दोगुना करेगा। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि नीतीश सरकार को रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी के तहत कम से कम 10,000 मासिक वेतन, साल के 12 महीनों के लिए करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रसोइयों को भी एक तय सीमा के बाद रिटायरमेंट मिले और उनको भी सरकार मासिक पेंशन दे साथ हीं स्वास्थ्य बीमा की व्यवस्था सरकार करे। राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल भाई ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित मानदेय बढ़ोतरी वर्तमान भीषण महंगाई में ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उन्होंने आरोप लगाया कि रसोइयों को मिलने वाला मानदेय अक्सर 2-3 माह की देरी से दिया जाता है जिसके कारण वे भुखमरी के कगार पर पहुंच जाती हैं। सरकार उनके सुरक्षित भविष्य की गारंटी की जाए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद और प्रदेश सचिव मोहम्मद शकील ने संयुक्त रूप से कहा कि रसोइयों के साथ सरकार का व्यवहार सौतेला है। सरकार रसोइयों को बंधुआ मजदूर की तरह काम करवा रही है।

# संस्कृत संसार की प्राचीनतम, मधुरतम और सुंदरतम भाषा : प्राचार्या



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजकीय महिला महाविद्यालय गुलजारबाग में संस्कृत सप्ताह महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या श्रुति तेतरवे ने की जबकि मुख्य अतिथि सह वक्ता के रूप में फिरोज गांधी महाविद्यालय, मीठापुर, पटना के डॉ मुकेश कुमार ओझा आमंत्रित थे। सत्र का संचालन संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रंजु कुमारी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। रसायन शास्त्र विभाग की डॉ कुमारी निमिशा ने मंगलाचरण में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात, महाविद्यालय की प्राचार्या ने आगत अतिथि का स्वागत अंगवस्त्र एवं पौधा प्रदान कर किया।

# पटना में 17 अगस्त को होगा श्री कृष्ण महोत्सव, सांस्कृतिक रंगों में रमेगी राजधानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्री कृष्ण महोत्सव ट्रस्ट की ओर से 17 अगस्त (रविवार) को बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स, गांधी मैदान, पटना में भव्य श्री कृष्ण महोत्सव 3.0 का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में ट्रस्ट के महासचिव राकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे होगा। ट्रस्ट के आदित्य राज ने बताया कि दोपहर 2 बजे से छोटे बच्चों के लिए रूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसमें प्रतिभागी कृष्ण और राधा के रूप में सजे नजर आएंगे। मुख्य समारोह का उद्घाटन शाम 4 बजे मुख्य अतिथि नन्द किशोर यादव, अध्यक्ष, बिहार विधान सभा द्वारा किया जाएगा। इसके बाद शाम 4:30 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत होगी। राजधानी के लोगों के सामने पारंपरिक




कथक, भरतनाट्यम और लोकनृत्यों के माध्यम से कृष्ण लीलाओं की झलक पेश की जाएगी। इसके साथ ही कृष्ण की रासलीला का भावनात्मक मंचन और बाल लीलाओं पर आधारित नाट्य प्रस्तुति भी होगी। शाम 6:30 बजे मटकी फोड़ का आयोजन किया जाएगा जिसमें युवाओं का उत्साह देखने को मिलेगा। शाम 7:30 बजे से महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। ट्रस्ट के आर्य नंदन ने बताया कि महोत्सव में राजधानी के कई गणमान्य अतिथि शामिल होंगे जिनमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, सांसद पटना साहिब रविशंकर प्रसाद, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव रितुराज सिन्हा, कुम्हरार के विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स पीके अग्रवाल और वर्तमान अध्यक्ष सुभाष पटवारी समेत कई अन्य विशिष्ट लोग शामिल होंगे।

# पटना में बिहार फूड फेस्टिवल शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के पारंपरिक व्यंजनों के शौकीनों के लिए खुशखबरी पटना स्थित द रेड वेल्वेट होटल समर्पण में 10 अगस्त से शुरू हुआ 'बिहार फूड फेस्टिवल' इन दिनों खाने के शौकीनों को खूब लुभा रहा है। यह विशेष आयोजन 31 अगस्त 2025 तक चलेगा जिसमें मेहमानों को बिहार के असली स्वाद से भरपूर स्पेशल बिहारी बुफे का आनंद मिल रहा है। 'बिहार का स्वाद, हर बाइट में याद' थीम पर आधारित इस फेस्टिवल में शुरुआत मसाला सत्तू और मट्ठा जैसे पारंपरिक वेलकम ड्रिंक से होती है। खाने की लिस्ट में काले चने की घुघनी, लिट्टी-चोखा, भुजाल मछली, भुजाल मुर्गा, आलू चाप, फ्राई चूड़ा जैसे स्टार्टर और दाल फ्राई, आलू दम, मटर पनीर, भरवा सब्जी, पुलाव, रसदार मुर्गा, बिहारी फिश करी, मोतिहारी टस्स जैसे लजीज मुख्य पकवान शामिल हैं। इनके साथ पूरी, पराठा और अन्य भारतीय ब्रेड परोसी जा रही हैं। मिठाई प्रेमियों के लिए चंद्रकला, इमरती विद रबड़ी, बलूशाही और लंगचा जैसे पारंपरिक डेजर्ट इस अनुभव को यादगार बना रहे हैं। यह स्वादिष्ट अनुभव मात्र वेज 749 रुपए और नॉन वेज 849 रुपए प्रति व्यक्ति में उपलब्ध है। फेस्टिवल का आयोजन होटल के इनकम टैक्स गोलंबर, किदवईपुरी, पटना स्थित परिसर में हो रहा है।

## आयुर्वेदिक सुपरफूड्स के साथ मानसून में पाएं एक्ने-फ्री ग्लोइंग स्किन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मानसून के मौसम में नमी और तापमान में बदलाव के कारण त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे बंद पोर्स, अधिक तेल स्राव और बार-बार होने वाले फोड़े-फुंसियां आम हो जाती है जहां लोग स्किनकेयर प्रोडक्ट्स पर ध्यान देते हैं, वहीं खानपान का असर अक्सर नजरअंदाज रह जाता है। आयुर्वेद के अनुसार इस मौसम में वात और पित्त दोष बढ़ जाते हैं जिससे सूजन और त्वचा रोगों की संभावना बढ़ती है। प्रमुख आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. मधुमिता कृष्णन का कहना है कि मानसून में त्वचा की सेहत बनाए रखने के लिए आहार में मीठे और हल्के तैलीय प्रकृति वाले खाद्य पदार्थ शामिल करना लाभकारी है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा



प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस-सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

# मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से हर घर तिरंगा यात्रा निकली



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** गोरौल प्रखंड के पीरापुर मथुरा पंचायत में मां प्रेमा फाउंडेशन की ओर से हर घर तिरंगा यात्रा निकाला गया। इसका शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक सह पूर्व पंचायत समिति सदस्या प्रेमा कुमारी ने किया। इसमें कोल इंडिया की ओर से संचालित सीता नंदलाल ज्ञानशाला की छात्राओं ने हिस्सा लिया। वंदे मातरम, भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद आदि के नारों से छात्राओं ने सभी को देश प्रेम व स्वतंत्रता दिवस को लेकर अभिप्रेरित किया। कार्यक्रम में फाउंडेशन की सीईओ ज्योति, जदयू व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा प्रसाद साह, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, संतोष कुमार, रितु राज, प्रीति कुमारी भी थे।

## संपादकीय

# प्रवर्तन निदेशालय की कार्यशैली पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्यशैली और उसकी भूमिका पर आए दिन सवाल उठते रहे हैं। राजनीतिक दलों का आरोप है कि ईडी प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई करती है। वहीं उच्च न्यायालयों से लेकर शीर्ष अदालत ने भी निदेशालय को कई बार सवालों के कठघरे में खड़ा किया है। यह अफसोसनाक है कि ईडी की जांच में आरोपी बनाए गए लोग दोषी सिद्ध न होने पर भी महीनों विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद रहते हैं।ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि धनशोधन रोकथाम कानून का दुरुपयोग कैसे और क्यों हो रहा है और किसके इशारे पर हो रहा है। इस कानून के तहत दोषसिद्धि दर पर भी सवालिया निशान लग चुके हैं। गुरुवार को शीर्ष न्यायालय ने भी इस बात पर चिंता जताई है कि धनशोधन मामलों में सजा की दर बहुत कम है। अदालत ने ईडी को सख्त लहजे में चेताया है कि वह किसी गुंडे की तरह काम नहीं कर सकती, उसे कानून के दायरे में रह कर काम करना होगा।अदालत की टिप्पणी ईडी की जांच प्रक्रिया और कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल है। अगर इस संस्था की छवि इस कदर नकारात्मक बन रही है, तो इस पर उसे सोचने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि शीर्ष न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज पर कोई पहली बार सवाल उठाया है। पिछले महीने भी अदालत ने कहा था कि ईडी सारी हदें पार कर रही है। यह गंभीर स्थिति है कि न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी जेल से बाहर आ जाते हैं। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय न तो अपनी जांच पूरी कर पाता है और न ही उनके खिलाफ आरोप सिद्ध कर पाता ।इस पर विचार किया जाना चाहिए कि अगर ईडी के पास किसी आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए मजबूत आधार होता है तो दोषसिद्धि की दर दस फीसद से भी कम क्यों है। इस पर चिंता जताते हुए शीर्ष अदालत ने उचित सवाल किया है कि अगर आरोपी बरी हो जाते हैं, तो इसका भुगतान कौन करेगा।यह बेकसूर नागरिकों की स्वतंत्रता का भी सवाल है। ईडी की छवि पर अगर प्रश्न उठ रहे हैं, तो इसका निवारण अब उसे ही करना होगा। इस संदर्भ में ईडी को शीर्ष अदालत की इस नसीहत पर गौर करने की जरूरत है कि उसे कानून की सीमा में काम करना चाहिए।

**जमीन का एक बड़ा भू-भाग दो हिस्सों में बंट गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को भारत का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान के तौर पर एक नया देश जन्मा। बंटवारे की वजह से जबरदस्त हिंसा भी हुई, जिसमें हजारों लोग मारे गए, जबकि लाखों की संख्या में लोगों को विस्थापित होना पड़ा। हालांकि, अब यहां सवाल उठता है कि आखिर वो क्या वजहें थीं, जिनके चलते भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। किन घटनाओं ने बंटवारे के बीज बोए और फिर आगे चलकर ब्रिटिश भारत दो हिस्सों में बंट गया। अगर आप सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो फिर आपको इसका जवाब मालूम होना चाहिए। यूपीएससी, पीसीएस समेत कई परीक्षाओं में इस घटनाक्रम से जुड़े सवाल आते हैं।**

# 1857 से 1947 तक... वो क्या वजहें थीं, जिसने करा दिया भारत का बंटवारा? जानें विभाजन का इतिहास

(अनवर अंसारी)

भारत को आजाद हुए सात दशक से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अभी भी देश के बंटवारे का दुख लोगों को दिलों में जिंदा है। बंटवारे के नतीजे लंबे समय तक देखने को भी मिले हैं। भारत और पाकिस्तान दोनों के इतिहास में सन 1947 का महत्व किसी भी चीज से बहुत ज्यादा है। ये वो साल है, जब भारतीय उपमहाद्वीप की तस्वीर बदल गई। जमीन का एक बड़ा भू-भाग दो हिस्सों में बंट गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को भारत का बंटवारा हुआ और पाकिस्तान के तौर पर एक नया देश जन्मा। बंटवारे की वजह से जबरदस्त हिंसा भी हुई, जिसमें हजारों लोग मारे गए, जबकि लाखों की संख्या में लोगों को विस्थापित होना पड़ा।

हालांकि, अब यहां सवाल उठता है कि आखिर वो क्या वजहें थीं, जिनके चलते भारत-पाकिस्तान का बंटवारा हुआ। किन घटनाओं ने बंटवारे के बीज बोए और फिर आगे चलकर ब्रिटिश भारत दो हिस्सों में बंट गया। अगर आप सरकारी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो फिर आपको इसका जवाब मालूम होना चाहिए। यूपीएससी, पीसीएस समेत कई परीक्षाओं में इस घटनाक्रम से जुड़े सवाल आते हैं।




**अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति:** 1857 का विद्रोह- 1875 के विद्रोह के बाद अंग्रेज समझ चुके थे कि भारतीय एकजुट होकर उनका यहां से सफाया कर सकते हैं। इसे देखते हुए ब्रिटिश राज ने ईस्ट इंडिया कंपनी से भारत का सीधा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। फिर धार्मिक मतभेदों का फायदा उठाकर अंग्रेजों ने हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करना शुरू कर दिया।

अलग निवार्चन क्षेत्र (1909)- मॉर्ले-मिंटो सुधारों ने मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र पेश किया। इसका मतलब था कि कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवारों को वोटिंग का अधिकार सिर्फ मुस्लिमों को था। इससे हिंदू-मुस्लिम के बीच राजनीतिक विभाजन औपचारिक रूप से स्थापित हो गया। इस घटना ने धार्मिक पहचान को बढ़ावा दिया।

बंगाल का बंटवारा (1905)- अंग्रेज यहीं नहीं रुके, बल्कि उन्होंने 1905 में बंगाल के विशाल प्रांत को मुस्लिम-बहुल पूर्वी बंगाल और हिंदू-बहुल पश्चिम बंगाल में बांट दिया। हालांकि, व्यापक विरोध के बाद 1911 में इस बंटवारे को रद्द कर दिया गया, लेकिन तब तक इसने धर्म के आधार पर विभाजन के बीज बो दिए।

**सांप्रदायिक राजनीति और मुस्लिम लीग का उदय:** मुस्लिम लीग का गठन (1906)- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव से कुछ मुस्लिम नेता चिंतित थे। उनका मानना था कि कांग्रेस एक हिंदू संगठन है। इसके जवाब में मुसलमानों के राजनीतिक अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए उन्होंने ऑल-इंडिया मुस्लिम लीग का गठन किया। इसके गठन ने धार्मिक राजनीति को पहचान दे दी।

द्वि-राष्ट्र सिद्धांत- मुस्लिम लीग के नेता मुहम्मद अली जिन्ना 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' के सबसे मुखर समर्थक थे। उनका कहना था कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धर्म हैं जिनकी संस्कृतियां, इतिहास और हित बिल्कुल अलग हैं। हिंदू-बहुल आजाद भारत में मुस्लिम हमेशा अल्पसंख्यक ही रहेगा, इसलिए उनके लिए एक नया देश जरूरी है।

लाहौर प्रस्ताव (1940)- मुस्लिम लीग ने अपने लाहौर प्रस्ताव में औपचारिक रूप से मुसलमानों के लिए एक अलग देश की मांग की। हालांकि प्रस्ताव की शब्दावली अस्पष्ट थी और इसमें साफ तौर पर 'पाकिस्तान' नाम का जिक्र नहीं किया गया था। मुस्लिम लीग का मानना था कि इस देश में ही मुसलमान सुरक्षित ढंग से रह पाएगा।

भारत को एकजुट रखने की असफल कोशिश
प्रांतीय चुनाव (1937)- इन चुनावों में मुस्लिम लीग का प्रदर्शन खराब रहा, जबकि कांग्रेस को कई प्रांतों में बहुमत मिला। मुस्लिम लीग कुछ क्षेत्रों में कांग्रेस के साथ गठबंधन सरकार बनाने में विफल रही। इसने एकजुट भारत बनने के विचार को हाशिए पर धकेल दिए, क्योंकि उन्हें डर था कि आजाद देश में उनका प्रतिनिधित्व नहीं होगा। उनके मन में डर था कि वे कभी पूरी तरह से सत्ता में नहीं आ पाएंगे।

क्रिप्स मिशन (1942)- द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटिश सरकार ने भारत में एक मिशन भेजा, जिसमें कहा गया कि युद्ध के बाद उसे डोमिनियन दर्जा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ क्षेत्र संयुक्त भारत में शामिल न होने का विकल्प चुन सकते हैं। लेकिन कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों ने ही इसे अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस ने इसे पूरी तरह से आजादी नहीं माना और मुस्लिम लीग का कहना था कि इसमें पाकिस्तान का कहीं जिक्र नहीं है।

कैबिनेट मिशन योजना (1946)- ये भारत को एकजुट रखने की आखिरी बड़ी कोशिश थी। इस योजना में एक कमजोर संघीय ढांचे का प्रस्ताव था, जहां सत्ता की असली ताकत प्रांतीय समूहों के पास होती। केंद्र सरकार तो होती, लेकिन उसे ज्यादा शक्तियां नहीं दी जाती। इस योजना को शुरू में कांग्रेस और मुस्लिम लीग दोनों ने स्वीकार किया था, लेकिन इसकी व्याख्या पर मतभेद था। आखिर में मुस्लिम लीग ने योजना को समर्थन देने से इनकार किया और ये प्लान फेल हो गया।

बंटवारे की ओर बढ़ना
डायरेक्ट एक्शन डे (1946)- कैबिनेट मिशन योजना के फेल होने के बाद जिन्ना ने कांग्रेस के रुख का विरोध करने और पाकिस्तान के निर्माण पर दबाव बनाने के लिए 'डायरेक्ट एक्शन डे' का आह्वान किया। इसकी वजह से कोलकाता में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक हिंसा हुई, जो देखते ही देखते देश के अन्य हिस्सों में भी फैल गई। इसने भय और अविश्वास के माहौल को जन्म दिया और फिर एकजुट भारत का सपना धुंधला होने लगा।

माउंटबेटन योजना (1947)- भारत के अंतिम वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन सत्ता ट्रांसफर की देखरेख को लेकर एक जनादेश लेकर आए। बढ़ती हिंसा और कांग्रेस व मुस्लिम लीग के बीच बढ़ते मतभेदों को देखते हुए, उन्होंने विभाजन की एक योजना प्रस्तुत की। कांग्रेस ने इस योजना को अनिच्छा से स्वीकार किया, क्योंकि उसका मानना था कि हिंसा को खत्म करने का यही एकमात्र तरीका है। दूसरी ओर मुस्लिम लीग ने इसे तुरंत स्वीकार कर लिया, क्योंकि उसे एक नया देश मिलने वाला था।

भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम (1947)- ब्रिटिश संसद ने एक कानून पारित किया जिसने 15 अगस्त, 1947 को आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान को अलग-अलग देश बना दिया। आनन-फानन में रेडक्लिफ रेखा नामक एक सीमा रेखा खींची गई, जो अक्सर गांवों और यहां तक कि घरों को भी काटती हुई गुजरी। इस वजह से हिंदुओं और सिखों का भारत और मुसलमानों का पाकिस्तान की ओर बड़े पैमाने पर पलायन हुआ।

आसान शब्दों में कहें तो, भारत का बंटवारा अंग्रेजों द्वारा कंट्रोल बनाए रखने के लिए 'फूट डालो, राज करो' नीति का इस्तेमाल, हिंदू और मुसलमान अलग-अलग जरूरतों वाले अलग-अलग राष्ट्र हैं-इस विचार का उदय, देश को एकजुट रखने की कोशिशों का फेल होना और बड़े पैमाने पर होने वाली हिंसा की दुखद शुरुआत का नतीजा था। ये आजादी के एक लंबे संघर्ष का एक दर्दनाक अंत था, जिसने इस क्षेत्र पर गहरा प्रभाव छोड़ा।

# स्वतंत्रता दिवस 2025, इतिहास और महत्व

(दिनेश दसौंधी)

भारतीय स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को मनाया जाता है। इसी दिन सन् 1947 को भारत से ब्रिटिश शासन का अंत और स्वतंत्र भारत की स्थापना हुई थी। 100 वर्ष ईस्ट इंडिया कंपनी और 100 वर्ष ब्रिटिश क्राउन का मिलाकर 200 वर्ष अंग्रेजों ने हम भारतीयों पर राज किया लेकिन ये ही वो दिन था जब हमारे पूर्वजों ने आज़ादी की खुली हवा में सांस ली। 15 अगस्त, 1947 के दिन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भारत के पहले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। हालाँकि भारतीय आज़ादी के बाद भी गोवा पुर्तगालियों उपनिवेश था जिसे 1961 में भारतीय सेना ने आजाद करा कर भारत में मिला लिया।

भारत इस वर्ष 15 अगस्त को अपना 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। देश पिछले 78 वर्षों से अपनी आजादी का उत्सव मनाने जा रहा है. इस तिथि पर, भारत अपने अधिकारों के लिए लड़ने में सक्षम हुआ और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त की। इसलिए, यह तारीख पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर है। दुनिया भर में मौजूद भारतीय भी अपनी एकता प्रदर्शित करने के लिए स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं। स्वतंत्रता दिवस 2025 हमें उन आत्मीय संघर्षों की याद दिलाता है जिन्होंने दो शताब्दियों के बाद अंग्रेजों के शासन से हमें मुक्ति दिलाई। स्वतंत्रता की भावना को प्राप्त करने के लिए कई नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन लगा दिया है। उनके लिए देश को स्वतंत्र कराना ही प्राथमिक उद्देश्य था। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 15 अगस्त, 1947 को दिल्ली में लालकिले के लाहौरी गेट के ऊपर तिरंगा फहराया था। इसके बाद से यह एक परंपरा है जिसका पालन हर साल प्रधानमंत्रियों द्वारा किया जाता है। झंडा फहराने के साथ-साथ लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का राष्ट के नाम संबोधन भी होता है। तिरंगा झंडा यह दर्शाता है कि हम अब एक स्वतंत्र भारत में रहते हैं। सिंदूर ऑपरेशन के बाद तिरंगे की शान कुछ और ज्यादा ही सुशोभित हो गई है।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कई वर्षों और महीनों के संघर्ष, कठिनाई और अहिंसा अभियानों के बाद ब्रिटिश संसद ने आखिरकार लॉर्ड माउंटबेटन को 30 जून, 1948 तक सत्ता हस्तांतरित करने का आदेश दिया। हालांकि माउंटबेटन ने इसे संशोधित कर 15 अगस्त, 1947 को सत्ता सौंपने की तारीख निर्धारित कर दी। 15 अगस?त, 1947 ही वह भाग?यशाली दिन था जब भारत को ब्रिटिश उपनिवेशवाद से स?वतंत्र घोषित किया गया और नियंत्रण की बागडोर देश के नेताओं को सौंप दी गई। स्वतंत्रता किसी भी व्यक्ति के लिए महत्व रखने वाली है और भारतीय स्वतंत्रता दिवस भी हमारे लिए उतना ही महत्व रखता है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त, 2022) के मौके पर हम सभी भारतीय आजादी का महत्व समझते हैं और उन सभी बलिदानी वीरों को याद करते हैं जिन्होंने हमारे लिए जान गंवाई। सभी व्यक्तियों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है और अपने राष्ट्रीय शहीद और प्रतिको के लिए सम्मान की भावना जागृत होती है।

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दर्शाता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है। भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है।

# देश की आजादी में क्या थी भूमिका? आरएसएस ने आलोचकों को दिया जवाब

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी शताब्दी की दहलीज पर है। ऐसे में यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम में संघ का क्या योगदान है? खास कर संघ विरोधी नेता सवाल उठा देते है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था। देश की आजादी में योगदान को लेकर उठते सवालों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आलोचकों को जवाब देते भी रहते है। राष्ट्रिय स्वयं संघ ने कुछ वर्ष पूर्व एक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डाक्यूमेंट्री जारी कर देश की आजादी के लिए चले सभी बड़े आंदोलनों में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और स्वयंसेवकों के योगदान का जिक्र किया था।**

अशोक भाटिया

हर साल हम भारत की आजादी की तारीख नजदीक आते ही इतिहास के उन पन्नों का जिक्र जरूर होता हैं जिसमें हमारे वीर सपूतों और स्वतंत्रता सेनानियों की कहानी से लेकर उनके संघर्ष की दास्तान होती है। मंगल पांडे, रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भगत सिंह, उधम सिंह, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू से लेकर न जाने कितने असंख्य लोगों ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। लेकिन इसके साथ भारत में एक ऐसा संगठन है जिसकी देशभक्ति पर हमेशा से सवाल उठता आया है, उससे हमेशा से एक सवाल पूछा गया कि आपका देश की आजादी में क्या योगदान था? अब तक तो आप यह समझ ही गए होंगे की हम किसकी बात कर रहे हैं। जी हां हम बात कर रहे हैं राष्ट्रीय स्वयंसवेक संघ की। इस संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्वतंत्रता संग्राम का लेखा-जोखा स्वाभाविक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी शताब्दी की दहलीज पर है। ऐसे में यह प्रश्न बार-बार पूछा जाता है कि स्वतंत्रता संग्राम में संघ का क्या योगदान है? खास कर संघ विरोधी नेता सवाल उठा देते है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं था।

देश की आजादी में योगदान को लेकर उठते सवालों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आलोचकों को जवाब देते भी रहते है। राष्ट्रिय स्वयं संघ ने कुछ वर्ष पूर्व एक स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डाक्यूमेंट्री जारी कर देश की आजादी के लिए चले सभी बड़े आंदोलनों में संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और स्वयंसेवकों के योगदान का जिक्र किया था । संघ का कहना है कि आजादी के आंदोलन में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह अलग बात है कि स्थापना के बाद से संगठन को कभी श्रेय लेने की आदत नहीं रही। लेकिन, समाज में सुनियोजित साजिश के तहत संघ को लेकर तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाई जाती हैं।

इतिहास के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन अक्सर इस भूमिका को अनदेखा कर दिया गया। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित इस संगठन का उद्देश्य हिंदुओं को एकजुट करना और उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए तैयार करना था। क्रांतिकारी



संगठन अनुशीलन समिति में अपनी भागीदारी से गहराई से प्रभावित डॉ. हेडगेवार इस उद्देश्य के लिए समर्पित थे। उन्होंने कोलकाता में क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया, जहाँ उन्होंने चिकित्सा का अध्ययन किया और ब्रिटिश विरोधी कार्यों के लिए 1921 और 1931 में दो बार जेल गए।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक मुख्य उद्देश्य भारत के लिए स्वतंत्रता प्राप्त करना था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों का समर्पण स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और कई लोगों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। 1929 में, जब कांग्रेस ने अपने लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज (पूर्ण स्वतंत्रता) की घोषणा की, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी सभी शाखाओं में इसका जश्न मनाया। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल थे। उनका नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे नेता एमएस गोलवलकर ने किया था। महाराष्ट के विदर्भ क्षेत्र में, रमाकांत देशपांडे के नेतृत्व में चिमूर में स्वयंसेवकों ने एक जोरदार विरोध प्रदर्शन शुरू किया जो हिंसक हो गया। परिणामस्वरूप, कुछ ब्रिटिश अधिकारियों की जान चली गई। यह घटना, जिसे चिमूर आष्टी प्रकरण के रूप में जाना जाता है, आंदोलन के इतिहास में एक उल्लेखनीय अध्याय है। एक और वीर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व्यक्ति सिंध के सक्खर से हेमू कलानी थे, जिन्होंने रेलवे फिशप्लेट्स को हटाकर ब्रिटिश सेना के आंदोलन को पटरी से उतारने का प्रयास किया था। उन्हें अपने कार्यों के लिए 1943 में सेना अदालत द्वारा मौत की सजा भी सुनाई गई थी।

सोलापुर के कांग्रेस कमेटी के सदस्य गणेश बापूजी शिंकर ने 1948 में संघ पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव बनाने हेतु सत्याग्रह में भाग लिया था ( महात्मा गांधी की हत्या के बाद नेहरू सरकार ने गलत तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में प्रतिबंध हटाना पड़ा था )। सत्याग्रह में शामिल होने से पहले उन्होंने लोकतांत्रिक नैतिकता के आधार पर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अपना रुख स्पष्ट करते हुए एक बयान जारी किया और यह 12 दिसंबर, 1948 को प्रकाशित हुआ। वे कहते हैं, मैंने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। उस समय पूंजीवादी और कृषक समुदाय सरकार से डरे हुए थे। इसलिए, हमें उनके घरों में सुरक्षित आश्रय नहीं दिया गया। हमें भूमिगत काम करने के लिए संघ (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) कार्यकर्ताओं के घरों में रहना पड़ा। संघ के लोग हमारे भूमिगत काम में खुशी-खुशी हमारी मदद करते थे। वे हमारी सभी जरूरतों का भी ख्याल रखते थे। इतना ही नहीं, अगर हममें से कोई बीमार पड़ जाता था, तो संघ के स्वयंसेवक डॉक्टर हमारा इलाज करते थे। संघ के स्वयंसेवक, जो वकील थे, निडरता से हमारे मुकदमे लड़ते थे। उनकी देशभक्ति और मूल्य आधारित जीवनशैली निर्विवाद थी। दिल्ली के संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दिल्ली इकाई के प्रमुख) लाला हंसराज के घर का इस्तेमाल प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अरुणा आसफ अली ने भूमिगत रहने के लिए किया था। अगस्त 1967 में हिंदी दैनिक हिंदुस्तान में प्रकाशित एक साक्षात्कार में उन्होंने बताया, मैं 1942 के आंदोलन में भूमिगत थी; दिल्ली के संघचालक लाला हंसराज ने मुझे 10-15 दिनों के लिए अपने घर में शरण दी और मेरी पूरी सुरक्षा का प्रबंध किया। उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि किसी को भी मेरे उनके घर पर रहने की खबर न मिले। प्रसिद्ध वैदिक विद्वान पंडित श्रीपाद दामोदर सातवलेकर औंध (महाराष्ट्र) के संघचालक थे। उन्होंने क्रांतिकारी भूमिगत नेता नाना पाटिल के ठहरने की व्यवस्था अपने घर पर की थी। पाटिल को पात्री सरकार के नए विचार के साथ प्रयोग करने के लिए जाना जाता है। पाटिल के सहयोगी किसनवीर अंग्रेजों के खिलाफ भूमिगत अभियान चलाते समय सतारा (महाराष्ट्र) के संघचालक के घर पर रुके थे।

## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को लेकर अंतिम पूर्वाभ्यास में शामिल हुए उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक

# आत्मविश्वास, उत्साह व देश प्रेम की ऊर्जा के साथ कचहरी मैदान में आयोजित होगा मुख्य कार्यक्रम

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस 2025 के मौके पर कचहरी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम झंडोतोलन, राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों का आज उपायुक्त खूंटी श्रीमती आर. रॉनिटा एवं पुलिस अधीक्षक खूंटी श्री मनीष टोप्पो ने संयुक्त रूप से जायजा लिया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया गया।




उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने झंडोत्तोलन किया एवं संयुक्त रूप से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इसके पश्चात उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड में भाग ले रहे प्लाटून का उत्साहवर्धन करते हुए 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ परेड करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के बैठने की उचित व्यवस्था समेत अन्य तैयारियों का भी जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रातः 8 बजे से विभिन्न सरकारी कार्यालयों में एवं प्रातः 9 बजे से कचहरी मैदान में मुख्य कार्यक्रम ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, परेड समेत अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# दलित परिवारों की जमीन पर फेंका कचरा और कुएं का पानी प्रदूषण मुक्त नहीं हुआ तो डीसी के सामने होगा आंदोलन : फॉरवर्ड ब्लॉक

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की ओर से आज गिरिडीह के डीसी रामविलास यादव के नाम एक आवेदन देकर फिटकोरिया पंचायत अंतर्गत चल रहे मशरूम फैक्ट्री के द्वारा स्थानीय कुछ दलित परिवारों की जमीन तथा उनके द्वारा उपयोग में लाए जा रहे कुएं के बगल कचरा फेंक कर पानी प्रदूषित कर दिए जाने के मामले का संज्ञान देते हुए दोषी ऊपर कारवाई कर दलित परिवारों को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने की मांग की गई है।



इस बाबत फारवर्ड ब्लाक के जिला संयोजक एवं बेंगाबाद के पूर्व के सदस्य राजेश यादव ने डीसी के नाम आवेदन समर्पित करने के बाद कहा कि, यह मामला लगातार उजागर होता आ रहा है तथा अंचल के प्रशासन द्वारा इसकी जांच भी की गई है। लेकिन जांच और कार्रवाई का हस्त क्या हुआ यह इस बात से समझा जा सकता है कि, अभी भी प्रभावित दलित परिवार दूषित कुएं का पानी पीने को विवश है और उनकी जमीन पर कचरा भी जस-के-तस पड़ा हुआ है। कहा कि, इसलिए बाध्य होकर आज जिले के उपायुक्त को भी आवेदन दे दिया गया है। अब यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो विवश होकर पीड़ित परिवारों को लेकर समाहरणालय के समक्ष ही आंदोलन किया जाएगा। यह भी कहा कि बेंगाबाद के स्थानीय प्रशासन की लापरवाही या जन मुद्दों के प्रति उनकी संवेदनहीनता के कारण भी फैक्ट्री मालिक की इस तरह की उद्दंडता दिखाई दे रही है। आवेदन देने वालों में फॉरवर्ड ब्लॉक नेता के साथ मनोज यादव, चंदन कुमार, शंभू तुरी आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़पीड़ितों के बीच दोनों वक्त का भोजन बंटवा रहे हैं कर्मवीर सिंह यादव

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अथमलगोला प्रखंड के रामनगर पंचायत में गंगा नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते करीब एक सप्ताह से पंचायत के कई वार्डों में पानी घुस जाने के चलते लोग सड़क पर आ गए हैं। जिसके चलते



ग्रामीणों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। आपदा को लेकर एक तरफ प्रखंड के अंचलाधिकारी कुमारी अर्पना ने कैंप करते हुए सरकारी विद्यालय में बाढ़ पीड़ित 500 लोगों के लिए प्रतिदिन दोनों वक्त का भोजन मुहैया करवा रही है, वहीं दूसरी तरफ बाढ़ विधानसभा के पूर्व निर्दलीय प्रत्याशी कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के छोटे भाई रणवीर यादव और लोहिया जनता दल के सचिव राजू कुमार चंद्रवंशी के द्वारा बाढ़ पीड़ित के लिए सुखा अनाज वितरण से लेकर दोनों वक्त का भोजन पानी बाढ़ पीड़ितको मुहैया करवा रहे हैं। बाढ़ पीड़ित को इस तरह की सुविधा मिलने से बहुत हद तक परेशानी कम हो गई है और इलाके में लल्लू मुखिया के द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना भी हो रही है।

### गोल के छात्रों ने रचा इतिहास, देश के शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में मिली सफलता

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET 2025 के पहले ही चरण की काउंसलिंग में गोल इंस्टीट्यूट के छात्रों ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस बार कई गोल के छात्रों ने देश के शीर्ष 10 मेडिकल कॉलेजों में अपनी जगह बनाई है। गोल इंस्टीट्यूट के 30 से अधिक छात्रों को अक्क्ष्टर में प्रवेश मिला है। इसके साथ ही 3 छात्रों का चयन मौलाना



आजाद मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में हुआ, 2 छात्रों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली में तथा 2 छात्रों को VMMC सफदरजंग, दिल्ली में स्थान मिला है। इसके अलावा कई छात्रों को BHU, AMU और अन्य शीर्ष मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्राप्त हुआ है। सफल छात्रों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए गोल इंस्टीट्यूट को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि गोल ने न केवल उन्हें पढ़ाई में मार्गदर्शन दिया, बल्कि काउंसलिंग प्रक्रिया में भी सहयोग कर उनकी राह आसान बनाई। गोल इंस्टीट्यूट के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री बिपिन सिंह ने कहा, "यह उपलब्धि हमारे छात्रों की मेहनत, अनुशासन और गोल की सटीक रणनीति का परिणाम है। हम अपने हर छात्र को सर्वोत्तम मार्गदर्शन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" गोल इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक श्री रंजय सिंह ने कहा, "पहली ही काउंसलिंग में इतने बड़े पैमाने पर चयन इस बात का प्रमाण है कि गोल का परिणाम-उन्मुख शिक्षण मॉडल छात्रों के करियर को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है।" गोल इंस्टीट्यूट के आर. एंड डी. हेड श्री आनंद वत्स ने कहा, "हम हर वर्ष अपने पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति और व्यक्तिगत मार्गदर्शन को और बेहतर बनाते हैं ताकि हमारे छात्र देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में स्थान प्राप्त कर सकें।" गोल इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी में देश का भरोसेमंद नाम है।

# जिला उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस परेड पर पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आत्मविश्वास, उत्साह और देश प्रेम की ऊर्जा के साथ मनाए स्वतंत्रता दिवस उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव झंडा मैदान में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, श्री रामनिवास यादव व पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।



इसके अलावे पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में प्लाटून के जवानों की टुकड़ी सहित महिला/पुरूष पुलिस जवान, गिरिडीह जिला पुलिस बल, गृह रक्षा वाहिनी कैडेरों, स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत परेड का पूर्वाभ्यास पूर्व से ही चल रहा था, जिसके तहत आज दिनांक- 13.08.2025 को अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने झंडा मैदान में किए जा रहे सभी व्यवस्थात्मक कार्यों का जायजा लिया और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में मुख्य मंच, परेड ग्राउंड, अतिथि दीर्घा, आम जनता के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सजावट, सुरक्षा प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, चिकित्सीय सुविधा एवं आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि सभी कार्य समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ताकि स्वतंत्रता दिवस समारोह सुचारु रुप से संपन्न हो सके। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम स्थल के भीतर और बाहर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मौके पर उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने सभी का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि चेहरे पर आत्मविश्वास, उत्साह और राष्ट्र प्रेम की ऊर्जा के साथ कार्यक्रम को भव्य बनाने में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। आगे उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों, प्रतिष्ठानों में ससम्मान राष्ट्रध्वज अवश्य फहराये। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा अभियान के लिए लगाया तिरंगा ध्वज



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज सुनील कुमार पासवान निवर्तमान महापौर सह प्रदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा झारखंड प्रदेश ने अपने घर पर हर घर तिरंगा अभियान के लिए तिरंगा ध्वज लगाया। आइए, हम सब भी अपने-अपने घरों पर तिरंगा लगाएँ और इस जन-आंदोलन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँ।तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी आजादी, गर्व और एकता का प्रतीक है आइए, इसे सम्मान और गर्व के साथ फहराएँ।

## गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना पालगंज में हर घर तिरंगा

# हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण का किया गया कार्य

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गिरिडीह के पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना पालगंज में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान अन्तर्गत वृक्षारोपण का कार्य किया गया। साथ में योजना से संबंधित सभी जलसहिया तथा पंचायती राज सदस्यों के साथ बहु ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के सफल संचालन के लिए विस्तृत चर्चा की गई।



रांची से आए वाश स्पेशलिस्ट कुमार प्रेमचंद, पेयजल स्वच्छता प्रमंडल, डिवीजन - 2 के कार्यपालक अभियंता महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालन एवं रख रखाव पर चर्चा करते हुए, एकत्रित किए गए जल कर के महत्व के बारे में बतलाया गया तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के समुचित साफ सफाई एवं देखभाल के लिए पेयजल ग्राम स्वच्छता समिति के जिम्मेवारियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# सीबीएसई क्लस्टर III टूर्नामेंट में तीसरे दिन के मैच के दिन भी खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सलूजा गोल्ड स्कूल में चल रहे सी बी एस ई क्लस्टर क्क्क टूर्नामेंट में तीसरे दिन के मैच के दिन भी खिलाडियों का उत्साह चरम पर दिखा। दर्शकों की भीड़ के बीच टीमों के प्रदर्शन पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही जो खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती रही।



आज तीसरे दिन के मैच में भी टीमों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। दर्शकों ने कई रोमांचक मुकाबले देखे, जिनमें खिलाड़ियों ने अपनी पूरी ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने अपने-अपने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसमें रेडिंग, टैकलिंग और डिफेंस शामिल थे। होनेवाले सभी मुकाबलों में सभी टीमों ने शानदार टीम वर्क का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें कई महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिली। इस कबड्डी प्रतियोगिता में लड़को के अलावा लकड़ियों ने भी अपनी पकड़ बना रखी है और अपने विपक्षी टीम को मात देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। लड़कियों के प्रदर्शन पर बात करते हुए प्रबंध निर्देशक जोरावर सिंह सलूजा ने कहा यह एक स्वर्णिम पल है जब लड़कियां घर के पारम्परिक काम काजों से निकल कर लड़को के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विभिन्न खेल कूदो में प्रदर्शन कर रही हैं लड़कों मात हैं। आज हुए मुकाबले में अंडर 19 बालक वर्ग में, एम. जी एम, ओपन और फाउंडेशन पब्लिक स्कूल ने जीत हासिल की। वही अंडर 14 बलिकवर्ग मुकाबले में ग्रीज्जली विद्यालय, ज्ञान निकेतन, डी वाई पाटिल स्कूल, रेडियंट इंटरनेशनल जीत दर्ज की।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा निकाला गया भव्य तिरंगा यात्रा

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् गिरिडीह के द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा निकाला गया। झंडा मैदान मैं एकत्रीकरण होकर टावर चौक, कालीबाड़ी चौक, पदम चौक, शिव मोहल्ला होते हुए बड़ा चौक, गांधी चौक, वीर कुंवर सिंह चौक होते हुए समापन अकादमी मैदान में किया गया।




कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अनुशांगिक संगठन के कार्यकताओं का अहम योगदान रहा मौके पर अभाविप के प्रदेश शोध प्रमुख कृष्णा त्रिवेदी, विभाग संयोजक विजय ओझा, जिला संयोजक सह प्रदेश जनजाति सह कार्य प्रमुख मंटू मुर्मू जिला प्रमुख प्रोफेसर राजकुमार वर्मा, नगर अध्यक्ष ज्योति चौधरी, उपाध्यक्ष आदित्य बेसरा, नगर मंत्री नीरज चौधरी, सह मंत्री अनीश राय, विशाखा कुमारी अंजलि कुमारी संघ से धर्मवीर जी, रोहित जी, विश्व हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल से विभाग मंत्री अनूप यादव, जिला सह मंत्री शिवपूजन जी, गौतम भदानी, रितिक चंद्रवंशी भारतीय जनता पार्टी से जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोसेसर विनीता कुमारी, सीनेट सदस्य रंजीत राय, प्रदेश ओबीसी प्रवक्ता विनय सिंह, जिला मंत्री शालिनी वैशखिकयार, प्रदेश युवा मोर्चा मंत्री संजीव कुमार नगर मंत्री समीर दीप, अंतराराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश पाण्डेय धनबाद विभाग अध्यक्ष रवि शंकर पाण्डेय जी हिन्दू हेल्प लाइन के महामंत्री बसंत सिंह जी राष्ट्रीय बजरंग दल से पंकज कुमार पाण्डेय और कुंदन केशरी जी वनवासी कल्याण आश्रम से जिला संगठन मंत्री दीपक मरांडी ग्रीष्म भक्त प्रंतीय महा समिति सदस्य गिरी बनवासी कल्याण परिषद संथाल परगना बिनोद केशरी अध्यक्ष मंडल प्रमुख सुनीता देवी आचार्या मीना देवी सरिता देवी , एकल अभियान जीत अकैडमी से आकाश श्रीवास्तव, मौके पर दीपा सेट , सदानंद राय, विकास वर्मा, शुभम ताती, विवेक कुमार, मुन्ना पंडित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान, गरीब, दलित, अल्पसंख्यक, मजदूर व दबे कुचले लोग के लिए लिए आंदोलन और तेज करेंगे : राजकुमार



**गिरिडीह/नव बिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों के साथ जुर्म नहीं होने देगा गिरिडीह के किसान नेता,बड़े आंदोलन को तैयार रहे भ्रष्ट व्यवस्था गिरिडीह में पूरे राज्य में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है, माले विभाग के खिलाफ आवाज बुलंद करेगा सभा, मार्च, मोदी ट्रंप पुतला दहन और ज्ञापन हुआ किसानों के हित में अखिल भारतीय किसान महासभा के बैनर तले देशव्यापी कार्यक्रम था जो पापरवाटांड़ में सभा के रूप में हुआ, किसान नेताओं ने मोदी के खिलाफ जमकर हल्ला बोल किया, ट्रंप के खिलाफ जमकर नारा लगा, किसान नेता पूरन महतो, जिला सचिव अशोक आसवन, सचिव विजय सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारणी कौशल्या दास, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, जिला सह सचिव नागेश्वर महतो, धनवार प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार दास, धानेश्वर पासवान, मुन्ना राणा, माले नेत्री जयंती चौधरी, राम किशुन यादव, पवन यादव, हुबलाल कोल्ह आदि ने संबोधित किया, साथ ही साथ माले नेता राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा, अजीत राय आदि ने भी संबोधित किया, सभा में सैकड़ों की भीड़ थी महिलाएं पुरुष सामिल थे सभा की समाप्ति के बाद जुलूस के रूप में प्रतिवाद मार्च निकाला गया, चौराहे पर मेन रोड में मोदी और ट्रंप का पुतला फूंका गया, उसके बाद जुलूस के रूप में डीसी कार्यालय तक मार्च पास करते सभी नेता और कार्यकर्ता गए,गेट के पास माले के पूर्व विधायक ने संबोधन में कहा कि मोदी सरकार कहता है कि मोदी का 56 इंच का सीना है किंतु ट्रंप के सामने वह सीना दिख गया, ट्रंप लगातार भारत की बेइज्जती कर रहा है किंतु पीएम मोदी की आवाज बंद है,कहा कि यदि अमरीका भारत पर टैरिफ 50% लगाया है तो भारत को अमरीका के सामानों पर 50% टैरिफ लगाना चाहिए किसान नेता पूरन महतो और विजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार वोट को चोरी कर के सरकार में आए है जिसको आज पूरा भारत देख रहा है, जनता को अब धर्म के नाम पर और झूठे वादे का झांसा देखकर जीत नहीं सकता है भाजपा सरकार, गरीब जनता को तंग नहीं करने देंगे। जिला सचिव अशोक पासवान ने कहा कि अभी तो भाकपा माले ने सांकेतिक कार्यक्रम किया है जल्द गिरिडीह में बड़ा आंदोलन करेंगे। माले नेता राजेश सिन्हा, कन्हाई पांडेय, मेहताब अली मिर्जा, रामलाल मुर्मू, शंकर पांडेय, दारा सिंह, अजीत राय आदि नेताओं ने कहा कि अफसरशाही के कारण जनता परेशान है, सीसीएल क्षेत्र में बड़े बड़े कोयला चोर के साथ प्रशासन की मिली भगत है,सीसीएल कर्मी और अफसर घुस लेकर अवैध धंधा करवाते है,सीसीएल क्षेत्र में आवासीय नहीं बनता है।

# नगर भवन में पंचायत उन्नति सूचकांक पर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उक्त कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ, निदेशक, डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया यह पहल न केवल पंचायतों की कार्यकुशलता बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन स्तर को भी सुदृढ़ बनाएगी। उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आज नगर भवन में पंचायत उन्नति सूचकांक (पाई) विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह, अनुमंडल पदाधिकारी, खोरीमहुआ,




निदेशक, डीआरडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पंचायत स्तर पर उन्नति और कार्यों में सुधार के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित करना था। आगे उन्होंने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक एक परिवर्तनकारी उपकरण है जो देशभर की 2.5 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों की प्रगति को मापने के लिए तैयार किया गया है। यह सूचकांक स्थानीयकृत सतत विकास लक्ष्य (एलएसडीजी) के तहत नौ प्रमुख विषयों पर पंचायतों के प्रदर्शन को आंकता है जैसे गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-अनुकूल पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सुरक्षित पंचायत, सुशासन युक्त पंचायत तथा महिला हितैषी पंचायत। पंचायतों के समुचित मूल्यांकन हेतु पीएआई पोर्टल पर समय पर और सटीक डाटा अपलोड किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा, "यदि पंचायतों का कार्य अच्छा भी है, लेकिन पोर्टल पर दस्तावेजीकरण नहीं है, तो रैंकिंग में वे पीछे रह सकती हैं।" उन्होंने कहा कि पंचायत उन्नति सूचकांक ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसके माध्यम से प्रत्येक पंचायत के विभिन्न विकास सूचकों—जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पोषण, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचना—के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इस सूचकांक के आधार पर पंचायतों की रैंकिंग निर्धारित की जाएगी और कमजोर क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड व पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में विकास कार्यों की सटीक जानकारी समय पर दर्ज करें तथा पंचायत उन्नति सूचकांक को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पंचायतों की कार्यकुशलता बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामवासियों के जीवन स्तर को भी सुदृढ़ बनाएगी। इस दौरान पंचायत उन्नति सूचकांक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीडीओ,सीओ एवं पंचायत के मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# भारत और रूस ने निकाला ट्रंप के टैरिफ का तोड़!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। भारतीय सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया है। इसके अलावा रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरक्त टैरिफ लगाया गया है। इसके बावजूद भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीदारी जारी रखने का फैसला किया है। हाल ही में सरकार और आरबीआई ने रुपये और रूस की करेंली रूबल में ट्रेड को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। आइए देखते हैं कि ये कदम क्या हैं और इनसे क्या बदलाव आएगा।



## रुपये-रूबल व्यापार में फिर से चर्चा क्यों हो रही है?

कुछ दिनों पहले, अमेरिका ने भारत पर ज्यादा टैक्स लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद, 5 अगस्त को आरबीआई ने एक आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया कि ऑथराइज्ड डीलर कैटगरी-1 बैंक केंद्रीय बैंक की अनुमति के बिना विदेशी बैंकों के लिए स्पेशल रुपये वोस्ट्रो अकाउंट खोल सकते हैं। इसके बाद हाल ही में आरबीआई ने इन पैसों को सरकारी सिक्योरिटीज और ट्रेजरी बिलों में आसानी से निवेश करने की अनुमति दे दी। पहले इस पर कुछ रोक थी जिसे हटा दिया गया है।

## वोस्ट्रो अकाउंट क्या होता है?

वोस्ट्रो अकाउंट एक ऐसा बैंक अकाउंट होता है जिसमें एक घरेलू बैंक, विदेशी बैंक के पैसों को अपनी लोकल करेंसी में रखता है। मसलन अगर कोई भारतीय बैंक किसी रूसी बैंक के लिए भारतीय रुपये में अकाउंट रखता है, तो उसे वोस्ट्रो अकाउंट कहते हैं। एसआरवीएरूस के साथ तेल के व्यापार को आसान बनाता है। इससे लेन-देन सीधे रुपये में हो सकता है। इसमें डॉलर जैसी तीसरी करेंसी की जरूरत नहीं होती। आमतौर पर दूसरे वोस्ट्रो अकाउंट में ऐसा होता है कि डॉलर की जरूरत पड़ती है। इस बदलाव से अकाउंट खोलने की प्रक्रिया आसान और तेज हो जाएगी। इन अकाउंट का इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बिल बनाने, पेमेंट करने और लेन-देन को पूरा करने के लिए किया जाता है। पहले बैंकों को एसआरवीएखोलने से पहले आरबीआई से इजाजत लेनी होती थी। लेकिन अब वे खुद ही इसे खोल सकते हैं। इससे रुपये में होने वाले व्यापार के लेन-देन में तेजी आएगी। रूस भारत के लिए कच्चे तेल का सबसे बड़ा सप्लायर है।

## क्या चुनौतियां हैं?

भारत का रूस को निर्यात कम है और आयात ज्यादा है। तेल के आयात की वजह से व्यापार में भारत को घाटा होता है। इससे रूस के पास बहुत सारे भारतीय रुपये जमा हो जाते हैं जिससे लेन-देन में दिक्कत आती है। रूस की जिन कंपनियों पर अमेरिका ने पाबंदी नहीं लगाई है, वे रुपये के बजाय डॉलर में पेमेंट लेना पसंद करती हैं। रूबल की कीमत में बहुत उतार-चढ़ाव होता है। इसे कंट्रोल करना भी मुश्किल है। इसलिए रुपये के साथ सीधे एक्सचेंज करना मुश्किल होता है। अक्सर डॉलर के जरिए इसे बदलना पड़ता है, जिसमें बहुत खर्च आता है।

## इन चुनौतियों से कैसे निपटा जा रहा है?

इन चुनौतियों से निपटने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। इसमें रुपये-रूबल के लिए एक ऐसा एक्सचेंज रेट सिस्टम बनाना शामिल है जिससे डॉलर में बदलने का खर्च कम हो जाए। पेमेंट की पुष्टि करने के लिए सिस्टम बनाए जा रहे हैं। दूसरे फाइनेंशियल मैसेजिंग नेटवर्क का इस्तेमाल करने पर भी विचार किया जा रहा है।

---

## तीन साल पहले कंपनी बनाई और अब गूगल क्रोम को खरीदने का दे दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इसे कहते हैं दम दिखाना। जी हां, भारतवंशी सीइओ अरविंद श्रीनिवास के नेतृत्व वाली कंपनी पेरप्लेक्सिटी एआई ने एक अनूठा कदम उठाया है। पेरप्लेक्सिटी एआई ने गूगल क्रोम को खरीदने के लिए 34.5 बिलियन डॉलर (भारतीय रुपये में करीब 3,02,152 करोड़) का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव पूरी तरह से कैश में पेमेंट का है। न्यूज एजेंसी एक रिपोर्ट के अनुसार, पेरप्लेक्सिटी का यह प्रस्ताव उसकी अपनी वैल्यू से कहीं ज्यादा है।



**कितनी पुरानी कंपनी है यह-** आप पेरप्लेक्सिटी एआई का नाम शायद ही सुना होगा। क्योंकि, अभी इस कंपनी को महज तीन साल ही हुए है। इस कंपनी ने निवेशकों से लगभग 1 बिलियन डॉलर जुटाए हैं। इस कंपनी को हल्के में नहीं लें। पिछली बार जब कंपनी का वैल्यूएशन हुआ था, तो यह 14 बिलियन डॉलर आंका गया था। पेरप्लेक्सिटी का कहना है कि कई फंड्स ने इस डील को पूरा करने के लिए फाइनेंस करने की पेशकश की है, लेकिन उन्होंने किसी का नाम नहीं बताया है।

### गूगल पर कुछ आरोप भी

पेरप्लेक्सिटी एआई का यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब गूगल पर रेगुलेटरी दबाव है। अमेरिका के न्याय विभाग ने गूगल के खिलाफ ऑनलाइन सर्च में गैरकानूनी एकाधिकार का आरोप लगाया है। अदालत ने भी माना है कि गूगल का एकाधिकार है।

## 52 हफ्ते के टॉप पर पहुंचा पेटीएम का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम की पैरेंट वन 97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में बुधवार को उछाल आई। बीएसई पर कंपनी का शेयर करीब 5 प्रतिशत बढ़कर 1186.50 रुपये पर पहुंच गया जो इसका 52 हफ्ते का टॉप है। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम की सहायक कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड) को ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर के तौर पर काम करने की सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसलिए कंपनी के शेयरों में आज तेजी दिख




रही है। हालांकि आईपीओ में शेयर पाने वाले निवेशक अब भी करीब 1000 रुपये के घाटे में हैं। आरबीआई ने कहा कि पीपीएसएल को यह मंजूरी पेमेंट एग्रीगेटर्स और पेमेंट गेटवे के नियमों का पालन करने पर ही मिलेगी। साथ ही कंपनी को 31 मार्च, 2021 को जारी किए गए स्पष्टीकरणों का भी पालन करना होगा। इस मंजूरी में सिर्फ पेमेंट एग्रीगेटर के काम शामिल हैं। सेंट्रल बैंक ने साथ ही कंपनी को एक सिस्टम ऑडिट कराने का भी आदेश दिया है। इसमें साइबर सुरक्षा ऑडिट भी शामिल होगा।

### इश्यू प्राइस पर घाटा

साथ ही आरबीआई ने कंपनी को एक बड़ी राहत देते हुए नवंबर 2022 में लगाए मर्चेंट ऑनबोर्डिंग प्रतिबंधों को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसका मतलब है कि पीपीएसएल अब नए मर्चेंट्स को अपने प्लेटफॉर्म पर जोड़ सकता है।

---

# ट्रेजरी विभाग बोला- राष्ट्रीय ऋण रिकॉर्ड 37 ट्रिलियन डॉलर हुआ

### ट्रंप के टैरिफ से राजस्व बढ़ा



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी सरकार का सकल राष्ट्रीय ऋण अब 37 ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो अब तक सबसे ज्यादा है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की नई रिपोर्ट के मुताबिक, यह रिकॉर्ड इस हफ्ते बना है। यह दर्शाता है कि अमेरिकी सरकार पर कर्ज लगातार बढ़ रहा है और इसका बोझ करदाताओं पर भी पड़ेगा। वहीं, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से रिकॉर्ड आय प्राप्त करने के बावजूद, इस वित्तीय वर्ष में जुलाई में अमेरिकी बजट घाटा पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी बढ़ गया है। ट्रेजरी विभाग की मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को जारी रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय कर्ज पूर्वानुमानों की तुलना में कई साल पहले 37 ट्रिलियन डॉलर अधिक हो गया है। कांग्रेस के बजट कार्यालय ने जनवरी 2020 में अनुमान लगाया था कि यह आंकड़ा वित्तीय वर्ष 2030 के बाद ही पार होगा, लेकिन 2020 में शुरू हुई कोरोना महामारी के बाद हालात बदल गए। महामारी के दौरान, अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए सरकार ने अपेक्षा से अधिक कर्ज लिया।

### खर्च और राजस्व नीति को गति देने में कांग्रेस की प्रमुख भूमिका

ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन की आर्थिक अध्ययन की वरिष्ठ फेलो वेंडी एडेलबर्ग ने कहा कि खर्च और राजस्व नीति को गति देने में कांग्रेस की प्रमुख भूमिका है। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन के कर कानून का मतलब है कि हम 2026 और 2027 के दौरान बहुत अधिक उधार लेंगे, और यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा।

### लोगों पर पड़ेगा सरकारी कर्ज का सीधा असर

सरकारी जवाबदेही कार्यालय (जीएओ) ने अमेरिकियों पर बढ़ते सरकारी कर्ज के कुछ प्रभावों की रूपरेखा तैयार की है। इस कर्ज का असर लोगों पर सीधा पड़ेगा। जैसे घर और कार के लोन महंगे होंगे, कंपनियों के पास निवेश के लिए कम पैसा होगा, जिससे वेतन कम रह सकते हैं। इसके अलावा, सामान और सेवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं।

---

# शाहरुख खान के शराब बिजनेस में निखिल कामत में खरीदी हिस्सेदारी

### टकीला लॉन्च करने की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेरोधा के को-फाउंडर और अरबपति निवेशक निखिल कामत ने दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के शराब बिजनेस में निवेश किया है। कामत के पास शाहरुख और उनके बेटे आर्यन खान की कंपनीडीयावोल स्पिरिट्स की 5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा उनके पास देश की चौथी बड़ी शराब कंपनी रेडिको खेतान में भी 1.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है जिसकी कीमत 660 करोड़ रुपये है। उन्होंने रेडिको में अपने इनवेस्टमेंट को मिनिएचर पार्टनर और शानदार निवेश बताया है।

रेडिको ने डीयावोल स्पिरिट्स में 40 करोड़ रुपये में 47.5 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। अब रेडिको इस कंपनी में सबसे बड़ी शेयरधारक है।डीयावोल स्पिरिट्स के अन्य संस्थापक शाहरुख खान और आर्यन खान के दोस्त हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी लेटी ब्लागोएवा हैं। इन सभी के पास मिलकर कंपनी में 47.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इन चारों ने 2022 में प्रीमियम स्पिरिट्स का डिस्ट्रीब्यूशन शुरू किया था। उन्होंने डीयावोल सिंगल एस्टेट वोडका, इनसेप्शन ब्लेंडेड माल्ट स्कॉच व्हिस्की और वोर्टेक्स स्कॉच व्हिस्की लॉन्च की हैं। यह स्टार्टअप भारत में डीयावोल एनेजो टकीला भी लॉन्च करेगा। रेडिको के एमडी अभिषेक खेतान ने बताया कि रेडिको की टकीला में एंट्री करने की कोई योजना नहीं थी। लेकिन जब शाहरुख के साथ बातचीत हुई और जब हमने उनके द्वारा बनाया गया प्रोडक्ट देखा, तो हमने उनके साथ पार्टनरशिप करने का फैसला किया।

---

## 19 अगस्त से खुल रहा सोलर कंपनी का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप आईपीओ में पैसे लगाने की सोच रहे हैं तो आपके लिए यह काम की खबर हो सकती है। अगले सप्ताह विक्रम सोलर का आईपीओ आ रहा है। कोलकाता स्थित फोटोवोल्टिक मॉड्यूल निर्माता ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 315-332 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह मौजूदा गैर-सूचीबद्ध बाजार वैल्यू 385 रुपये प्रति शेयर से कम है। इस सीमा के ऊपरी छोर पर, विक्रम सोलर का मार्केट कैप लगभग 14,190 करोड़ रुपये होगा। विक्रम सोलर का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। एंकर बुक 18 अगस्त को खुलेगी। शेयर आवंटन 22 अगस्त को होगा और स्टॉक एक्सचेंजों में लिस्टिंग 26 अगस्त को होगी।

**क्या है डिटेल-** विक्रम सोलर के आईपीओ में 1,500 करोड़ रुपये के नए शेयर बिक्री घटक और इसके प्रमोटर ज्ञानेश चौधरी, विक्रम कैपिटल मैनेजमेंट और अनिल चौधरी द्वारा 1,74,50,882 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है, जिसकी कीमत मूल्य बैंड के ऊपरी छोर पर 579.37 करोड़ रुपये है।

---

# सीईओ कठपालिया समेत तलब होगा इंडसइंड बैंक मैनेजमेंट

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग ने इंडसइंड बैंक में कथित ऑडिट में अकाउंटिंग गंडबड़ियों की प्रारंभिक जांच शुरू की है। यह कार्रवाई बैंक की वर्तमान प्रबंधन टीम द्वारा दर्ज शिकायत के आधार पर की गई है।

सीएनबीसी-टीवी18 के मुताबिक ईओडब्ल्यू ने बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी और पूर्व उप सीएफओ के कार्यालय से जुड़े कर्मचारियों के बयान दर्ज किए हैं। बैंक के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया तथा एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी अरुण खुराना को भी आगामी दिनों में तलब कर उनके बयान रिकॉर्ड किए जाएंगे। हालांकि, जांच के दौरान पूर्व सीएफओ और पूर्व उप सीएफओ को भी तलब किया जा सकता है। यह अभी प्रारंभिक जांच है, प्रथम सूचना रिपोर्ट नहीं।




### कैसा रहा चौथी तिमाही का रिजल्ट

बता दें इंडसइंड ने 21 मई को वित्तीय वर्ष 2024-2025 की चौथी तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया, जो इसका अभी तक का सबसे खराब तिमाही घाटा है। इसकी वजह यह थी कि इसने प्रावधानों को काफी हद तक बढ़ा दिया और तिमाही के दौरान पाए गए डेरिवेटिव और माइक्रोफाइनेंस सेगमेंट में लेखांकन विसंगतियों से जुड़े 2,500 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के गलत तरीके से दर्ज राजस्व और आय प्रविष्टियों को उलट दिया। एम एस के ए एंड एसोसिएट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और एम पी चितले एंड कंपनी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने मार्च 31 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए इंडसइंड बैंक के संयुक्त केंद्रीय वैधानिक लेखा परीक्षक थे।

### क्या है मामला

10 मार्च को बैंक ने एक नोटिस के जरिए बताया कि आरबीआई के निर्देशों के अनुसार इंटरनल ऑडिट में कुछ अकाउंटिंग गलतियां पाई गईं। आरबीआई मास्टर डायरेक्शन के हिसाब से बैंक ने इंटरनल ऑडिट किया तब उसे पता चलता कि कुछ अकाउंटिंग गलतियां हैं। इन गलतियों की वजह से बैंक को 2100 करोड़ रुपये का नुकसान होगा। एक्सटर्नल ऑडिट के बाद यह नुकसान और भी बढ़ सकता है। यह नुकसान बैंक की नेटवर्थ का 2.35 प्रतिशत है। यह गलती हेजिंग कॉस्ट से जुड़ी है। बैंक ने आरबीआई की मंजूरी के तुरंत बाद अकाउंटिंग से जुड़ी कमियों का खुलासा किया था जिसमें वित्त वर्ष 2025 के वित्तीय नतीजे पर 1,960 करोड़ रुपये के झटके का अनुमान लगाया गया था। बाद में बैंक की तरफ से नियुक्त एक्सटर्नल ऑडिटर ने 1,959.98 करोड़ रुपये के झटके की पुष्टि की थी।

---

# अंबानी परिवार की संपत्ति अदाणी से दोगुनी होकर 28 लाख करोड़ हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अरबपति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले अंबानी परिवार के पास 28 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। यह अदाणी परिवार की 14.01 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति से दोगुनी से भी अधिक है। हुरुन की ओर से बार्कलेज के सहयोग से तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि देश के 300 सबसे मूल्यवान भारतीय परिवारों के पास 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (140 लाख करोड़ रुपये) से अधिक की संपत्ति है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 40 प्रतिशत से भी अधिक है। अकेले अंबानी परिवार की संपत्ति देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 12 प्रतिशत है।



**बीते एक साल में अंबानी परिवार की संपत्ति 10 फीसदी बढ़ी-** हुरुन-बार्कलेज की रिपोर्ट के अनुसार, अंबानी परिवार की संपत्ति में पिछले वर्ष 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे यह देश में सबसे मूल्यवान पारिवारिक व्यवसाय के रूप में अपनी रैंकिंग बरकरार रखने में सफल रहा है। वहीं दूसरी ओर, अदाणी समूह पहली पीढ़ी के उद्यमी की ओर से शुरू किया गया देश का सबसे मूल्यवान व्यवसाय है। रिपोर्ट में दिए गए, आंकड़ों के अनुसार कुमार मंगलम बिड़ला परिवार की संपत्ति पिछले साल 20 प्रतिशत बढ़कर 6.47 लाख करोड़ रुपये हो गई। वे पीढ़ी दर पीढ़ी आधार पर संपत्ति अर्जित करने वाले परिवारों की सूची में एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

### देश के शीर्ष 300 परिवारों की संपत्ति एक साल में 17000 करोड़ रुपये बढ़ी

बजाज परिवार सूची में एक स्थान नीचे खिसक कर चौथे स्थान पर आ गया। उनकी संपत्ति 21 प्रतिशत घटकर 5.64 लाख करोड़ रुपये रह गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति के लिहाज से देश के शीर्ष 300 परिवारों ने पिछले वर्ष प्रतिदिन 7,100 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की। हुरुन की रिपोर्ट के अनुसार, 1 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 8,700 करोड़ रुपये) से अधिक संपत्ति रखने वाले परिवारों की संख्या 37 बढ़कर 161 हो गई है। सूची में शामिल एक-चौथाई से अधिक व्यवसाय एक्सचेंजों में सूचीबद्ध नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सूची में शामिल केवल 11 प्रतिशत व्यवसाय सेवा क्षेत्र से जुड़े। वहीं बाकि 89 प्रतिशत भौतिक उत्पाद बेचते हैं।

---

# चीन ने भारत को यूरिया निर्यात में ढील दी

### तनाव कम करना उद्देश्य; अब 3 लाख टन हो सकेगी खरीद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन ने भारत के साथ तनाव घटाने की कवायद के तहत यूरिया के निर्यात में ढील दे दी है। हालांकि इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है



लेकिन मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि भारत चीन से तीन लाख टन तक यूरिया का आयात कर सकता है। भारत दुनिया में यूरिया का सबसे बड़ा आयातक है। चीन ने भारत के साथ तनाव घटाने की पहल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर 50 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद की है। भारत और चीन के बीच जून, 2020 में लद्दाख की गलवां घाटी में हिंसक झड़प के बाद से संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि पिछले कुछ महीनों में हालात में सुधार दिखा है फिर भी दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर विवाद जारी है।

**2023 में चीन ने रोकी थी यूरिया की बिक्री-** 2023 में चीन का आधा यूरिया निर्यात भारत को होता था लेकिन पिछले साल इसने दुनिया के सभी देशों को यूरिया की बिक्री रोक दी। इस जून में चीन ने इस प्रतिबंध में ढील दी लेकिन भारत पर लगा प्रतिबंध अभी तक जारी था। अब इसमें ढील दी गई है। हालांकि 3 लाख टन की मात्र बहुत अधिक नहीं है लेकिन धीरे-धीरे इसमें बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

### 18.70 लाख टन से घटकर सिर्फ एक लाख टन रह गया था आयात

भारत ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान 57 लाख टन यूरिया का आयात किया था। यह पिछले साल के मुकाबले 20 फीसदी कम था। वहीं, प्रतिबंध के कारण चीन से होने वाला आयात 2023-24 के 18.70 लाख टन से घटकर 2024-25 में एक लाख टन के करीब रह गया था। भारत की ज्यादातर अर्थव्यवस्था अब भी कृषि पर निर्भर है और इसलिए घरेलू मांग को पूरा करने के लिए भारत को उर्वरकों को बड़ी मात्रा में आयात करना पड़ता है। सरकार यूरिया पर बड़ी मात्रा में सब्सिडी भी देती है ताकि किसानों पर बोझ न पड़े।



# थलापति विजय की जन नायकन को लेकर बॉबी का खुलासा

**थलापति विजय की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म जन नायकन 9 जनवरी, 2026 को रिलीज होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है, क्योंकि वह राजनीति में कदम रखने की योजना बना रहे हैं।**

### बॉबी ने की विजय की तारीफ

बातचीत के दौरान, बॉबी देओल ने बताया कि थलापति विजय बहुत बड़े स्टार हैं। उनकी लोकप्रियता के कारण बाहर शूटिंग करना मुश्किल होता है, क्योंकि लोग भारी संख्या में इकट्ठा हो जाते हैं। इसलिए फिल्म की शूटिंग ज्यादातर स्टूडियो में हो रही है।
साउथ फिल्मों को लेकर बॉबी की राय
बॉबी ने दक्षिण भारतीय सिनेमा में अपने पिछले अनुभव भी साझा किए। उन्होंने नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके) के साथ काम करने को शानदार बताया और कहा कि वह जनता के स्टार हैं। साथ ही, उन्होंने सूर्या के साथ फिल्म कंगुवा में काम करने की बात की, जो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। बॉबी ने कहा कि सूर्या बेहतरीन अभिनेता हैं, लेकिन स्क्रिप्ट में कमी रह गई। जन नायकन एक राजनीतिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन एच. विनोथ ने किया है। इसमें विजय एक पूर्व पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे, जो एक बड़ी राजनीतिक लड़ाई में उलझता है।





# मुझे वो सबक मिला, जो... हंसिका मोटवानी के क्रिप्टिक पोस्ट ने आग में डाला घी

फेमस एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ के कारण सुर्खियों में हैं। उनकी शादीशुदा जिंदगी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। खबर है कि वो पति से सेपरेट हो गई हैं और अब अपनी मां के साथ रहती हैं। अब उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है। पहले टीवी और बाद में हिंदी व साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी पिछले कई दिनों से लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। वजह उनकी पर्सनल लाइफ है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि पति सोहेल खटूरिया संग उनकी शादीशुदा जिंदगी में तनाव चल रहा है। यहां तक कि दोनों सेपरेट रह रहे हैं। ये भी दावा किया जा रहा है कि हंसिका ने सोशल मीडिया से पति संग अपनी तस्वीरों को डिलीट कर दिया है और इसने आग में घी डालने का काम किया है। अब हंसिका ने अपना 34वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर उन्होंने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया है, जो वायरल हो रहा है। हंसिका मोटवानी ने 9 अगस्त को अपना बर्थडे मनाया। उन्होंने नीले समंदर की एक फोटो पोस्ट की और कैप्शन में लिखा, बहुत विनम्र और शुक्रगुजार से भरी हुई। प्यार में लिपटी हुई। केक से सजी हुई और हर छोटे-छोटे पल के लिए आभारी।
पर हंसिका ने जो आगे लिखा है, वो हैरान कर देने वाला है। वो लिखती हैं, ये साल मुझे वो सबक लेकर आया, जो मैंने नहीं मांगा था। और वो ताकत जो मुझे पता ही नहीं थी कि मेरे पास है। दिल भर गया। फोन भर गया। आत्मा को शांति मिली। जन्मदिन के इस जादुई पल के लिए शुक्रिया। हंसिका की साल 2022 में सोहेल से शादी हुई थी। शादी के 3 साल बाद हंसिका ने अबनी शादी की फोटोज को डिलीट कर दिया है। उन्होंने 18 जुलाई से पति संग कोई फोटो शेयर नहीं की है।




# ऋतिक और जूनियर एनटीआर ने वसूली 'वॉर 2' के लिए मोटी रकम

ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की मच अवेटेड फिल्म 'वॉर 2' अब एक दिन बाद यानी 14 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। इस फिल्म को काफी बड़े स्तर पर बनाया गया है। इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन और शानदार सिनेमैटोग्राफी देखने को मिलेगी, जिसकी एक झलक ट्रेलर में ही देखने को मिली है। फिल्म को विदेशों में अलग-अलग लोकेशंस पर शूट किया गया है। जिसे देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि मेकर्स ने फिल्म के लिए काफी पैसा बहाया है।

### किआरा को मिली मोटी रकम



सिर्फ मेल एक्टर्स ही नहीं फिल्म की हीरोइन किआरा आडवाणी को भी इस फिल्म के लिए अच्छी-खासी रकम मिली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, किआरा ने 'वॉर 2' के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये लिए हैं। ये कथित तौर पर उनकी अब तक की सबसे ज्यादा फीस है। यानी फिल्म के रिलीज होने से पहले ही 'वॉर 2' किआरा के करियर के लिए अहम फिल्म बन चुकी है।

### जूनियर एनटीआर ने वसूली तगड़ी फीस

'वॉर 2' से तेलुगु सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म में उनके किरदार को लेकर काफी हाइप बना हुआ है। वहीं उनके और ऋतिक रोशन के बीच एक्शन को देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। ऐसे में जाहिर है कि जूनियर एनटीआर ने फीस भी काफी मोटी ली होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जूनियर एनटीआर ने 'वॉर 2' के लिए करीब 60 से 70 करोड़ रुपए चार्ज किए हैं। ये उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' की फीस से भी ज्यादा है, जहां उन्हें 45 करोड़ रुपए मिले थे।

### फीस के साथ कमाई में भी शेयर लेंगे ऋतिक

'वॉर 2' में ऋतिक रोशन एक बार फिर रॉ एजेंट कबीर धालीवाल की भूमिका में नजर आएंगे। 2019 में आई 'वॉर' में ऋतिक ने अपने अभिनय और लुक्स से हर किसी को प्रभावित किया था। अब एक बार फिर ऋतिक के कंधों पर 'वॉर 2' की सफलता की बड़ी जिम्मेदारी है। इसके लिए ऋतिक ने रकम भी मोटी वसूली है। रिपोर्ट्स की मानें तो 'वॉर 2' के लिए ऋतिक ने करीब 48 करोड़ रुपए फीस ली है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ये भी दावा किया जा रहा है कि ऋतिक इस फीस के साथ फिल्म की कमाई में भी शेयर लेंगे।



# 'बर्फी' के लिए जॉइन की थी वर्कशॉप

## डायरेक्टर को दी थीं गालियां

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा को हाल ही में फिल्म हेड ऑफ स्टेट में देखा गया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि कैसे उन्हें बर्फी के लिए कास्ट किया गया था। साथ ही बताया कि बर्फी की झिलमिल उनके यादगार किरदारों में से एक है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया। इसमें बर्फी के सीन दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म को अनुराग बसु ने डायरेक्ट किया था। साथ ही, उन्होंने शेयर किया कि कैसे वो ये रोल लगभग खोने वाली थीं। प्रियंका ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जनवरी 2009 में मैं न्यूयॉर्क में अंजाना अंजानी की शूटिंग कर रही थी। तब रणबीर कपूर ने उनकी नई फिल्म बर्फी के बारे में बताया, जिसे अनुराग बसु बना रहे थे। मैं भी उनके काम की तारीफ करती हूं। उन्होंने मुझे जब झिलमिल का रोल ऑफर किया तो मैं बहुत खुश हुई। हम मुंबई में उनके घर पर मिले, तब मैं सजी-धजी एक कार्यक्रम से लौटी थी, पर उन्होंने मुझे देखा और कहा कि वो झिलमिल के रूप में उन्हें सोच नहीं पा रहे हैं, पर हम फिर भी 5 दिन की वर्कशॉप के लिए तैयार हो गए। उन्होंने आगे बताया कि इस वर्कशॉप के दौरान उनकी कितनी बुरी हालत हो गई थी। उन्होंने कहा, हमने खुद को रिसर्च में डुबो दिया, पढ़ना, वीडियो देखना, बच्चों के साथ मीटिंग जो ऑटिज्म से पीड़ित थे और आराम नगर के ऑफिस में एक्सरसाइज करते थे। एक दिन उन्होंने मुझे कहा कि मैं उस पर गंदी हिंदी गालियां बरसाऊं। शर्मिंदा होकर, मैंने फिर भी कोशिश की; यह मजेदार था, और इसने मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाला। और फिर बसु-स्टाइल अभ्यास के बाद, झिलमिल का जन्म हुआ। अधिकतर बर्फी-झिलमिल के सीन बिना तैयारी के किए गए थे। प्रियंका ने कहा, सर ने एक आइडिया शेयर किया और हमने उस पर काम शुरू कर दिया। यह मेरे पिताजी के सेट पर मुझसे मिलने के आखिरी दिनों में से एक था। बर्फी!, मेरी सबसे अनमोल फिल्मों में से एक है। रवि वर्मन की सिनेमैटोग्राफी बेस्ट थी। खूबसूरत इलियाना डिक्रूज ने श्रुति को एक अद्भुत रूप दिया, रणबीर एक स्टार की तरह चमके, और अनुराग सर शानदार, सौम्य और चंचल थे। उनकी कहानी कहने की कला जादुई है। बर्फी अनुराग बसु की सिनेमा को लिखे गए एक लव लेटर की तरह है, जिसे भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजा गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश ये कोई अवॉर्ड न जीत सकी।

# पति पत्नी और पंगा की हिना खान का छलका दर्द

**हिना खान को पिछले साल ब्रेस्ट कैंसर हुआ था। उन्होंने इस बीमारी से जंग लड़ी। इस दौरान खूब काम भी किया। वो इन दिनों पति रॉकी के साथ पति पत्नी और पंगा शो में नजर आ रही हैं। उन्होंने खुलासा किया कि कैंसर के कारण एक साल में लोग काम देने से हिचकिचा रहे हैं।**

हिना खान को ये रिश्ता क्या कहलाता है सीरियल से घर-घर में पहचान मिली। उन्हें टीवी इंडस्ट्री में काम करते हुए करीब 16 साल बीत गए हैं। वो इन दिनों पति रॉकी जायसवाल के साथ पति पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका दर्द छलका है कि वो काम करना चाहती हैं, लेकिन कैंसर का पता चलने के बाद अब कई लोग उनके साथ काम करने में हिचकिचा रहे हैं। हिना खान ने बताया कि बीमार पड़ने के बाद उनका काम पीछे छूट गया। उन्हें कई ऑफर छोड़ने पड़े। उन्होंने कहा, ये सबकुछ होने के बाद ये (पति पत्नी और पंगा) मेरा पहला प्रोजेक्ट है। मैं काम करना चाहती हूं। किसी ने मुझसे सीधे तौर पर ये नहीं कहा कि तुम अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हो, लेकिन मैं समझ सकती हूं कि शायद लोग सही कारणों से हिचहिचा रहे हैं।

### एक साल से किसी ने बुलाया नहीं

हिना खान ने कहा, कोई बात नहीं। मुझे ये परंपरा तोड़नी होगी। हो सकता है शो ऐसा करे, मैं इसे समझती हूं। अगर मैं उनकी जगह होती, तो इस बारे में हजार बार सोचती। मैं ऑडिशन के लिए तैयार हूं, मैं कहां रुकी थी? पिछले एक साल से किसी ने मुझे किसी कारण से नहीं बुलाया। मैं हर चीज के लिए तैयार हूं, प्लीज मुझे फोन करें।

### टीवी पर वापसी करके खुश हैं हिना

ये रिश्ता क्या कहलाता है से डेब्यू करने के बाद हिना कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका के रोल में नजर आई थीं। वो स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 8 और बिग बॉस 11 कर चुकी हैं। 37 साल की एक्ट्रेस ने कहा कि वो पति पत्नी और पंगा शो से वापसी करके खुश हैं। ये शो कलर्स चैनल पर आ रहा है।

### पति पत्नी और पंगा की कास्ट

पति पत्नी और पंगा में हिना खान-रॉकी जायसवाल के अलावा देबिना बनर्जी-गुरमीत चौधरी, रुबीना दिलैक-अभिनव शुक्ला, अविका गौर-मिलिंद चंदवानी, स्वरा भास्कर-फहद अहमद, गीता फोगट-पवन कुमार और सुदेश लहरी-ममता लहरी भी हैं।





# अजय देवगन के बैनर के तले बनाई जा रही है नेटफ्लिक्स की फिल्म रामरी

एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी और मोहित रैना अपने करियर में पहली बार साथ नजर आने वाले हैं। वह रामरी नामक फिल्म में साथ होंगे। यह अजय देवगन के बैनर से नेटफ्लिक्स के लिए बन रही है। इस फिल्म की कहानी 1945 की एक सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें भारतीय मिलिट्री ऑपरेशन्स और ऐतिहासिक घटनाओं को दिखाया जाएगा। रामरी में अजय सिर्फ बतौर प्रोड्यूसर होंगे। परदे पर मोहित और सिद्धांत साथ में एक्शन करते दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन एक महिला डायरेक्टर कर रही हैं, जिनकी यह पहली फिल्म है। बहरहाल, उनका नाम अभी सामने नहीं आया है। बताया जा रहा है कि रामरी की शूटिंग अक्टूबर से हैदराबाद की रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होगी।

### धमाल 4 में अनिल-माधुरी की जगह होंगे नए कलाकार

वहीं अजय की हाल ही में सन ऑफ सरदार 2 रिलीज हुई। वह बॉक्स ऑफिस पर फीकी रही थी। अब उनकी बहुप्रतीक्षित कॉमेडी फिल्म धमाल 4 को लेकर भी अहम जानकारी सामने आई है। इस फिल्म में अनिल कपूर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी नजर नहीं आएगी। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की बढ़ती लंबाई के कारण दोनों कलाकारों ने खुद ही यह प्रोजेक्ट छोड़ा है, क्योंकि उनके किरदारों के लिए ज्यादा काम नहीं बचा था। अब उनकी जगह कुछ नए किरदारों को शामिल किया जाएगा, जो फिल्म में कॉमेडी करते नजर आएंगे। धमाल 4 में अजय के साथ रितेश देशमुख, संजय दत्त, अरशद वारसी और जावेद जाफ़री जैसे कलाकार बने रहेंगे। अरशद और रितेश के अपोजिट तो एक्ट्रेसेज हैं मगर इस बार अजय के अपोजिट किसी एक्ट्रेस नहीं रखा गया है। इंद्र कुमार इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं।



### गोलमाल 5 की शूटिंग अगले साल होगी शुरू

कॉमेडी की सबसे सफल फ्रेंचाइज में से एक गोलमाल 5 की घोषणा भी हो चुकी है। अजय की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म सन ऑफ सरदार 2 के क्लाइमैक्स में निर्देशक रोहित शेट्टी ने खुद इस फिल्म की अनाउंसमेंट की है। रोहित फिलहाल जॉन अब्राहम के साथ राकेश मारिया की बायोपिक पर काम कर रहे हैं, जिसके बाद वह गोलमाल 5 पर काम शुरू करेंगे। गोलमाल 5 की शूटिंग फरवरी या मार्च 2026 में शुरू होने की उम्मीद है और यह 2027 के शुरुआती महीनों में रिलीज हो सकती है। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है और इसमें अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, श्रेयस तलपड़े और जॉनी लीवर जैसे पुराने कलाकार वापसी करेंगे।

### रेंजर में संजय-अजय फिर साथ दिखेंगे

अजय के पास गोलमाल 5 के अलावा भी कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। उनकी हिट थ्रिलर सीरीज दृश्यम 3 कतार में है। हालांकि यह अभी तय नहीं है कि इसकी शूटिंग कब शुरू होगी। इसके अलावा, वह अपनी फिल्म दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग के आखिरी शेड्यूल के लिए लंदन में हैं, जहां एक गाने की शूटिंग चल रही है। उनकी एक और फिल्म रेंजर भी चर्चा में है, जिसमें उनके साथ संजय दत्त मुख्य भूमिका में होंगे। इस फिल्म की शूटिंग सितंबर से मुंबई में होनी है। वहीं, अजय के भांजे देवगन भी एक हॉरर फिल्म करने वाले हैं, जिसे अजय देवगन फिल्म्स ही प्रोड्यूस कर रहा है।



# गिल से हार गए बाबर आजम

## एशिया कप से पहले ही टूटा पाकिस्तान का घमंड!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप तो दूर की बात है. शुभमन गिल वहां खेलेंगे, वो भी अभी साफ नहीं है. मगर, एशिया कप में 14 सितंबर को होने वाली भारत-पाकिस्तान टक्कर से पहले, शुभमन गिल ने बाबर आजम पर अपने दबदबे की कहानी जरूर लिख दी है. भारतीय क्रिकेट के प्रिंस ने पाकिस्तान क्रिकेट के स्टार बैटर को हरा दिया है. इस हार और जीत की स्क्रिप्ट क्रिकेट के मैदान पर बेशक ना लिखी गई हो. मगर इसका नाता क्रिकेट से जरूर है. शुभमन गिल ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने के मामले में बाबर आजम को पीछे छोड़ा है.

### प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने में बाबर से आगे निकले गिल

शुभमन गिल को जुलाई 2025 के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया गया है. इस अवॉर्ड को जीतने के साथ ही उन्होंने बाबर आजम का भी वो रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिस पर पाकिस्तान अब तक नाज करता आ रहा था. मेंस क्रिकेट में अब तक सबसे ज्यादा 3 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने का रिकॉर्ड बाबर आजम के नाम था. मगर शुभमन गिल ने चौथी बार उस खिताब को जीतते हुए पाकिस्तानी बल्लेबाज को पीछे छोड़ दिया है.

### कब-कब बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ?

जुलाई 2025 में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले शुभमन गिल, इससे पहले जनवरी 2023, सितंबर 2023 और फरवरी 2025 में भी ये अवार्ड जीत चुके हैं.
दुनिया के दूसरे खिलाड़ियों की बात करें तो शुभमन गिल के बाद दूसरा नंबर बाबर आजम का है. उनके बाद इंग्लैंड के हैरी ब्रूक हैं, जो 2 बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने हैं. इंग्लैंड के ब्रूक के अलावा, श्रीलंका के कामिंदु मेंडिस, ्श्व के मोहम्मद वसीम, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन और भारत से जसप्रीत बुमराह और श्रेयस अय्यर ने दो-दो बार ये अवॉर्ड जीता है.

### एशिया कप में खेल सकते हैं गिल

एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान 19 या 20 अगस्त को होने की खबर है. संभावित खिलाड़ियों में एक नाम शुभमन गिल का भी है. अगर शुभमन गिल टीम में आते हैं तो एशिया कप में बाबर आजम से उनकी सीधी टक्कर देखने को मिलेगी. भारत और पाकिस्तान के नजरिए से मुकाबला जीतने के लिए इन दोनों बल्लेबाजों का अपनी-अपनी टीमों के लिए चलना जरूरी होगा.

# आईसीसी रैंकिंग- रोहित शर्मा ने बाबर आजम को पीछे छोड़ा

- *टिम डेविड टी-20 के टॉप-10 बैटर्स में शामिल*





**दुबई, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आईसीसी वनडे रैंकिंग में पाकिस्तानी बैटर बाबर आजम को पीछे छोड़ दिया है। बाबर को वेस्टइंडीज दौरे पर खराब प्रदर्शन का नुकसान हुआ है। इसमें शुभमन गिल नंबर-1 पर हैं।

आईसीसी ने बुधवार को अपनी ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, एक दिन पहले मंगलवार, 12 अगस्त को दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 41 बॉल पर शतक बनाने वाले 22 साल के साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में 80 स्थान का फायदा हुआ है। ब्रेविस ने नाबाद 125 रन की पारी खेली थी। वे 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। ब्रेविस के अलावा, साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 में 83 रनों की विस्टफोटक पारी खेलने वाले टिम डेविड 6 स्थान के उछाल के साथ 10वें स्थान पर आ गए हैं। यह टिम डेविड के करियर की बेस्ट रैंकिंग है। भारत के अभिषेक शर्मा 829 रेटिंग पॉइंट्स के साथ नंबर-1 पर हैं, जबकि जबकि तिलक वर्मा (804 रेटिंग पॉइंट्स) इंग्लैंड के फिल सॉल्ट (791 पॉइंट्स) को पीछे छोड़कर नंबर-2 पर आ गए हैं।

# एशिया कप में पाकिस्तान से न खेले भारत, हरभजन सिंह की अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और राज्यसभा सदस्य हरभजन सिंह ने भारतीय क्रिकेट टीम से संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी एशिया कप टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने का आग्रह किया है। हरभजन उस भारतीय चैंपियन टीम का हिस्सा थे जिसने हाल ही में हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में सेमीफाइनल सहित पाकिस्तान चैंपियन टीम के साथ खेलने से इनकार कर दिया था।

भारत पहले टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के बाद मौजूदा चैंपियन था, लेकिन कप्तान युवराज सिंह, शिखर धवन और हरभजन सिंह जैसे खिलाड़ियों के भारत के पाकिस्तान के साथ खेलने के खिलाफ होने के कारण, भारतीय चैंपियन टीम ने सेमीफाइनल मैच छोड़ दिया और पाकिस्तान को फाइनल में जाने दिया। भारतीय टीम ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में भी खेलने से इनकार कर दिया था। फाइनल में साउथ अफ्रीका चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को हराकर खिताब जीता।

देश की गरिमा के आगे क्रिकेट फीकाः हरभजन

हरभजन सिंह ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'उन्हें (भारतीय टीम को) यह समझने की जरूरत है कि क्या जरूरी है और क्या नहीं। यह बिलकुल सीधी बात है। मेरे लिए, वे सैनिक जो सीमा पर खड़े हैं, जिनका परिवार अक्सर उनसे मिल नहीं पाता, जो कभी-कभी अपनी जान दे देते हैं और कभी घर नहीं लौटते, उनका बलिदान हम सबके लिए बहुत बड़ा है। उसकी तुलना में यह बहुत छोटी बात है कि हम एक भी क्रिकेट मैच खेलना नहीं छोड़ सकते। यह बहुत छोटी बात है।'

### तब तक क्रिकेट नहीं : हरभजन

टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाले पहले भारतीय हरभजन सिंह ने कहा, 'हमारी सरकार का भी यही यानी 'खून और पानी एक साथ नहीं रह सकते' रुख है। ऐसा नहीं हो सकता कि सीमा पर लड़ाई हो, दोनों देशों के बीच तनाव हो और हम क्रिकेट खेलने जाएं। जब तक ये बड़े मुद्दे सुलझ नहीं जाते, क्रिकेट बहुत छोटी बात है। देश हमेशा पहले आता है।'

उन्होंने यह भी कहा, 'हमारी सरहद पर भाई खड़े हुए हैं, जो हमें प्रोटेक्ट कर रहे हैं, हमारे देश को प्रोटेक्ट कर रहे हैं, उनका हौसला देखो, वे कितना बड़ा दिल लेकर वहां पर खड़े हुए हैं और सोचिए उनके परिवार पर तब क्या बीतती होगी जब वे घर नहीं लौटते और हम क्रिकेट खेलने चले जाते हैं।'

# शे होप ने की पाकिस्तान की ऐसी पिटाई, एबी डीविलियर्स भी छूटे पीछे, क्रिस गेल और धोनी का रिकॉर्ड खतरे...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक तीर से दो शिकार तो सुना था. मगर, वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप ने पाकिस्तान की जैसी पिटाई की है, उसके बाद उन्होंने एक तीर से कई शिकार किए हैं. शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ विस्फोटक शतक लगाकर मोहम्मद रिजवान की टीम की हार तो तय की ही. इसके अलावा एबी डीविलियर्स को भी पीछे छोड़ने का काम किया. इतना ही नहीं, पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज डिसाइडर में शे होप के जमाए शतक के बाद अब क्रिस गेल और धोनी का रिकॉर्ड भी खतरे में पड़ गया है.

शे होप ने पाकिस्तान के खिलाफ 94 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 120 रन बनाए. 127.65 की स्ट्राइक रेट से खेली उनकी इस इनिंग में 5 छक्के और 10 चौके शामिल रहे. ये शे होप के वनडे करियर का 18वां, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक रहा. शे होप की इस शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 294 रन बनाए, जिससे पार पाना पाकिस्तान के लिए लोहे के चने चबाने जैसा बन गया.शे होप को प्लेयर ऑफ द मैच बनाने वाले उनके धुआंधार शतक में अब खास क्या रहा, अब जरा वो जानिए. इस शतक के बूते शे होप ने एबी डीविलियर्स को सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वाले विकेटकीपरों की लिस्ट में पीछे छोड़ा है. शे होप के बतौर विकेटकीपर अब 5 वनडे शतक हैं. जबकि, एबी डीविलियर्स के 4 ही थे. इस मामले में वर्ल्ड रिकॉर्ड धोनी के नाम है, जिन्होंने 6 शतक बतौर कीपर वनडे में लगाए हैं.

# दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स बनेंगी बार्बी डॉल, महिलाओं के सम्मान में अनूठी पहल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स जल्द ही 'बार्बी डॉल' के रूप में नजर आएगी। इस गुड़िया निर्माता कंपनी ने प्रेरणादायी महिलाओं की अपनी सीरीज में वीनस को लेकर 'बार्बी डॉल' बनाई है जिसे शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इस गुड़िया को उसी तरह की पोशाक पहनाई गई है जो वीनस ने 2007 में विंबलडन चैंपियन बनने के दौरान पहनी थी। यह वही वर्ष था जब पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में महिलाओं को पुरुषों के बराबर पुरस्कार राशि मिली थी। इस गुड़िया की खुदरा कीमत 38 डॉलर बताई गई है, जिसमें वीनस पूरी तरह सफेद पोशाक में होंगी। उनके गले में हरे रंग का रत्न का हार, कलाई का बैंड हाथों में रैकेट और टेनिस बॉल होगी।



## सिनसिनाटी ओपन

# कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराया



**सिनसिनाटी, एजेंसी।** सिनसिनाटी ओपन में कार्लोस अल्काराज ने हमद मेडजेडोविक को हराकर 2025 की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज ने 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। अल्काराज ने इस जीत के साथ ही लगातार 13वीं मास्टर्स 1000 जीत दर्ज की और एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। अल्काराज और मेडजेडोविक के बीच जब मैच की शुरुआत हुई तो कड़ी टक्कर देखने को मिली। लेकिन, कार्लोस ने मैच को धीरे-धीरे अपने पक्ष में किया। मेडजेडोविक ने 3-3 की बराबरी पर सर्विस की। सर्बिया के मेडजेडोविक ने तीन ब्रेक पॉइंट बचाए, लेकिन चौथे ब्रेक पॉइंट पर दबाव का असर दिखा। इसका फायदा कार्लोस को हुआ। अल्काराज ने 95 मिनट तक चले मैच को 6-4, 6-4 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, मुझे पता है कि वह वाकई एक ज़बरदस्त खिलाड़ी है। उसके शॉट्स को रिटर्न करना बेहद मुश्किल होता है। उसकी सर्विस भी जबरदस्त है। मुझे पता है कि उसे इधर-उधर ज्यादा दौड़ना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी योजना उसे जितना हो सके उतना दौड़ाने की थी। अल्काराज का सामना चौथे दौर में लुका नार्डी से होगा, क्योंकि जैकब मेन्सिक के मैच के बीच में ही रिटायर होने के बाद इस इतालवी खिलाड़ी को फ्री पास मिल गया था। 22 वर्षीय अल्काराज अपने आठवें मास्टर्स 1000 खिताब की तलाश में हैं। इस बेजोड़ जीत के सिलसिले के दौरान वे मोंटे कार्लो और रोम पर कब्जा कर चुके हैं।

## टी-20 विश्व कप

# नेपाल की टीम ने बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया

ICC T20 WORLD CUP

**मुंबई, एजेंसी।** बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। नेपाल की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में अभ्यास किया । यह भारत और नेपाल के बीच बढ़ते सहयोग का एक और उदाहरण है। बीसीसीआई पड़ोसी देश को क्रिकेट टीम के रूप में अपनी साख बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्वालिफायर की तैयारी के तहत नेपाल की राष्ट्रीय टीम ने दो सप्ताह के विशेष शिविर में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया। टीम ने सुविधाओं का पूरा उपयोग किया और आगामी चुनौतियों के लिए खुद को तैयार करने के लिए कौशल, फिटनेस और खेल की विभिन्न स्थितियों पर काम किया। इस शिविर का उद्देश्य टी-20 विश्व कप क्वालिफायर से पहले खिलाड़ियों के कौशल को बेहतर करना था। नेपाल की पुरुष टीम ने पिछले साल अगस्त में भी बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र में अभ्यास किया था और भारत में आयोजित घरेलू अभ्यास टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया था।

# 7 दिन के अंदर सरेंडर करो...हत्या के आरोपी सुशील कुमार को सुप्रीम कोर्ट का आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के मुख्य आरोपी और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत रद्द सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कुमार को जमानत देने संबंधी दिल्ली हाई कोर्ट के 4 मार्च के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति करोल ने फैसले का मुख्य अंश पढ़ते हुए सागर के पिता की ओर से जमानत आदेश के विरोध में दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। न्यायाधीश ने कहा कि कुमार को एक सप्ताह के भीतर सरेंडर करना होगा।इस बीच सुशील कुमार जमानत पर छूटने के बाद उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी पर लौट आया था, लेकिन अब उसे 7 दिन के अंदर सरेंडर करना होगा और जेल जाना होगा।

अशोक धनखड़ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट का आदेश पलटा

वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ मृदुल ने मृतक के पिता अशोक धनखड़ का प्रतिनिधित्व किया, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी सुशील कुमार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए। सुशील कुमार पर कई अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 मई, 2021 को दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में कथित तौर पर एक संपत्ति विवाद को लेकर धनखड़ और उनके दो दोस्तों सोनू और अमित कुमार पर हमला करने का आरोप है।

नेशनल पहलवान की हत्या के बाद 18 दिनों तक पुलिस से भागता रहा सुशील कुमार

हरियाणा के रोहतक के 23 वर्षीय पहलवान धनखड़ की हमले में लगी चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि उनके दो साथी घायल हो गए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार धनखड़ की मौत चोट के कारण हुई। इस घटना के बाद ओलंपियन की तलाश में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया और 18 दिनों तक पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में भागने के बाद गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने मुंडका इलाके में गिरफ्तार किया जब वह एक नेशनल स्तर के एथलीट से उधार ली गई स्कूटी पर सवार होकर नकदी लेने आया था। 23 मई, 2021 को गिरफ्तारी के बाद सुशील को रेलवे की नौकरी से निलंबित कर दिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जहां वह अपनी जमानत के आदेश तक रहा।

सुशील कुमार पर अपहरण, डकैती, हत्या और दंगा सहित कई आरोप

दिल्ली की एक निचली अदालत ने अक्टूबर 2022 में सुशील कुमार और 17 सह-आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत आरोप तय किए, जिनमें हत्या, दंगा, आपराधिक साजिश, अपहरण, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध शामिल हैं। दिल्ली पुलिस के आरोपपत्र में सुशील कुमार को इस ग्रुप का सरगना बताया गया है और आरोप लगाया गया है कि अपने घटते प्रभाव की अफवाहों से अपने अहंकार को ठेस पहुंचाने के बाद कुश्ती समुदाय में अपना प्रभाव फिर से स्थापित करने के लिए उसने यह हमला करवाया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वाति मालीवाल को कोर्ट से राहत, रेप पीड़िता का नाम बताने वाले केस में मिली बेल



**नई दिल्ली , एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल को आज दिल्ली कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक नाबालिग यौन उत्पीड़न पीड़िता का नाम उजागर करने का आरोप में उन्हें बरी कर दिया है। मालीवाल पर जुवेनाइल जस्टिस एक्ट और धारा 228ए के तहत मामला दर्ज किया गया था,जो यौन अपराधों के पीड़ितों की पहचान उजागर करने पर रोक लगाती है। उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई अपनी स्नढ्ढक्र में दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मालीवाल ने यौन उत्पीड़न मामले में जांच की स्थिति जानने के लिए,क्षेत्र के ष्ठष्टक्क को संबोधित एक नोटिस प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारित किया था,जिसमें नाबालिग का नाम भी बताया गया था। यह मामला 2016 की एक स्नढ्ढक्र से शुरू हुआ था, जिसमें मालीवाल पर यौन उत्पीड़न पीड़ितों की पहचान गोपनीय रखने वाले नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया था। शिकायत के अनुसार, 22 जुलाई 2016 को दिल्ली महिला आयोग ने बुराड़ी के स्॥ह्र को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें 14 साल की एक दलित लड़की का नाम लिखा गया था। लड़की की यौन उत्पीड़न के बाद मौत हो गई थी। आज सभी सबूतों की जांच करने के बाद, अदालत ने मालीवाल या अन्य आरोपियों को दोषी ठहराने का कोई आधार नहीं पाया और इस करीब 10 साल पुराने मामले को खत्म कर दिया।

### दुकान के सामने शराब पीने सो रोका था, दबंगों ने बुरी तरह पीटा; सिर में आए 25 टांके

**नई दिल्ली , एजेंसी।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में दुकान के सामने शराब पीने से रोकने पर दबंगों ने हलवाई और उनके बेटे पर हमला कर दिया। पलटे से हमला कर हलवाई को लहूलुहान कर दिया। उनके सिर में 25 टांके आए हैं। डासना गेट निवासी सुरेश सक्सेना की करहेड़ा में हलवाई की दुकान है। उनके बेटे हितेश ने बताया कि 10 अगस्त को करहेड़ा में रहने वाले दिनेश, भूरी, कालू और सूरज दुकान के पास शराब पीने लगे। इस पर उनके पिता ने दुकान के सामने से हटने के लिए कहा। इस पर चारों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने दुकान में रखा पलटा उठाया और पिता के सिर पर कई वार किए। चारों ने उनके भाई अंकित को भी पीटा। दोनों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद चारों जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। हितेश के अनुसार दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। अस्पताल ने उनके पिता की हालत चिंताजनक बनी हुई है और अभी तक उन्हें होश भी नहीं आया है। उनके सिर में 25 टांके आए हैं।

### दिल्ली की अदालतों में मिल रही तारीख पर तारीख, परेशान होकर लोगों ने केस लड़ना ही छोड़ा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** तारीख पर तारीख...और फिर अगली तारीख! राजधानी की जिला अदालतों में यही सिलसिला चल रहा है। वर्तमान में राजधानी दिल्ली की सात जिला अदालतों में 15,62,533 लाख मुकदमों का बोझ है। इनमें से 2,19,040 लाख सिविल मुकदमे हैं, जबकि 13,43,493 आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। 3.18 लाख मामले वकीलों के पेश नहीं होने से अटके पड़े हैं, जो कि कुल लंबित मामलों का करीब 20 प्रतिशत कारण है। वहीं, 2.21 लाख मुकदमों पर किन्हीं कारणों से स्टे लगा हुआ और 26 हजार से अधिक मुकदमों में भगोड़े अपराधियों ने न्याय की रफ्तार को धीमा कर दिया है।

# दुर्लभ है यह सुर मिलाप; किसके लिए एकजुट हो गए हैं दोनों गांधी परिवार





**नई दिल्ली , एजेंसी।**
दशकों से वैचारिक और पारिवारिक दूरी निभा रहे दो गांधी परिवारों का सुर दिल्ली-एनसीआर के कुत्तों के लिए मिल गया है। राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी, चेचेरे भाई वरुण गांधी और वरुण की मां मेनका गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर निराशा जाहिर की है। सभी ने दिल्ली-एनसीआर के उन कुत्तों के लिए हमदर्दी जाहिर की है जिन्हें सर्वोच्च अदालत ने 8 सप्ताह के भीतर शेल्टर हाउस में भेजने को कहा है। यह काफी दुर्लभ कि वर्षों पहले दो धारा में बंट गए परिवार की राय किसी मुद्दे पर एक हो।

लावारिस कुत्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 'एक्स पर पोस्ट कर इस निर्देश को दशकों से चली आ रही मानवीय और विज्ञान-आधारित नीति से एक कदम पीछे बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के फैसले क्रूर और अदूरदर्शी हैं और यह दयालुता को खत्म करते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि समय की मांग है कि सड़कों को बिना किसी क्रूरता के सुरक्षित रखने के लिए आश्रय स्थल, नसबंदी, टीकाकरण और सामुदायिक देखभाल जैसी व्यवस्थाएं की जाएं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी आवारा कुत्तों को ले जाने की प्रक्रिया के दौरान उनके साथ होने वाले अमानवीय व्यवहार पर चिंता जताई।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने का एक बेहतर और मानवीय तरीका खोजा जा सकता है, जिससे इन मासूम जानवरों की देखभाल हो सके और उनकी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कुत्ते सबसे सुंदर और कोमल प्राणी हैं और वे इस तरह की क्रूरता के योग्य नहीं हैं। राहुल और प्रियंका गांधी के चचेरे भाई और पूर्व सांसद वरुण गांधी ने भी आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर समान भावनाएं व्यक्त कीं। भाजपा नेता वरुण गांधी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जब राष्ट्र सहानुभूति से दूर हो जाते हैं, तो उन्हें गहरे नैतिक संकट का सामना करना पड़ता है। वरुण गांधी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का लावारिस कुत्तों पर स्वत- संज्ञान में दिया गया आदेश क्रूरता का संस्थागत रूप है और यह एक ऐसे कानूनी ढांचे की शुरुआत करता है, जो उन लोगों को दंडित करना चाहता है जो अपनी रक्षा स्वयं नहीं कर सकते। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही रवैया लावारिस गायों, वंचितों और अनधिकृत बस्तियों पर भी लागू होगा और यह कब तक जारी रहेगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद मेनका गांधी ने कहा, यह अमल करने योग्य आदेश नहीं है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी ऐसे व्यक्ति का अजीब फैसला है, जो गुस्से में है और गुस्से में दिए गए फैसले कभी समझदारी भरे नहीं होते। इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू करने की कठिनाइयों का भी उल्लेख किया। मेनका गांधी ने कहा कि दिल्ली में एक भी सरकारी आश्रय गृह नहीं है। ऐसे में सवाल है कि तीन लाख कुत्तों को आप कितने आश्रय गृहों में रखेंगे? इन आश्रय गृहों के निर्माण के लिए कम से कम 15 हजार करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

## जस्टिस वीके यादव को दिल्ली हाई कोर्ट का नया जज किया गया नियुक्त

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को रिटायर्ड ज्यूडिशियल ऑफिसर विमल कुमार यादव ने हाईकोर्ट के जज के रूप में शपथ ग्रहण की। इस नियुक्ति के साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट में जजों की संख्या अब 44 हो गई है, जो कि स्वीकृत 60 जजों की संख्या से अभी भी कम है। यह शपथ समारोह हिंदी में आयोजित हुआ, जिसकी कमान दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय ने संभाली।

विमल कुमार यादव का दिल्ली हाईकोर्ट के जज बनने का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। उनकी नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 28 जुलाई को मंजूरी दी थी, लेकिन यह पहली बार नहीं था जब उनका नाम चर्चा में आया। साल 2023 में कॉलेजियम ने उनके नाम पर विचार किया था, लेकिन तब उनकी नियुक्ति को मंजूरी नहीं मिली थी। इसके बाद, केंद्र सरकार ने पिछले साल उनके नाम को दोबारा विचार के लिए भेजा।

हालांकि, यादव की उम्र के कारण उनका कार्यकाल ज्यादा लंबा नहीं होगा, लेकिन उनकी नियुक्ति को उच्च न्यायपालिका के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को उनकी नियुक्ति को अंतिम मंजूरी दी। विमल कुमार यादव ने 1992 में दिल्ली ज्यूडिशियल सर्विस में कदम रखा और 2003 में दिल्ली हायर ज्यूडिशियल सर्विस का हिस्सा बने। इस साल जनवरी में, 60 साल की उम्र पूरी होने पर वे पटियाला हाउस कोर्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के पद से रिटायर हुए। अपने लंबे करियर में उन्होंने कई अहम भूमिकाएं निभाई, जिनमें 2008 से 2010 तक सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त रजिस्ट्रार और राउज एवेन्यू कोर्ट में सीबीआई जज के रूप में उनकी सेवा शामिल है। दिल्ली हाईकोर्ट में हाल ही में जजों की नियुक्ति का सिलसिला तेज हुआ है। 21 जुलाई को वी कामेश्वर राव, नितिन वासुदेव सांबरे, विवेक चौधरी, अनिल क्षत्रपाल, अरुण कुमार मोंगा और ओम प्रकाश शुक्ला सहित नौ नए जजों ने शपथ ली थी।

## दिल्ली में बस फोन चोरी होते हैं, मिलते नहीं ! रिकवरी रेट 2 प्रतिशत से भी कम; चौंका देंगे आंकड़े

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली में चोरी हुए या गुम हुए मोबाइल फोन की बरामदगी का आंकड़ा देश में सबसे खराब है। राष्ट्रीय औसत 24.5 प्रतिशत की तुलना में दिल्ली में केवल 1.87 प्रतिशत फोन ही वापस मिल पाए हैं। यह चौंकाने वाला खुलासा संचार साथी पोर्टल के आंकड़ों से हुआ है। दिल्ली में 8,22,694 फोन ब्लॉक किए गए। इनमें से 5,27,426 फोन को ट्रेस किया गया, लेकिन केवल 9,871 फोन ही बरामद हो पाए। यानी ट्रेस किए गए फोन का महज 1.87 प्रतिशत ही वापस मिला। यह आंकड़ा दिल्ली पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। दिल्ली के बाद पंजाब (10.98 प्रतिशत), बिहार (12.45 प्रतिशत), चंडीगढ़ (12.49 प्रतिशत) और नगालैंड (12.81 प्रतिशत) में भी बरामदगी की दर कम है, लेकिन ये दिल्ली से कई गुना बेहतर हैं। वहीं, लक्षद्वीप ने 100 प्रतिशत बरामदगी का रिकॉर्ड बनाया, हालांकि वहां केवल 13 फोन ब्लॉक हुए, जिनमें से 5 ट्रेस हुए और सभी बरामद कर लिए गए। अंडमान और निकोबार (56.09 प्रतिशत) और लद्दाख (51.46 प्रतिशत) ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। तेलंगाना ने सबसे ज्यादा 91,306 फोन बरामद किए, जो उसके ट्रेस किए गए 2,12,622 फोन का 42.8 प्रतिशत है। संचार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दिल्ली के खराब प्रदर्शन का ठीकरा पुलिस की लापरवाह कार्यशैली पर फोड़ा। उन्होंने कहा, यह बहाना कि फोन ट्रेस नहीं हो सकते, अब नहीं चलता। संचार साथी पोर्टल फोन को ट्रेस कर सकता है, जैसा कि आंकड़े दिखाते हैं। दूसरे राज्यों की पुलिस इस जानकारी पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन दिल्ली का 2 प्रतिशत से भी कम रिकवरी रेट शर्मनाक है। 18 जुलाई 2025 को संचार मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया था कि देशभर में 5 लाख से ज्यादा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

# 10 बजे के बाद दिल्ली में नहीं मिलेगी एंट्री



**नई दिल्ली , एजेंसी।**
15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने दिल्ली की सीमाओं पर कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए ट्रैफिक विभाग ने कहा कि कल रात 10 बजे, यानी गुरुवार की रात 10 बजे के बाद राजधानी में किसी भी तरह के व्यवसायिक वाहन को एंट्री नहीं दी जाएगी। इसकी घोषणा करते हुए पुलिस कमिश्नर दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा ये प्रतिबंध लाल किले पर व्यवस्थाएं पूरी होने तक लागू रहेंगी। उन्होंने बताया कि राजघाट की ओर जाने वाली रिंग पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। यहां सिर्फ वीआईपी पास वालों को ही एंट्री मिलेगी।

पिछले हफ्ते लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम चरण की तैयारियों पर चर्चा के लिए दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। इस दौरान दिल्ली पुलिस के मुख्यालय पर दो बैठकें हुईं। इस बैठक में जिला पुलिस उपायुक्त, स्पेशल पुलिस उपायुक्त, संयुक्त पुलिस उपायुक्त, लाल किले के क्षेत्रीय प्रभारी और सेक्टर प्रभारी मौजूद थे। इस दौरान लाल किले पर सुरक्षा की बहुस्तरीय व्यवस्था, ड्रोन रोधी सिस्टम और चेहरे की पहचान करने वाली तकीनीक पर भी चर्चा हुई। इस बैठक में संदिग्ध व्यक्तियों और गाड़ियों की आवाजाही के संबंध में सूचना की आवश्यकता पार बल दिया गया। राजधानी की सीमा पर अनाधिकृत घुसपैठ को रोकने के लिए उपायों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान घोषणा की गई कि दिल्ली की सीमाओं पर कल रात 10 बजे के बाद से भारी वाहनों को एंट्री नहीं दी जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक संचानल व्यवस्था और उनके मैनेजमेंट को लेकर भी चर्चा की गई। दिल्ली पुलिस आयुक्त एसबीके सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान और चंडीगढ़ के कई सीनियर पुलिस अधिकारियों को भी बुलाया गया था। पुलिस अधिकारियों के अलावा इस बैठक में केंद्रीय खूफिया एजेंसियों और प्रवर्तन एजेंसियों के सदस्यों को भी बुलाया गया था।

# बड़ा रेल हादसा: 35 डिब्बे पटरी से उतरे... कई डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़े



**वाशिंगटन , एजेंसी।**
अमेरिका के टेक्सास में एक बड़ा रेल हादसा सामने आया है, जहां यूनियन पैसिफिक ट्रेन के करीब 35 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा गॉर्डन कस्बे के पूर्व में हुआ, जो फोर्ट वर्थ से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। हालांकि, इस भयावह दुर्घटना में अब तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

गॉर्डन के पास यह हादसा तब हुआ जब यूनियन पैसिफिक की मालगाड़ी ट्रैक पर से फिसल गई। इस भीषण के बाद घटनास्थल पर डिब्बों का ढेर लग गया, कई डिब्बे एक-दूसरे के ऊपर चढ़े हुए नजर आए।

पेलो पिंटो काउंटी इमरजेंसी सर्विसेज डिस्ट्रिक्ट ने हादसे को खतरनाक और चिंताजनक बताया है। आसपास के क्षेत्र में घास में आग लगने की भी पुष्टि हुई, जिसे दमकल विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझा दिया।

फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि ट्रेन किन सामग्रियों को ले जा रही थी। हालांकि राहत की बात यह है कि किसी भी डिब्बे से रसायन या अन्य खतरनाक सामग्री के रिसाव की सूचना नहीं है।

यूनियन पैसिफिक की प्रवक्ता रोबिन टिसवर ने बताया कि, घटनास्थल पर फायर डिपार्टमेंट और रेलवे की टीमें मौजूद हैं। आग को काबू में कर लिया गया है और डिब्बों की स्थिति की निगरानी की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि रेल ट्रैफिक को जल्द बहाल करने के लिए ट्रैक की मरम्मत का काम जल्द शुरू होगा। साथ ही, सभी डिब्बों को हटाने के लिए क्रेन और भारी मशीनरी मौके पर पहुंच चुकी है। राहत कार्यों में तेजी लाई जा रही है। लोगों को हादसे वाली जगह से दूर रहने की अपील की गई है ताकि बचाव कार्य में बाधा न आए।

## लॉस एंजिलिस में बुजुर्ग सिख व्यक्ति को बेरहमी से पीटा

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।**
अमेरिका के लॉस एंजेलिस में एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। हमले में बुजुर्ग के सिर में फ्रैक्चर और संभावित मस्तिष्क आघात हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि हमले के संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना 4 अगस्त की है, जब 70 वर्षीय बुजुर्ग हरपाल सिंह लॉस एंजिलिस में सिख गुरुद्वारे के पास सैर कर रहे थे। उसी दौरान एक रिचर्ड विटाग्लियानो नामक व्यक्ति ने हरपाल सिंह पर हमला कर दिया। रिचर्ड बेघर है।

घृणा अपराध न मानने पर लोगों में नाराजगी

लॉस एंजिलिस पुलिस ने मंगलवार को बताया कि 44 वर्षीय विटाग्लियानो को हरपाल सिंह पर निर्मम हमले के लिए सोमवार को गिरफ्तार किया गया। विटाग्लियानो पर घातक हथियार से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है और उसकी जमानत 11 लाख अमेरिकी डॉलर तय की गई है। वहीं सिख अधिकार समूह द सिख कोलिशन ने कहा कि सिंह पर हुए क्रूर हमले के लिए संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन पुलिस इस मामले की घृणा अपराध के रूप में जांच नहीं कर रही है। संगठन और समुदाय के कई लोगों ने इसे घृणा अपराध न मानने पर नाराजगी जताई। हमले के दौरान हरपाल सिंह को बहुत गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## आयरलैंड के राष्ट्रपति हिगिंस ने भारतीयों पर हमलों की निंदा की

**डबलिन/लंदन, एजेंसी।** आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस ने मंगलवार को भारतीयों पर हुए घृणित हमलों की निंदा की। वहां भारतीयों के योगदान का भी जिक्र किया। हिगिंस ने कहा कि ये हमले आयरलैंड के मूल्यों के बिल्कुल विपरीत हैं।

उनका यह बयान डबलिन और अन्य शहरों में भारतीयों पर हुए हिंसक हमलों के बाद आया है। हिगिंस ने कहा, भारत के लोगों को हम प्रिय मानते हैं। आयरलैंड में किसी भी व्यक्ति, खासकर किसी युवा को छल-कपट या उकसावे के जरिये इस तरह के व्यवहार में घसीटने की कड़ी निंदा होनी चाहिए। चाहे ऐसा उकसावा अज्ञानता से उपजा या दुर्भावना से, इससे होने वाले नुकसान को स्वीकार करना जरूरी है। ऐसे कृत्य हमे कमजोर करते हैं। राष्ट्रपति हिगिंस ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारतीय चिकित्सा, नर्सिंग, देखभाल संबंधी व्यवसायों, सांस्कृतिक जीवन, व्यापार और उद्यम जैसे कुछ क्षेत्रों में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों की उपस्थिति, कार्य, संस्कृति हमारे जीवन के लिए समृद्धि और उदारता का स्रोत रही है। राष्ट्रपति ने कहा, आयरलैंड के भारत के साथ संबंध न तो नए हैं और न ही सतही। आयरिश राष्ट्रपति ने इस वर्ष की शुरुआत में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया।

# पीएम विक्टर ओर्बन का दावा: रूस जीत चुका युद्ध...यूक्रेन को अब मदद बंद करो, पश्चिमी देश स्वीकार कर लें सच्चाई !





**हंगरी, एजेंसी।**
हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल मचा देने वाला बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि रूस ने यूक्रेन युद्ध जीत लिया है और यूक्रेन पराजित हो चुका है। ओर्बन का कहना है कि अब असली सवाल यह है कि पश्चिमी देश कब और किन परिस्थितियों में इस सच्चाई को स्वीकार करेंगे। ओर्बन का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर सम्मेलन होने वाला है। हंगरी के प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि वह यूक्रेन को सैन्य सहायता देने के खिलाफ हैं, क्योंकि इससे युद्ध लंबा खिंचेगा, न कि खत्म होगा।

यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में ओर्बन ने कहा- यूक्रेन युद्ध अब खुला संघर्ष नहीं रहा। रूस युद्ध जीत चुका है. सवाल सिर्फ इतना है कि पश्चिमी समर्थक देश इसे कब मानेंगे और इसके क्या परिणाम होंगे।उन्होंने यूरोपीय संघ में यूक्रेन की सदस्यता का भी विरोध किया, यह तर्क देते हुए कि इससे हंगरी के किसानों और अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा। साथ ही, ओर्बन का कहना था कि यूरोप ने जो बाइडेन के कार्यकाल में पुतिन से वार्ता का अवसर गंवा दिया, और अब यह खतरा है कि यूरोप का भविष्य उसकी भागीदारी के बिना ही तय हो जाएगा। ओर्बन ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा- अगर आप बातचीत की टेबल पर नहीं हैं, तो आप मेनू में हैं।उन्होंने यूक्रेन पर यूरोपीय संघ के संयुक्त बयान को भी खारिज किया और कहा कि यह यूरोप को हास्यास्पद और दयनीय बनाता है। 2010 से सत्ता में बने हुए ओर्बन यूरोप में उन गिने-चुने नेताओं में से हैं, जिन्होंने रूस के साथ अपने रिश्ते बनाए रखे हैं। 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद भी हंगरी ने पुतिन से दूरी नहीं बनाई और अपनी अधिकांश ऊर्जा आपूर्ति रूस से ही ली। साथ ही, हंगरी ने यूक्रेन को हथियार भेजने से भी साफ इनकार किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा संघर्ष मोर्चा ने निरसा में निकाली तिरंगा यात्रा

**निरसा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को युवा संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में काफी संख्या में युवा शामिल हुए, मोर्चा के संयोजक दिलीप सिंह ने कहा



कि देश प्रेम के लिए प्रत्येक युवा के दिल में तिरंगे का सम्मान होना जरूरी है, युवाओ को जागरूक होना जरूरी है , पूरा भारत आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यात्रा में निरसा से भारत स्वाभिमान के जिला संयोजक मंजीत सिंह चुनाव आइकॉन श्वेता किन्नर,मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, सांसद प्रतिनिधि बॉबी पांडेय, पप्पू सिंह, पंख एक नई दिशा की पिंकी गुप्ता,राम जी रॉय, हरिशंकर सिंह, रणजीत कुमार बिल्लू, मानस रंजन पाल, गुरुचरण सिंह, युवा प्रभारी मनोज शाव, प्रेम प्रकाश सिंह, निखिल गोयल, रिपु सुदन सिंह सतीश सिंह, धनंजय रॉय, मुख्य रूप से शामिल हुए ।

### यूपीएससी 2024 में सफल अभ्यर्थियों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिले के वे अभ्यर्थी, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा 2024 में सफलता हासिल की है, ने बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी सफल उम्मीदवारों



को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता केवल व्यक्तिगत मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि यह पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उपायुक्त ने राज कुमार महतो, आर्यन महेंद्र एवं पीयूष को प्रशासनिक सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और समर्पण के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने इस सफलता को अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि जिले के युवा इन उपलब्धियों से सीख लेकर अपनी दिशा तय कर सकते हैं। वहीं, सभी अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन के सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वे अपने कार्यों से जिले और राज्य का नाम रोशन करने का प्रयास करेंगे।

### भाजपाइयों ने चास में निकाली तिरंगा यात्रा, उमड़ा जनसमूह

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हर घर तिरंगा अब एक जन जागरण अभियान बन चुका है। इसको लेकर सभी वर्गों का समर्थन तिरंगे के सम्मान में दिख रहा है। यह बातें बोकारो के पूर्व विधायक बिरंचि नारायण ने तिरंगा यात्रा के बाद मीडिया से बात करते हुए कही। भारतीय जनता पार्टी और देश



के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा बोकारो जिला कमेटी के द्वारा आज जन जागरण अभियान के तहत चास के धर्मशाला मोड़ से चेक पोस्ट भारत माता मूर्ति के समक्ष तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा के नेता कार्यकर्ता और आम लोग शामिल हुए। इस दौरान ब्रह्मोस मिसाइल का कट आउट भी लेकर भाजपा के नेता चल रहे थे। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री का हर घर तिरंगा अभियान एक जन जागरण बन चुका है। इसमें सभी लोग हिस्सा ले रहे हैं। तिरंगा यात्रा में सभी वर्ग सभी समुदाय और सभी लोगों का समर्थन मिल रहा है।

### वृक्षारोपण कर मनाई पुण्य तिथि

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** माता शिलवंती की पुण्य तिथि वृक्षारोपण दिवस के रूप में आयोजित कर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के पर्यावरण रक्षकों द्वारा दर्जनों औषधीय, फलदार एवं फूल वाले पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के सभी पर्यावरण रक्षकों ने माता शिलवंती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलते हुए प्रकृति की रक्षा का संकल्प लिया। महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल' ने माता शिलवंती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अपने पति 'पर्यावरण-मित्र पं. गौरी शंकर ओझा जी' के संग मिलकर अपने जीवन को समर्पित करनेवाली माता शिलवंती की पुण्य स्मृति में हर वर्ष इनकी पुण्य तिथि 13 अगस्त को वृक्षारोपण दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

### नीरज सिंह हत्याकांड में फैसला 27 अगस्त को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट 27 अगस्त को अपना फैसला सुनायेगा. 21 मार्च 2017 को धनबाद के सरायढेला में नीरज सिंह समेत 4 लोगों की हत्या कर दी गयी थी. मृतकों में नीरज सिंह के अलावा उनके अंगरक्षक और 2 अन्य लोग शामिल थे. संजीव सिंह का नाम इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया था. नीरज सिंह की हत्या के पीछे कोयला कारोबार और झरिया की राजनीति में वर्चस्व की लड़ाई को बताया जाता है. धनबाद के डिप्टी मेयर नीरज सिंह और उनकी हत्या के आरोपी संजीव सिंह दोनों धनबाद के एक ही राजनीतिक परिवार से हैं.

# पूर्वाभ्यास के क्रम में डीसी-एसपी ने परेड का किया निरीक्षण, तिरंगे को दी सलामी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 79 वां स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। बुधवार को सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। निरीक्षण उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मुख्य समारोह के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड से संबंधित कई दिशा - निर्देश दिए। परेड में सीआरपीएफ का एक प्लाटून, सीआइएसएफ का एक प्लाटून,जिला सशस्त्र बल का एक प्लाटून, जिला बल पुरुष का एक प्लाटून, जिला बल महिला का एक प्लाटून ,गृह रक्षक बल का एक प्लाटून, चौकीदार पुरूष - चौकीदार महिला बल का एक - एक प्लाटून, एनसीसी का एक प्लाटून एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का तीन प्लाटून शामिल रहा।





इधर,स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर पुलिस लाइन मैदान की रंगाई-पुताई कर आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। परेड के अंतिम पूर्वाभ्यास का आज जायजा लिया। सभी प्लाटूनों ने निर्धारित समय पर कार्यक्रम को पूरा किया है। बारिश को देखते हुए ऐतिहातन कुछ और अतिरिक्त व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा झ्र निर्देश दिया है। सभी प्रवेश द्वारों पर दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी/जवान तैनात रहेंगे। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, जिला नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# साइबर अपराध में फंसना नहीं, सतर्क रहना है : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला परिषद सभागार में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' योजना अंतर्गत एक दिवसीय साइबर फ्रॉड एवं साइबर सुरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय नाथ झा, जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, उप विकास आयुक्त शताब्दी

**साइबर फ्राड एवं सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन**





मजूमदार आदि ने उपस्थित छात्राओं, सभी सीडीपीओ/ महिला पर्यवेक्षिकाओं को संबोधित करते हुए साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए और सतर्क रहने की अपील किया।

**गलती छुपाना नहीं, स्वीकार करना ही सही रास्ता**

मौके पर उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि अगर कोई गलती अनजाने में बेटियों से हो जाती है, तो उसे छुपाना नहीं चाहिए। उसे स्वीकार करना चाहिए और तुरंत अपने अभिभावक या शिक्षक को बताना चाहिए। ऐसा करने से आपका व्यक्तित्व हमेशा पवित्र बना रहेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे छुपाना गंभीर परिणाम ला सकता है। एक गलती छुपाने के लिए कई गलतियां करनी पड़ती हैं और यह जीवन में सही राह से भटका सकता है। जीवन में कभी भी शॉर्टकट की प्रवृत्ति नहीं अपनानी चाहिए। वर्तमान समय में मोबाइल के बिना इस्तेमाल के नहीं रहा जा सकता है, ऐसे में साइबर फ्राड में फंसना नहीं है, सतर्क रहना है। एआइ के युग में हमें और ज्यादा सतर्कता बरतनी है। किसी भी तरह की सामग्री जिससे निजता प्रभावित होती है, उसे शेयर नहीं करना है, साफ इंकार कर देना है। उपायुक्त ने बेटी हो बधाई हुई है. के कार्यक्रम संबंध में भी बेटियों-सीडीपीओ/एलएस को अवगत कराया। कहा कि अपने आसपास में अगर कहीं बेटी का जन्म हो तो, उनके अभिभावक को गुलदस्ता देकर/मिठाई खिलाकर सम्मानित करें। आज बेटा - बेटी में कोई भेद नहीं है। दोनों को सामान अधिकार है, दोनों को सामान अवसर मिलना चाहिए।

**साइबर ठगी के तरीके और बचाव की दी जानकारी**

कार्यशाला में मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता और अन्य प्रशिक्षकों रविंद्र कुमार, महिला थाना प्रभारी आदि ने साइबर अपराध के प्रकार, उसके माध्यम और रोकथाम पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी मोबाइल कॉल, सोशल मीडिया, ई-मेल और ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए हो सकती है। ऐसी किसी भी घटना में तुरंत डायल 1930 या www.cyber.gov.in पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए, ताकि समय रहते नुकसान को रोका जा सके।

**उप विकास आयुक्त ने साझा किया अपना अनुभव**

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने अपने संबोधन में अपने साथ घटित एक साइबर फ्रॉड मामले का उदाहरण सबों के बीच साझा किया और कैसे उन्होंने इससे बचाव किया बताया। कहा कि ऐसे मामलों में घबराने के बजाय उपलब्ध सुरक्षा माध्यमों का इस्तेमाल करना चाहिए। अपने अभिभावक-विद्यालय के शिक्षक के समक्ष बात रखें। साइबर थाना - थाना को घटना की त्वरित जानकारी दें।

**बेटियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना उद्देश्य**

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता ने बताया कि यह कार्यशाला 'बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत आयोजित की गई, जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं, सभी बाल विकास कार्यक्रम पदाधिकारी (सीडीपीओ), महिला पर्यवेक्षिका (एलएस) आदि शामिल हुए। इसका उद्देश्य सभी प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहने के लिए किया गया। आगे यह कार्यक्रम जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में किया जाएगा।

**नशा मुक्ति अभियान के पांच वर्ष होने पर दिलाई शपथ**

मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने नशा मुक्ति अभियान के पांच वर्ष पूरे होने पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्त समाज गठन को लेकर नशा मुक्ति का शपथ दिलाया। कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते है। अतः यह अति आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में सर्वाधिक संख्या में युवा जुड़े। देश की इस चुनौती को स्वीकार करते हुए हम आज नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत एक जुट होकर प्रतिज्ञा करते हैं कि न केवल समुदाय, परिवार, मित्र, बल्कि स्वयं को भी नशामुक्त कराएंगे, क्योंकि बदलाव की शुरूआत अपने आप से होनी चाहिए। इसलिए आइए हम सब मिलकर अपने जिलें / राज्य (झारखण्ड) को नशामुक्त कराने का दृढ़ निश्चय करें। मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने देश को नशामुक्त करने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर सम्भव प्रयास करूँगा। जय हिन्द, जय झारखंड! उपस्थित सभी ने इसका दोहराव किया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत, जेएसएलपीएस, सहयोगिनी एवं पीएमयू टीम के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिनोद बिहारी महतो जनजातीय कन्या उच्च विद्यालय राजगंज में विद्यालय परिवार व बिनोद ज्ञान ज्योति ट्रस्ट द्वारा शोषणमुक्त झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के नेता,झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य सह तृतीय अध्यक्ष स्व शिबू सोरेन के स्मृति शेष पर आयोजित श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें झामुमों के रतिलाल टूडू ने स्व शिबू सोरेन के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दिया। श्री टूडू ने कहा कि गुरु जी हमारे नेता नहीं अपितु हमारे भगवान हैं,उन्होंने शोषित पीड़ित बंचित दलित, मूलवासियों, आदिवसियों के अधिकार के लिए जो संघर्ष किया उसे स्वप्न में भी भुलाया नहीं जा सकता है। हम उनके पथ पर चलकर झारखंड के लिए कुछ अच्छा



कर पाएं तो यह हमारे लिए सौभाग्य की बात होगी। इस मौके पर विद्यालय परिवार ने रतिलाल टूडू सहित सभी आगन्तुक अतिथियों को पौधा भेंट किया। इस सभा मे मुख्य रूप से शंकर किशोर महतो,पूनम देवी,मनसा राम मुर्मू, गिरधारी मेहता, महेंद्र महतो, चुन्नीलाल अग्रवाल,जितेन्द्र महतो, उलाल महतो,धनन्जय प्रसाद महतो, राकेश महतो,आदि कई गणमान्य लोगों ने भी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## बोकारोः डकैती मामले में छह अभियुक्तों को कोर्ट ने किया रिहा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश गरिमा मिश्रा की अदालत ने सबूत के अभाव में सत्र वाद संख्या 170/22 के तहत डकैती के एक मामले में छह अभियुक्तों को रिहा कर दिया। रिहा किए गए अभियुक्तों में शहनवाज अहमद, जितेंद्र कुमार, मोहम्मद मिजान, अमीर अंसारी, अफताब आलम और एक अन्य शामिल हैं। यह मामला बलिडीह थाना कांड संख्या 178/2020 से संबंधित था, जिसमें अभियुक्तों पर डकैती का आरोप लगाया गया था। अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए गए तर्कों और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए सबूतों को अपर्याप्त माना गया, जिसके कारण सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया गया। यह मामला 2020 में बलिडीह थाना क्षेत्र में दर्ज किया गया था, और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद आज कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 की तैयारी को लेकर आज उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से गोल्फ ग्राउंड में आयोजित फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सीएपीएफ, सीआइएसएफ , आरपीएसएफ , झा.स.पु-3, डीएपी-1 पुरुष , डी0 ए0 पी0-2 महिला, गृहरक्षक, ग्रामीण पुलिस बल,एनसीसी कैडेट्स,भारतीय स्काउड एवं गाईड, बैंड दल निर्धारित क्रम में परेड में शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और सटीक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम के दौरान



सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, पेयजल, चिकित्सा सुविधा, मंच सज्जा और अतिथियों के स्वागत से संबंधित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल एवं यातायात कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समारोह के दिन किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़ या अव्यवस्था न हो तथा सभी आगंतुकों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में पूर्वाह्न 9:00 बजे उपायुक्त द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10:00 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में 10:20 बजे पूर्वाह्न, मिश्रित भवन में 10:30 बजे पूर्वाह्न, गांधी सेवा सदन 10:40 बजे पूर्वाह्न, रेड क्रॉस सोसाइटी में 10:50 बजे पूर्वाह्न तथा पुलिस लाइन धनबाद में 11:00 बजे पूर्वाह्न में झंडोत्तोलन किया जाएगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ने केन्द्रीय विद्यालय में मेगा डेंटल कैंप का किया आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1, सेक्टर-4, बोकारो में एक मेगा डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बोकारो डेंटल एसोसिएशन के 25 विशेषज्ञ दंत चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस आयोजन का समन्वय डेंटल कैंप चेयरपर्सन रोटेरियन डॉ. जॉन लियू द्वारा किया गया। शिविर में विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षक व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष यू. जयकुमार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया, जिसके फलस्वरूप यह कार्यक्रम अत्यंत रोटेरियन घनश्याम दास, सचिव, रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने बोकारो डेंटल एसोसिएशन के सभी डॉक्टरों, डॉ. जॉन लियू, विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार एवं यू. जयकुमार को उनके अमूल्य सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## इस्कॉन द्वारा मनाया जा रहा श्री वृंदावन महोत्सव

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्कॉन कुसुम विहार के द्वारा श्री वृन्दावन महोत्सव मनाया जा रहा है जो 16 अगस्त तक चलेगा। महोत्सव कम्यूनिटी हॉल कोयलानगर में मनाया जा रहा है। इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने बताया कि इस वर्ष नरसी मेहता कथा का आयोजन किया गया है। तीन दिन के उत्सव में प्रथम दिन कथा कीर्तन, दूसरे दिन अधिवास, कथा एवं कीर्तन और तीसरे दिन अर्थात जन्माष्टमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, नरसी मेहता लीला पर विशेष नाटिका, अभिषेक भोग का



आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के तीनों दिन भक्तों के मध्य महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सुंदर प्रभु ने बताया कि जगन्नाथ रथ यात्रा के पश्चात से ही आश्रम से जुड़े भक्त जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में लग गए थे और जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य बनाने के लिए अपना योगदान दे रहे है।जन्माष्टमी महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली, गुजरात कोलकाता और अन्य स्थानों से सीनियर भक्त आ चुके है और धनबाद के भक्तों के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारी में भाग ले रहे है।

# पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय के साथ कार्य करें : डीडीसी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पंचायती राज भारत सरकार के निर्देश पर आज कैंप टू स्थित न्याय सदन के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार एवं जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो शफीक आलम, सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संबंधित अधिकारियों को आगामी पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 में बेहतर परिणाम लाने के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्राम पंचायतों की क्षमता वृद्धि, सुशासन और सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को आपसी समन्वय के साथ जिले में बेहतर कार्य करने की बात कहीं।

**प्रखंड स्तर पर विशेष प्रयास करने और महिला मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर-**




उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने सभी बीडीओ एवं जन प्रतिनिधियों से बैंक, महिला समूह, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला समूहों को उपलब्ध फंड का सही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा यह देखा जाए कि राशि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में योगदान दे रही है या नहीं। उन्होंने मनरेगा के सभी पैरामीटर में जहां पिछड़ापन है, वहां सुधार हेतु प्रखंड स्तर पर विशेष प्रयास करने और महिला मजदूरों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर आधारित पुस्तक का विमोचन-**

कार्यक्रम में इस अवसर पर जिले के पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों को पंचायत उन्नति सूचकांक के उद्देश्यों, मापदंडों एवं कार्यान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही जिले के उच्च प्रदर्शन करने वाले पंचायतों एवं प्रखंडों को सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की गई।

**प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया-**

पंचायत उन्नति सूचकांक में अच्छे रैंक लाने वाले ग्राम पंचायत हजारी, स्वांग उतरी, कोह इत्यादि पंचायत के मुखिया, संबंधित प्रमुख एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को उप विकास आयुक्त श्रीमती शताब्दी मजूमदार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पंचायतीराज पदाधिकारी मो शफीक आलम एवं पंचायतीराज विभाग रांची से आए मास्टर ट्रेनर श्री कृष्ण चौधरी ने सूचकांक से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। मौके पर डीपीएम अभिषेक कुमार, जिला पंचायत कार्यालय के सभी कर्मी सहित सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राष्ट्रध्वज का अपमान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो : हिन्दू जनजागृति समिति

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रध्वज राष्ट्र की अस्मिता है। 15 अगस्त को राष्ट्रप्रेमी एवं देशभक्त नागरिकों द्वारा बड़े स्वाभिमान के साथ राष्ट्रध्वज देशभर में लहराये जाते हैं। परन्तु उसी दिन कागज/प्लास्टिक के छोटे छोटे राष्ट्रध्वज सडकों और नालों में फटी हुई अवस्था में पड़े मिलते हैं, यह राष्ट्रीय अस्मिता के दृष्टि से खेदजनक है। इस संदर्भ न्यायालय के निर्णय तथा कानून होते हुए भी, उसका सरकार द्वारा योग्य पद्धति से पालन नहीं किया जाता है। इस संदर्भ में हिंदू जनजागृति समिति की ओर से जिला उपायुक्त, बोकारो तथा पुलिस अधीक्षक, बोकारो को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर समिति के अमित तिवारी और राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। राष्ट्रध्वज का यह अनादर रोकने के लिए हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा मुंबई उच्च न्यायालय में जनहित याचिका (103/2011) प्रविष्ट की गई थी । इस संबंध में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने प्लास्टिक के राष्ट्रध्वज द्वारा होनेवाला अपमान रोकने का आदेश सरकार को दिया था। उसके अनुसार केंद्रीय और राज्य गृह विभाग तथा शिक्षा विभाग ने इससे संबंधित परिपत्रक भी निकाला था । इसके साथ ही केंद्र सरकार ने भी 'प्लास्टिक बंदी' का निर्णय लिया है । उसके अनुसार भी 'प्लास्टिक के राष्ट्रध्वजों का विक्रय करना' कानूनन अपराध है । यह 'प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1950' तथा 'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971' का उल्लंघन है । इस का उपयोग करके सरकार को राष्ट्रध्वज का होनेवाला अपमान रोकने हेतु सक्त कदम उठाने चाहिए, ऐसी मांग समिति की ओर से की है। इसमें प्लास्टिक के राष्ट्रध्वज द्वारा होनेवाला अपमान रोकने के लिए विविध माध्यमों से जनजागृति करना अभिप्रेत है (उदा. पत्रक, फलक तथा विज्ञापनों द्वारा उद्बोधन)।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com